हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 27.12.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 155 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## विलक्षण प्रतिभा के धनी 17 बच्चों को राष्ट्रपति ने पीएम बाल पुरस्कार से किया सम्मानित

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर सात कैटेगरी में 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दिए। यह पुरस्कार उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए दिया गया है। पुरस्कृत बच्चों की प्रतिभा सभी को कौतूहल से भर देती है। चाहे पश्चिम बंगाल के तीन वर्षीय शतरंज खिलाड़ी अनीश सरकार हों या फिर सेरेबल पाल्सी से ग्रसित 17 साल के व्यास ओम जिग्नेश, सभी की प्रतिभा न केवल लोगों को अचंभित करती है बल्कि गर्व से भर देती है। सभी 17 बाल वीर पुरस्कार विजेताओं की कहानी अपने आप में अनूठी और प्रेरणादायक है।

तीन साल के अनीश सरकार ने चेस की दुनिया में रचा इतिहास महज तीन साल के अनीश सरकार विलक्षण प्रतिभा के धनी हैं। पश्चिम बंगाल के रहने वाले 3+ वर्षीय शतरंज खिलाड़ी अनीश सरकार ने 1,555 की प्रभावशाली रेटिंग के साथ दुनिया के सबसे कम उम्र के एफआईडीई-टैंक वाले खिलाड़ी के रूप में इतिहास रच दिया है। बेजोड़ क्षमता का प्रदर्शन करते हुए अनीश ने राज्य अंडर-1 टूनामेंट में शुरूआत की, 8 में से 5.5 अंकों का उत्कृष्ट स्कोर हासिल किया और



इस प्रक्रिया में दो रेटेड विरोधियों को हराकर 24 वां स्थान प्राप्त किया। प्रसिद्ध भारतीय ग्रैंडमास्टर दिब्येंदु बरुआ के मार्गदर्शन में इतनी कम उम्र में अनीश की उपलब्धियां उनके असाधारण कौशल, लगन और प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं। अनीश सरकार को खेल के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कश्मीर के 12 वर्षीय सूफी गायक अयान सज्जाद ने अपने भावपूर्ण कश्मीरी गीतों और नातों के साथ स्थानीय संगीत उद्योग और सोशल मीडिया को विशेष रूप से प्रभावित किया है। उनकी उपलब्धियों में "बेदर्द दाद चाने," "जाने जानान," और "गो क्या मलाल यारस" (2023-2024) जैसे हिट्स के लिए यूट्यूब और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक लोकप्रियता हासिल करना शामिल है। अयान के प्रयास उनकी पीढ़ी को कश्मीरी संस्कृति से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

14 वर्षीय लेखिका और विकलांगता अधिवक्ता केया हटकर ने स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) की चुनौतियों को पार किया है, जो एक दुर्लभ, अपक्षयी और संभावित रूप से जीवन के लिए खतरा पैदा करने वाली आनुवंशिक स्थिति है। वे 'डांसिंग ऑन माई व्हील्स' और 'आई एम पॉसिबल!' की बेस्टसेलिंग लेखिका हैं। अपनी साहित्यिक उपलब्धियों के अलावा केया ने गैर-लाभकारी पहल 'आई एम पॉसिबल' और 'एसएमए-एआरटी' की स्थापना की और प्रेरक वाताएं तथा दिव्यांगता के बारे में जागरुकता बढ़ाई।

अहमदाबाद में रहने वाले 17 वर्षीय व्यास ओम जिग्नेश सेरेब्रल पाल्सी एमआर 90 प्रतिशत से पीड़ित हैं। लेकिन उन्हें सुंदरकांड और श्रीमद्भगवद्गीता सहित 5000 से अधिक संस्कृत श्लोक याद है। अपनी चुनौतियों के बावजूद पूरे भारत में 500 से अधिक स्टेज शो किए हैं और दिव्यांग व्यक्ति के रूप में अपने भक्ति गीत पाठ के लिए लोकप्रिय हैं। 14 वर्षीय हरिकथा कलाकार और समर्पण भाव से कर्नाटक संगीत सीखने वाली जननी नारायणन ने अपनी कहानी कहने और संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 100 से अधिक बार तमिल, अंग्रेजी और संस्कृत में प्रस्तुति दी है। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कर्नाटक संगीत और कहानी कहने की प्रतियोगिताओं में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है और सुधार्णव अकादमी की पद्म भूषण पुरस्कार विजेता डॉ. सुधा रघुनाथन उनकी मेंटर (गुरु) हैं। वे तमिलनाडु सरकार द्वारा कलाई इलमानी पुरस्कार (2023-2024) सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त कर चुकी हैं।

### मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

## राज्य में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमन्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा जिला अस्पतालों का हेल्थ सर्किट बनाया जाए ताकि जरूरत के हिसाब से मरीजों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किया जा सके। इससे किसी एक अस्पताल पर मरीजों का ज्यादा दबाव नहीं पड़ेगा। इसके लिए जरूरी है कि सभी अस्पतालों में इलाज की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों को राज्य में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने राजधानी रांची के री- डेवलपमेंट प्लान तथा यातायात व्यवस्था को लेकर भी संबंधित अधिकारियों के साथ अहम बैठक की।




### सभी अस्पताल 24 घंटे फंक्शनल होना चाहिए

उन्होने कहा कि सभी सरकारी अस्पताल 24 घंटे फंक्शनल होना चाहिए। इस दिशा में चिकित्सक और पैरामेडिकल कर्मी अस्पतालों में हमेशा उपलब्ध होने चाहिए ताकि मरीज कभी भी आएं तो उनका इलाज सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पतालों को और बेहतर तथा अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करने का भी निर्देश दिया।

### सदर अस्पतालों को भी विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा मिले, अव्यवस्था की शिकायतें कम हो

मुख्यमंत्री ने सभी जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा उपलब्ध कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी ऐसी व्यवस्था हो, इस दिशा में भी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सक होने से मरीज को बेवजह मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में रेफर करने से भी काफी हद तक निजात मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पतालों में अक्सर अव्यवस्था की शिकायतें विभिन्न माध्यमों से मिलती रहती है। अस्पतालों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अस्पतालों में किसी मरीज को बेड नहीं मिल पाता है तो किसी को जांच करने में असुविधा होती है। ओपीडी में मरीजों की भीड़ लगी रहती है। अस्पताल में ऐसी अव्यवस्था नहीं दिखे, इसके लिए हॉस्पिटल मैनेजमेंट को मजबूत और दुरुस्त करें , ताकि मरीजों को इलाज से संबंधित सारी जानकारियां सहूलियत से मिल सके। अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन के लिए प्रोफेशनल्स की सेवा लें।

### किडनी मरीजों के पेरीटोनियल डायलिसिस की दिशा में आगे बढ़ें

मुख्यमंत्री ने कहा कि किडनी के मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में अस्पतालों में डायलिसिस के लिए मरीजों को लंबा इंतजार भी करना पड़ता है। इस कारण चिकित्सकों और पैरामेडिकल कर्मियों की व्यस्तता भी काफी बढ़ जाती है। ऐसे में किडनी मरीजों को पेरीटोनियल डायलिसिस के लिए सभी जरूरी दवाई और उपकरण उपलब्ध कराने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग आगे बढ़ें ताकि वे अपने घर पर खुद डायलिसिस कर सकें।

### कैंसर के मरीजों का डेटा तैयार करें, ताकि राज्य सरकार उनका बेहतर इलाज करा सके

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कैंसर के मरीज बड़ी संख्या में बढ़ रहे हैं। यह बीमारी लोगों को तेजी से अपनी गिरफ्त में लेता जा रहा है। ज्यादातर कैंसर के मरीज इलाज के लिए राज्य के बाहर के बड़े अस्पतालों में जाते हैं। ऐसे में अपने राज्य में कैंसर मरीजों का पूरा डेटा तैयार करें, ताकि उनके बेहतर इलाज की दिशा में राज्य सरकार आगे बढ़ सके।

### पांच नए मेडिकल कॉलेजों को पूरी तरह फंक्शनल बनाएं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के बेहतर संचालन की हो व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने राज्य में पांच नये मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण कार्य के प्रगति की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने कहा कि इन सभी अस्पतालों को जल्द से जल्द पूरी तरह फंक्शनल बनाएं ताकि मरीजों को रिम्स अथवा अन्य बड़े अस्पतालों में रेफर करने करने की व्यवस्था नियंत्रण में रहे। उन्होंने सुदूर और दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में अवस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के बेहतर संचालन के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया, ताकि ग्रामीण मरीजों को सामान्य बीमारियों के इलाजों के लिए इधर-उधर नहीं जाना पड़े। इस बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रिम्स की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए भी कई निर्देश दिए।

रिम्स परिसर में निमार्णाधीन क्षेत्रीय नेत्र संस्थान हर हाल में अगले वर्ष फरवरी तक शुरू हो जाना चाहिए। सभी विभागों के ओपीडी और जांच की सुविधा एक ही बिल्डिंग में उपलब्ध कराई जाए।

## कांग्रेस को अपनी संगठनात्मक शक्ति को बढ़ाना होगा : मल्लिकार्जुन खरगे




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कर्नाटक के बेलगावी में गुरुवार को कांग्रेस की विस्तारित कार्य समिति की बैठक में "नव सत्याग्रह" की शुरूआत हो गई। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उद्घाटन भाषण में कहा कि हमें अपनी संगठनात्मक शक्ति को बढ़ाना होगा। हमारे समर्थक जानना चाहते हैं कि हम अपने आप को शक्तिशाली बनाने के लिए क्या करने वाले हैं? वैसे लोग जो हमारे समर्थक नहीं है परन्तु केंद्र सरकार से अपनी उम्मीद खो बैठे हैं, वो भी जानना चाहते हैं कि हम कैसे अपने आप को मजबूत बनाएंगे।

बैठक शुरू होने से पहले मल्लिकार्जुन खरगे ने झंडोत्तोलन किया। उससे पहले पार्टी अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने मार्च किया। खरगे ने बैठक में शामिल पदाधिकारियों और नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि आज कांग्रेस के इतिहास में बहुत सुनहरा दिन है। गांधी जी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के सौवें वर्ष पर बेलगावी (बेलगांव) में महात्मा गांधी नगर में ऐतिहासिक नव सत्याग्रह बैठक हो रही है। 100 साल पहले यहीं 26 दिसंबर 1924 को 3 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली थी। इससे पहले मौलाना मुहम्मद अली जौहर कांग्रेस अध्यक्ष थे। इस मौके पर सेवादल के संस्थापक डा. एनएस हार्डिकर को याद कर मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। यहीं से कांग्रेस के इतिहास में रोज सुबह राष्ट्रीय ध्वज समारोह पूर्वक फहराने और शाम को उतारने का सिलसिला आरंभ हुआ।

खरगे ने कहा कि गांधीजी केवल एक बार एक साल के लिए ही कांग्रेस अध्यक्ष बने थे। गांधीजी ने छुआछूत और भेदभाव के खिलाफ मुहिम को कांग्रेस के मुख्य एजेंडे में शामिल किया। कांग्रेस के पास राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और नेहरू की विरासत है। गांधीजी ने उन दिनों कोहाट और गुलबर्गा जैसे शहरों में हो रहे सांप्रदायिक दंगों से आहत होकर चिंता व्यक्त की थी। आज का सत्ताधारी दल और उनके नेता खुलेआम भड़काऊ नारे देते हैं और उनके बड़े नेता ही समाज में सद्भाव बिगाड़ रहे हैं, समुदायों के बीच नफरत फैला रहे हैं। पिछले 140 वर्षों की यात्रा में पार्टी ने बहुत उतार चढ़ाव देखे, पर कांग्रेस आज भी गांधीजी के विचारों की रोशनी में उनके सिद्धांतों को समर्पित और उसूलों पर कायम है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कर्नाटक उनका गृह राज्य है। आज हम जब 100 वर्ष पुराने ऐतिहासिक क्षण को पुनर्जीवित कर रहे हैं तो कर्नाटक में गांधीजी के विचारों की सरकार चल रही है। संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए महात्मा बसेश्वर, महात्मा फुले औ? बाबा साहेब आंबेडकर जैसे महापुरुषों के दिखाए विचारों पर आगे बढ़ रही है। हमने संसद सत्र में संविधान पर हो रही चर्चा के दौरान बाबा साहेब आंबेडकर के बारे में गृहमंत्री का घोर अपमानजनक बयान सुना। हमने आपत्ति दर्ज की, विरोध जताया, प्रदर्शन किया। अब तो पूरे देश में प्रदर्शन हो रहा है। किंतु प्रधानमंत्री और सरकार गलती मानने को तैयार नहीं है। अमित शाह से माफी और इस्तीफा लेना तो दूर, उल्टा आपत्तिजनक बयान का समर्थन किया। राहुल गांधी पर झूठा केस दर्ज कर दिया। हम किसी से डरनेवाले नहीं हैं, ना ही झुकने वाले हैं। हम नेहरू-गांधी की विचारधारा और बाबा साहेब के सम्मान के लिए आखिरी दम तक लड़ेंगे। भाजपा के लोग हमारे ऊपर झूठा आरोप लगाते हैं कि हमने बाबा साहब का सम्मान नहीं किया। सबको मालूम है कि संसद में जो बाबा साहेब की मूर्ति 1967 में कांग्रेस ने लगवायी।

उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दल के लोगों द्वारा संविधान के प्रस्तावना का अपमान होता रहता है। संवैधानिक प्रावधानों और मूल्यों का आदर नहीं होता है। संवैधानिक संस्थाओं को नियंत्रित किया जा रहा है। कभी वोटरों का नाम सूची से काटा जाता है। कभी उनको वोट डालने से रोका जाता है। कभी वोटर सूची संख्या में अचानक वृद्धि हो जाती है।

### एक नजर

### नेतरहाट स्कूल का प्रशासी पदाधिकारी 50 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

**लातेहार :** नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्रशासी पदाधिकारी रौशन कुमार बक्सी को पलामू एसीबी की टीम ने 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के जरिये विद्यालय में दूध आपूर्ति करने वाले विक्रेता से बिल भुगतान के बदले रिश्वत ली जा रही थी। पलामू एसीबी के एसपी अंजनी अंजन ने इसकी पुष्टि की है। मिली जानकारी के अनुसार सूचक ने पलामू एसीबी की टीम को सूचना दिया था कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय में प्रशासी पदाधिकारी के जरिये दूध के पैसे भुगतान के लिए रिश्वत मांगी जा रही है। सूचना मिलने के बाद एसीबी की टीम ने एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर मामले की अपने स्तर से जांच पड़ताल की।

## आप ने कांग्रेस को दी इंडिया ब्लॉक से निकलवाने की धमकी, भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगाया

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में 'आप' की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाने के लिए भाजपा से मिलीभगत करने का आरोप लगाया। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि कांग्रेस की हरकतों की वजह से इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन की एकता को नुकसान हो रहा है।

### दिल्ली चुनाव में भाजपा की मदद कर रही है कांग्रेस

सिंह ने कहा, हमने हरियाणा चुनाव के दौरान कांग्रेस के खिलाफ एक शब्द नहीं बोला। कांग्रेस फिर भी भाजपा की तरह काम कर रही है।




कांग्रेस के उम्मीदवारों की सूची देखें तो लगता है कि जैसे भाजपा के कार्यालय में बनी हो। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता अजय माकन और संदीप दीक्षित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय 'आप' को निशाना बना रहे हैं।

सिंह ने कहा, अजय माकन ने अरविंद केजरीवाल को राष्ट्र-विरोधी कहकर सभी सीमाएं लांघ दीं। अतीत में कांग्रेस के लिए प्रचार करने के बावजूद अब केजरीवाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है जबकि कांग्रेस ने भाजपा के किसी नेता के खिलाफ एक भी प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई।

### आरोप : कांग्रेस उम्मीदवारों को भाजपा का मिल रहा समर्थन

आतिशी ने भी इसी तरह की बात कहते हुए दावा किया कि कांग्रेस आप को कमजोर करने पर तुली हुई है। उन्होंने कहा, यह बात पक्की है कि संदीप दीक्षित और फरहाद सूरी जैसे कांग्रेस उम्मीदवारों को भाजपा का समर्थन मिल रहा है। यह मिलीभगत इंडिया गठबंधन के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता पर प्रश्न खड़े करती है। 'आप' ने माकन और कांग्रेस के अन्य नेताओं के खिलाफ 24 घंटे में अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग की और कहा कि अगर कोई कदम नहीं उठाया गया तो वह कांग्रेस को 'इंडिया' गठबंधन से बाहर निकालने के लिए दबाव बनाएगी। सिंह ने कहा, हम गठबंधन के अन्य दलों से कांग्रेस को बाहर निकालने का अनुरोध करेंगे। दिल्ली में फरवरी में विधानसभा चुनाव होने हैं।

### प्रवेश वर्मा व मनजिंदर सिंह के खिलाफ संजय सिंह ने ईडी में की शिकायत

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में कैश कांड अब बड़ा मुद्दा बनते जा रहा है। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह अब प्रवेश वर्मा मामले को लेकर ईडी दफ्तर पहुंच गए है। संजय सिंह ने बीजेपी नेता प्रवेश वर्मा और मनजिंदर सिंह सिरसा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए ईडी कार्यालय पहुंचे। बात दें कि कैश कांड को लेकर आम आदमी पार्टी लगातार बीजेपी पर आक्रमक है। आप सांसद संजय सिंह ने कहा, ये शिकायत पत्र उन्होंने सिर्फ लिया है। कोई अधिकारी उनसे मिला नहीं इसलिए कोई कार्रवाई का भरोसा नहीं मिला है इसलिए ईडी क्या करेगी इस पर मैं कुछ नहीं बोल सकता, लेकिन आधिकारिक रूप से ये शिकायत पत्र उन्हें मिल चुका है जिसकी रिसीविंग हमें मिली है। दिल्ली में पिछले दिनों आम आदमी पार्टी ने बीजेपी नेता प्रवेश वर्मा पर महिलाओं को कैश बांटने का आरोप लगाया था। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने वीडियो जारी करके बीजेपी को घेरा था।

## जयराम के खिलाफ रंगदारी मांगने व सरकारी कार्य में बाधा डालने का केस दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बेरमो :** डुमरी विधायक जयराम महतो पर चंद्रपुरा थाने में केस दर्ज हो गया है। सीसीएल के सुरक्षा पदाधिकारी सुरेश कुमार सिंह ने यह केस दर्ज कराया है। उन्होंने जयराम महतो और उनके कार्यकताओं पर रंगदारी पूर्वक अवैध रूप से कब्जा करने, सरकारी काम में बाधा डालने तथा क्वार्टर में रखे गए सामान की चोरी करने का आरोप लगाया गया है। सुरेश कुमार सिंह ने एफआईआर में बताया है कि 25 दिसंबर की शाम लगभग 5:30 बजे उनको यह सूचना प्राप्त हुई थी कि मकोली स्थित क्वार्टर में कुछ अज्ञात लोग जाकर हल्ला गुल्ला कर रहे हैं और जो उसमें पूर्व से रह रहे हैं उन प्रशिक्षित पदाधिकारी का सामान हटा रहे हैं और बाहर में काफी भीड़ भाड़ लगाकर हल्ला कर रहे हैं तथा इन पदाधिकारी को आवास से जबरदस्ती भगा रहे हैं। जिसकी सूचना मैंने सीसीएल के कई पदाधिकारी को दी। मैंने



क्वार्टर में देखने का निर्देश दिया। जिस पर वे सभी सुरक्षाकर्मी गए तो देखा कि 25 से 30 अज्ञात लड़का क्वार्टर के अंदर घुसा हुआ है और हल्ला गुल्ला कर रहा है। क्वार्टर में रह रहे प्रशिक्षण पदाधिकारी काफी भयभीत और परेशान थे। बार-बार इन अज्ञात लड़कों से बचने का अनुरोध कर रहे थे। बातचीत के क्रम में इन लोगों से पता चला कि यह सभी लड़का जेएलकम पार्टी का कार्यकर्ता है तथा विधायक डुमरी जयराम महतो के आदेश पर यहां आकर झंझट कर रहा है। इस सूचना पर मैं स्थानीय पुलिस तथा सीसीएल प्रबंधक को सूचना दी।

## एक नजर

### होमगार्ड जवान की सड़क दुर्घटना में मौत

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के उरीमारी क्षेत्र अंतर्गत जरजरा मुख्य मार्ग के समीप सड़क दुर्घटना में होमगार्ड के जवान शंकर महतो की मौत हो गई। वहीं मिली जानकारी के अनुसार होमगार्ड जवान 153/यू शंकर महतो उम्र 42 वर्ष पिता छोटन महतो अपने मोटरसाइकिल से बड़कागांव से उरीमारी बिरसा परियोजना की ओर आ रहा था। इस क्रम में सड़क दुर्घटना हो गई। जिससे उन्हें गम्भीर चोटे लगी थी। राहगिरो के द्वारा इसकी सूचना उरीमारी ओपी पुलिस को दी गई। उरीमारी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर राहगीरों की मदद से घायल शंकर को भुरकुंडा अस्पताल भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने शंकर को मृत घोषित कर दिया।शंकर महतो मूल रूप से हजारीबाग जिले की इचाक गांव का रहने वाला था। वह बिरसा परियोजना में कार्यरत था।

### सांढ़ पंचायत भवन से चोरों ने चुराई कुर्सियां, थाने में दिया आवेदन

**बड़कागांव** : बड़कागांव थाना क्षेत्र के सांढ़ पंचायत भवन से 25 दिसंबर रात्रि को अज्ञात चोरों के द्वारा लगभग 30 कुर्सियां चुरा ले गए। इस संबंध में रोजगार सेवक सुरेंद्र ठाकुर के द्वारा बड़कागांव थाने में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की गई है। इस संबंध सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि जब मैं 26 दिसंबर दिन गुरुवार लगभग 11:00 बजे को पंचायत भवन पहुंचा तो देखा की पंचायत भवन का सभी दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। जिसे देखने के बाद लोगों को जानकारी दिया गया। उसके बाद चोरी के संबंध में जांच पड़ताल एवं उचित कानून कार्रवाई के लिए थाना में आवेदन दिया गया।

### पुलिस ने अवैध पत्थर लदे एक ट्रैक्टर को किया जब्त

**बड़कागांव** : बड़कागांव पुलिस के द्वारा छापेमारी के दौरान बुधवार रात्रि 8.30 बजे अवैध पत्थर लदा हरा रंग का जोन डियर एक ट्रैक्टर जब्त कर बड़कागांव थाना परिसर लाया गया। पुलिस ने आगे की करवाई के लिए बड़कागांव अंचलाधिकारी को अग्रसारित किया है। वहीं पुलिस ने बताया कि कई ट्रैक्टरों से अवैध पत्थर ढुलाई की जानकारी पिछले कई दिनों से मिल रहा था। बीती रात जब ट्रैक्टर पकड़ी गई तो अन्य ट्रैक्टरों को भी जानकारी प्राप्त हो जाने के कारण अंधेरे रात का लाभ उठाकर गाड़ी को जंगल में छिपा कर भाग निकले। तथा अवैध पत्थर ढुलाई व खनन के विरुद्ध करवाई निरंतर जारी रहेगा।वहीं अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर पकड़े जाने से पत्थर माफिया में हड़कंप मची हुई है। कार्रवाई में मुख्य रूप से एसआई अभिषेक कुमार के अलावे पुलिस जवान के सशक्त दल शामिल थे।

### रिंकु रानी बनी कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवार की महिला मोर्चा अध्यक्ष

**हजारीबाग** : अंतर्राष्ट्रीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवार ने शहर के बाबा पथ हुरहुरु निवासी अधिवक्ता रिंकु रानी तिवारी पिता रामावतार उपाध्याय को महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारणी एवं राज्य कार्यकारणी के निर्देश पर हजारीबाग जिला अध्यक्ष दीपक पाण्डे ने उनके नाम की घोषणा की। शी पांडेय ने कहा की रिंकु रानी पेशे से अधिवक्ता हैं तथा कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवार से जुड़कर कार्य करने हेतु काफी उत्सुक हैं साथ ही हजारीबाग जिला में काफी सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। संगठन के प्रति कार्य करने की निष्ठा को देखते हुए,राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निदेर्शानुसार उन्हें महिला मोर्चा का जिला अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया है।

# भाजपा ने मनाया वीर बाल दिवस, गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों को किया याद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग** : हजारीबाग शहर के झंडा चौक के समीप स्थित सांसद मनीष जायसवाल के कार्यालय सभागार में गुरुवार की शाम को हजारीबाग भाजपा की ओर से बीजेपी जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में वीर बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत गाथा की विस्तृत चर्चा करते हुए धर्म और देश की रक्षा के लिए बाल उम्र में दिए गए उनके शहादत को जन- जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। सरदार रोशन सिंह ने वीर बाल दिवस पर विस्तार से प्रकाश डाला ।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने साहिबजादों की बेमिसाल शहादत के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व 9 जनवरी 2022 को यह घोषणा किया था कि गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत को याद करते हुए 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस आयोजित किया जाएगा और भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने के लिए एक राजपत्र अधिसूचना जारी की, तदनुरूप, अब हर वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि वर्तमान युवा पीढ़ी के लिए यह शहादत प्रेरणा है कि धर्म और राष्ट्र के लिए ऐसे सर्वोच्च शहादत भी दिया जा सकता है। कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी सह भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार साहू ने कहा कि ऐसे शहादत की गाथाओं को पाठ्य पुस्तकों में शामिल कर भावी पीढ़ी को जागरूक करना चाहिए। पवन कुमार साहू ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा की 300 वर्ष पुराने इतिहास को जीवंत कर उनकी गाथाओं के माध्यम से देश और समाज में जागृति लाने का सकारात्मक कार्य किया जा रहा है। सिख समाज के डॉ. ए. पी. सिंह सहित भाजपा नेता हरीश श्रीवास्तव, अशोक यादव ने भी संबोधित किया। मंच संचालन भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह और धन्यवाद ज्ञापन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी ने किया। मौके पर विशेषरूप से कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरीश श्रीवास्तव, अनिल मिश्रा, सुदेश चंद्रवंशी, अशोक यादव, जिला पदाधिकारी रेणुका साहू , जयनारायण प्रसाद, भाजयुमो अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय, दीपक मेहता, रोशन, सिंह, मनजीत सिंह, कुलवंत सिंह बग्गा, दीपक मनजीत सिंह, महेंद्र ठाकु, ऋषि शर्मा, कर्मचारी साव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एनटीपीसी ने जरूरतमंद 200 लोगों के बीच कंबल का किया वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : एन. टी. पी.सी पकरी बरवाडीह के सौजन्य से बड़कागाँव मध्य पंचायत भवन में वृद्ध महिला पुरुष एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कूल 200 कंबल का वितरण किया गया। बड़का गांव में पंचायत के मुखिया तकरीमुला खान एवं पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर की निगरानी में पंचायत के सभी 10 वार्डों में कंबल वितरण किया गया। एल ए / सी. एस. आर व आर एंड आर विभाग के अपर प्रबंधक प्रशांत सिंह ने भी बूढ़े और आश्रित लोगों के बीच कंबल बांटने के लिए अपने टीम को सलाह दी । वहीं सिकरी पंचायत भवन में भी 200 वृद्ध महिला पुरुष जरूरतमंद लोगों के बीच भी कंबल वितरण किया गया। उन्होनें एन टी पी सी से आग्रह भी किया कि आगे भी इसी तरह से उन्हें मदद किया जाए । कार्यक्रम में बड़कागांव मध्य पंचायत के मुखिया मोहम्मद तक्रीमुल्लाह खान, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर और एन टी पी सी पकरी बरवाडीह के सीएसआर विभाग की वरिष्ठ प्रबंधक कमलाराम रजक, अर्चना कुमारी, एवं रजनीश कुमार उपस्थित थे।


## रिम्स में इलाजरत घायल पारा शिक्षक की मौत, गांव में पसरा मातम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत ढेंगा गांव के पास पीपल चौक के समीप सड़क पर सिंचाई के लिए बिछी तार से हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल महटीकरा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के पारा शिक्षक मोटरसाइकिल चालक 52 वर्षीय तिलानाथ महतो (पिता अर्जुन महतो) ने अंततः इलाज के दौरान रांची रिम्स हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। बुधवार देर रात 1:30 अंतिम सांस ली। वह अपने पीछे पिता, पत्नी समेत दो पुत्र एक पुत्री व भरा पूरा परिवार छोड़ गया।पारा शिक्षक की मौत से महटीकरा गांव के लोग एवं सहायक अध्यापक काफी मर्माहत हैं, गांव में मातम पसर गया है। वहीं विधायक रोशन लाल चौधरी ने मृतक के परिवार से मिलकर उन्हें ढाढ़स बंधाया शोक व्यक्त करते हुए कहा कि हमने एक अच्छे सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक), सोशल वर्कर को खो दिया समाज को उनकी कमी सदैव खलेगी। निधन से पारा शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम सहित अन्य पारा शिक्षकों व अन्य शिक्षकों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। गुरुवार देर शाम महटीकरा नदी में अंतिम संस्कार किया गया।शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से विधायक रोशन लाल चौधरी, चतरा सदर बीडीओ हरिनाथ कुमार महतो, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, सहायक अध्यापक संघ प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम, पुर्व मुखिया गुलाब देवी, पूर्व पंसस उपेंद्र महतो, तापेश्वर कुमार, मोहन महतो, प्रवीण कुमार, घनश्याम जयसवाल, निर्मल महतो, पारसनाथ कुमार, सहायक अध्यापक गंगाधर लोहरा, महावीर महतो, गिरधारी प्रसाद सहित अन्य कई लोग शामिल है।

## जवाहर घाट में शुरू हुई शिकारा बोटिंग डल झील जैसा महसूस कर रहे सैलानी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : कोडरमा और हजारीबाग की सीमा पर स्थित जवाहर घाट अब सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। यहां शुरू की गई शिकारा बोटिंग ने क्षेत्र को एक नया पर्यटन आयाम दिया है। सैलानी अब कश्मीर की डल झील जैसी अनुभूति का आनंद यहीं पर उठा सकते हैं। शांत पानी पर शिकारा बोटिंग करते हुए पर्यटक प्रकृति की खूबसूरती और सुकून का अनुभव कर रहे हैं। डल झील की तरह देश-विदेश से पर्यटक आकर्षित करने का प्रयास जवाहर घाट में भी किया जा रहा है। इसके अलावा, क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए कई बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। हाल ही में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के प्रयासों से इस क्षेत्र को पर्यटन के लिहाज से समृद्ध बनाने के लिए करोड़ों रुपये स्वीकृत किए गए हैं। जवाहर घाट के साथ तिलैया डैम को भी एक प्रमुख पर्यटन केंद्र बनाने की योजना है। यहां वाटर स्पोर्ट्स, शिकारा बोटिंग और रिसॉर्ट जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। यह न केवल स्थानीय सैलानियों के लिए बल्कि दूर-दराज से आने वाले पर्यटकों के लिए भी एक प्रमुख आकर्षण बन सकता है। शिकारा बोटिंग के जरिए जवाहर घाट का सौंदर्य और अधिक निखर कर सामने आ रहा है। जहां पहले सैलानियों को केवल तिलैया डैम का आनंद मिलता था, अब उन्हें शिकारा बोटिंग का अद्वितीय अनुभव भी मिल रहा है। इन प्रयासों से न केवल क्षेत्र का आर्थिक विकास होगा, बल्कि स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। सरकार की ओर से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रिसॉर्ट्स, वाटर स्पोर्ट्स सुविधाएं और मनोरंजन के अन्य साधन विकसित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

## पंचबहिनी मेलाटांड़ सोनपुरा में स्टेज निर्माण कार्य शुरू



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : प्रखंड के कांडतरी पंचायत अंतर्गत ग्राम सोनपुरा पंचबहिनी मेलाटांड़ में स्टेज निर्माण कार्य का शुभारंभ प्रभारी मुखिया राजदेव महतो ने पूजा अर्चना कर किया। राजदेव महतो ने बताया कि 15 वीं वित्त से स्टेज निर्माण करवाया जा रहा है।योजना का कुल लागत राशि 4,97 000 रू है। इस कार्य का निर्माण के अध्यक्ष गुलेश्वर कुमार एंव सचिव वीरेंद्र कुमार के निगरानी में करवाया जा रहा है।मेलाटांड़ के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने कहा कि स्टेज नहीं रहने से काफी समस्या होती थी। अब स्टेज का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। जिससे हम सोनपुरा के समस्त ग्रामीण जनता काफी खुश हैं। इसके लिए हम लोग ग्राम पंचायत प्रभारी मुखिया का अभार जताते हैं। मौके पर मुख्य रूप से सहयोगी कृष्ण कुमार, योगेश्वर प्रसाद, रोहित कुमार, सुरेंद्र महतो, कुलदीप कुमार आदी शामिल थे।

# सीपीआई के स्थापना दिवस पर सेमिनार का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग** : शहर के स्थानीय मंजूर भवन, सी पी आई कार्यालय में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक सेमिनार कम्युनिस्ट आंदोलन कल और आज₹ विषय पर किया गया। सेमिनार के पुर्व सी पी आई के वरिष्ठ नेता कृष्ण कुमार मेहता ने पार्टी का झंडा फहराया। सेमिनार की अध्यक्षता सीपीआई नेता कृष्ण कुमार मेहता ने किया। इस अवसर पर भाकपा ( माले ) के साथी सुधीर कुमार यादव, मदन सिंह, सीपीएम के जिला सचिव गणेश कुमार सीटू, ईश्वर महतो, सी पी आई के जिला सचिव अनिरुद्ध प्रसाद, अनवर हुसैन, शंभू कुमार ने अपनी बातों को रखा। सभी साथियों ने अपने वक्तव्य में कहा कि देश के कई हिस्सों में कम्युनिस्ट पार्टी के लोग कई ग्रुप बनाकर कर देश की आजादी के लिए आंदोलन चला रहे थे लेकिन 26 दिसंबर 1925 को कानपुर में सभी ग्रुपों को मिलाकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना की गई और इस समय पार्टी का पहला राष्ट्रीय सम्मेलन भी किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता मद्रास के वरिष्ठ कम्युनिस्ट पार्टी के नेता श्रृंगारवेलु चेट्टियार ने किया था। कम्युनिस्ट पार्टी आजादी के आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग ले रही थी इसलिए कम्युनिस्ट पार्टी को कुचलना के लिए अंग्रेजों ने तीन षड्यंत्र पेशावर षड्यंत्र, कानपुर षड्यंत्र और मेरठ षड्यंत्र करके कम्युनिस्ट पार्टी के तमाम नेताओं को अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल में बंद कर दिया गया बावजूद इसके अंग्रेजी हुकूमत को कम्युनिस्ट पार्टी को बर्बाद करने में सफलता नहीं मिला। कम्युनिस्ट पार्टी के लोग जेल जाते और जेल से रिहा होने के बाद दुगने उत्साह से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन करने में लग जाते। आज देश के अंदर कम्युनिस्ट पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो आजादी के पहले और आजादी के बाद देश और देश की आम जनता के लिए शहादत देती रही है। 1957 में विश्व में चुनी हुई पहली कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार केरल में बनी इसके पहले मुख्यमंत्री ई एम एस नम्बूदरीपाद बने। उनकी सरकार जब अपने राज्य में जमींदारों की जमीन जप्त करके भूमिहीनों के बीच वितरित करने लगी, अपने राज्य में शिक्षा और स्वास्थ्य राज्य के लोगों के लिए फ्री कर दिया इससे परेशान केंद्र की नेहरू सरकार ने 22 महीने बाद ही संविधान की धारा 356 लगाकर सरकार को बर्खास्त कर दिया। उसके बाद संपन्न विधानसभा चुनाव में केरल की जनता ने पुणः कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार बना दी। वर्तमान समय में देश को देश के चंद पूंजीपतियों ने केंद्र सरकार के माध्यम से अपने कब्जे में कर लिया है और लगातार किसान, मजदूर, नौजवान विरोधी नियम, कानून और फैसला केंद्र सरकार कर रही है। इसका मुखर विरोध सदन के अंदर और सदन के बाहर कम्युनिस्ट पार्टी के लोग कर रहे हैं। केंद्र की भाजपा के नेतृत्व में चलने वाली सरकार देश को आर्थिक गुलामी की ओर बहुत तेजी से ले जा रही है इसलिए आज देश के तमाम विपक्षी पार्टियों को किसानों की तरह एक होकर केंद्र सरकार के जन विरोधी फैसले के खिलाफ एकजुट होकर एक सशक्त और लंबी लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है। इस सेमिनार में भाकपा ( माले ) सी पी आई, सी पी एम के कई साथियों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### सीओ एवं पुलिस ने संयुक्त कारवाई में तीन ट्रैक्टर और अवैध कोयला किया जब्त



**केरेडारी** : केरेडारी अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल एवं थाना प्रभारी विवेक कुमार ने संयुक्त छापामारी कर थाना क्षेत्र के गोपदा के बिजुआ में अवैध संचालित कोयला खदान से तीन ट्रैक्टर बोरी में भरा अवैध कोयला जब्त कर थाना लाया गया है। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी ने बताया कि इस अवैध कोयला खादान से वर्षो से अवैध कोयले की निकासी कर बेचा जा रहा था। अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिलते ही अपना दल बल के साथ उक्त स्थान पर पहुंचकर कोयला को जप्त किया। हालांकि अवैध कोयले का खनन और परिवहन करने वाले भागने में सफल रहे।

### बिष्णुगढ़ में चल रहे कुड़मालि प्रशिक्षण में दर्जनों युवाओं ने लिया भाग



**बड़कागांव** : हजारीबाग जिला अंतर्गत विष्णुगढ़ टेकलाल महतो डिग्री महाविद्यालय कॉलेज बिष्णुगढ़ में कुड़मालि भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम में बड़का गांव प्रखंड से दर्जनों युवा एवं युवतियों ने भाग लिया और जनजातीय भाषा कुड़मालि का प्रशिक्षण लिया ताकि सरकार से आने वाले जनजातीय भाषा में होने वाली परीक्षाओं में अपना कामयाबी हासिल कर सके प्रशिक्षण में शामिल प्रशिक्षु विकास कुमार महतो, ईश्वर कुमार महतो, तारकेश्वर महतो, विकास कुमार, अशोक कुमार महतो, गौतम कुमार, संतोष कुमार महतो, राजेंद्र कुमार, पूजा कुमारी, जय नारायण महतो, नागमणि कुमारी, नमिता कुमारी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष बनने के 100 वर्ष हुए पूरे



**हजारीबाग** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदरणीय केशव महतो कमलेश के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में चुने जाने का 100 वर्ष पूरा होने पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला उपाध्यक्ष कृष्णदेव प्रसाद सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को आज के ही दिन 26 दिसम्बर 1924 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया था। यह सत्र कर्नाटक के बेलगाम में हुआ था। यह पहली और एकमात्र बार था जब वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने। इस सत्र ने अंहिसा और असहयोग के उद्भव को अंग्रेजों से राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के साधन के रूप में देखा। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा प्रदेश सचिव बिनोद सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष विजय यादव वरिष्ठ कांग्रेसी शशिकांत ओझा महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, संजय तिवारी, साजिद हुसैन, राजू चौरसिया, सुनिल सिंह राठौर, नरेश गुप्ता, अर्जुन सिंह, परवेज अहमद, गुड्डु सिंह, जावेद इकबाल, अनिल भुईंया, ओमप्रकाश गोप, राशिद खान, अजित सिंह, सैयद अशरफ अली, अमर सिंह यादव, मुस्ताक अंसारी, राजीव कुमार मेहता, सदरूल होदा के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

### युवा साथी झारखंड संस्था का वार्षिक वनभोज सह मिलन समारोह का हुआ आयोजन




**बरही** : युवा साथी झारखंड संस्था की ओर से वार्षिक वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष एवं केंद्रीय टीम के सदस्यों ने भाग लिया। मिलन समारोह में संस्था के सदस्यों ने बढ़ –चढ़ कर हिस्सा लिया। वनभोज सह मिलन का आयोजन बरही प्रखंड के बेंदगी नदी के समीप आयोजित किया गया। वनभोज कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने संस्था के संचालन, कार्यों एवं विकास को लेकर विचार विमर्श किया एवं लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया। सामाजिक क्षेत्रों में संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों को ध्यान में रखते हुए प्रति वर्ष युवा साथी झारखंड वनभोज सह मिलन समारोह आयोजित कर सभी सदस्यों का एक जगह जुटान करवाती है, ताकि व्यस्त जीवन के कुछ पल अपने लिए भी आनंदमय बनाया जा सके। इसी के तहत बीते बुधवार को युवा साथी झारखंड के बैनर तले बेंदगी नदी के तट पर उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की उपस्थिति में संस्था में जुड़े नए लोगों का स्वागत किया गया एवं कमिटी का विस्तार करते हुए उन्हें विभिन्न तरह के जिम्मेवारी भी सौंपी गई साथ ही ysj.org.in के नाम से संस्था का वेबसाइट भी लांच किया गया। जिसमें अध्यक्ष विकास सिंह, उपाध्यक्ष सरफराज खान, सचिव राजेश यादव, उपसचिव आशीष यादव, कोषाध्यक्ष सरफराज अहमद, सह कोषाध्यक्ष शारूफ आलम, मीडिया प्रभारी नीतीश यादव, अजय मेहता, सोशल मीडिया प्रभारी अनिल सिंह, संरक्षक सतीश साव, महामंत्री शहजाद आलम, महासचिव विकास यादव को बनाया गया एवं केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य में गुलाम अंसारी, परमेश्वर यादव, सहमद खान, मासूम अंसारी, विजय कुमार, नईम अंसारी को रखा गया। सदस्यों ने कहा कि संस्था के द्वारा इस प्रकार का आयोजन पिछले पांच सालों से किया जा रहा है। संभव हैं आगे भी निरंतर जारी रखा जायेगा। कार्यक्रम में दीपेश, आदित्य, सद्दाम, शकील, राहुल, सचिन, अभिषेक, शाहिद, सेवक, बिट्टू, मिन्हाज, रहमत आदि लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### सीएम से लेफ्टिनेंट जनरल ने की मुलाकात



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में लेफ्टिनेंट जनरल वाईएस अहलावत, एवीएसएम, वाईएसएम, एसएम, जीओसी-17 कोर और मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर, वीएसएम और जीओसी-23 इन्फैंट्री डिवीजन ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री के साथ उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

### पेट्रोल पंप संचालक से 13.65 लाख की छिनतई

**रांची :** राजधानी के रातू थाना क्षेत्र अंतर्गत काठीटांड के पास बैंक में पैसा जमा करने जा रहे पेट्रोल पंप के संचालक से 13 लाख 65 हजार रुपये की छिनतई कर ली गई। घटना गुरुवार दोपहर की है। जानकारी के अनुसार, रिलायंस पेट्रोल पंप के संचालक बैंक में पैसा जमा करने कार से जा रहे थे। बाइक सवार बदमाश काफी दूर से संचालक का पीछा कर रहे थे। जैसे ही बदमाशों को मौका मिला, वे रुपये से भरा बैग छिनकर फरार हो गये। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। साथ ही पंप संचालक से भी घटना के संबंध में जानकारी जुटा रही है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने विभिन्न चौक-चौराहों पर चेकिंग अभियान भी शुरू कर दिया है।

### भाजपा एससी मोर्चा की हुई बैठक

**रांची :** प्रदेश कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास के नेतृत्व में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक हुई। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने कहा कि झारखंड के सभी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को सशक्त और मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी कार्यकताओं को सदस्यता अभियान के निमित्त एक महत्वपूर्ण दायित्व भी सौंपा गया है ताकि पूरे प्रदेश में अनुसूचित जाति मोर्चा सहित भाजपा का संगठन सशक्त और मजबूत हो। दास ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश के सभी अधिकारियों, जिला अध्यक्षों, मंडल अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष को भी सदस्यता अभियान के महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन को घर-घर एवं गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए सदस्यता अभियान अत्यंत आवश्यक है। बैठक में कमलेश राम, खुदा राम, राजीव राज लाल, राकेश राम, धर्मेंद्र कुमार, संदीप कुमार, कमलेश किशोर, गोविंदा, किशोर राम, अशोक राज, सागर पासवान, विनोद कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### झारखंड राज्य स्क्वैश टीम का चयन 30 दिसंबर को

**रांची:** झारखंड स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन (जेएसआरए) 38 वीं राष्ट्रीय खेल चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए 30 दिसंबर को स्क्वैश खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आयोजित करेगा। रांची डिस्ट्रिक्ट स्क्वैश एसोसिएशन के सचिव आशीष कुमार बनर्जी ने जानकारी दी कि तय कार्यक्रम के अनुसार अगले साल 28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेल चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। एकदिवसीय चयन ट्रायल रांची के फिरायालाल क्रॉस कोर्ट में 30 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पुरुष और महिला वर्ग के लिए ओपन और सीनियर इवेंट में नॉकआउट आधार पर होगी। इसके बाद झारखंड स्क्वैश टीम की घोषणा की जाएगी, जिसमें पुरुष और महिला वर्ग में चार-चार खिलाड़ी शामिल होंगे।

# बालू आपूर्ति व्यवस्था को सामान्य बनाया जाय : चैंबर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** बालू आपूर्ति की व्यवस्था को सामान्य बनाने के लिए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने मुख्यमंत्री को पत्राचार कर हस्तक्षेप का अनुरोध किया। यह कहा कि बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया अब तक पूर्ण नहीं होने के कारण सामान्य से अधिक दरों पर बालू मिल रहे हैं। बालू की अनुपलब्धता और दरों में बेतहाशा वृद्धि से एक तरफ जहां संवेदक व डेवलपर्स के प्रोजेक्ट्स अधूरे रह जा रहे हैं, वहीं निर्माण कार्य में संलग्न श्रमिक बंधुओं की भी आजीविका प्रभावित हो रही है। पड़ोसी राज्य बिहार पर बालू की निर्भरता के कारण लोग बेतहाशा दरों पर बालू खरीदकर निर्माण कार्य कराने के लिए विवश हैं, जिस क्रम में इसकी कालाबाजारी भी चरम पर है तथा इसकी अतिशीघ्र समीक्षा आवश्यक है। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि एनजीटी की प्रभावी रोक हटने के बाद भी प्रदेश में बालू आपूर्ति की समस्या बने रहने का प्रमुख कारण बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण नहीं होना है। खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये आंकडें भी चौंकाने वाले हैं। जहां यह स्पष्ट होता है कि इस मद में सरकार को प्राप्त होनेवाला राजस्व लगातार कम होता जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2015-16 में राजस्व का संग्रह 32 करोड रुपया तथा अगले वित्तीय वर्ष 2016-17 में 8 करोड रुपया था। परेश ने कहा कि शेष 7 वर्षों का राजस्व संग्रह इन वित्तीय वर्षों की तुलना में काफी कम है और यह निरंतर घटता ही जा रहा है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2015-16 में बालू घाटों की नीलामी की गई थी, फिर वर्ष 2016-17 में भी कुछ घाटों की नीलामी की गई थी। वर्ष 2017 में बालू घाटों का अधिकार जेएसएमडीसी को हस्तांतरित कर दिया गया, जहां बालू की वैध रूप से बिक्री नगण्य है तथा इससे सरकार को भी राजस्व की हानि हो रही है। समस्या का हो स्थाई समाधान चैंबर द्वारा आग्रह किया गया कि निरंतर चली आ रही इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए विभाग को यथोचित निर्देश जारी करे ताकि राज्य में बालू आपूर्ति की व्यवस्था सामान्य हो। सरकार के राजस्व संग्रह में वृद्धि हो तथा उचित दर पर लोगों को बालू की उपलब्धता सुनिश्चित हो। राज्य में स्थिर सरकार के गठन से विकास कार्यों को गति मिलने की प्रबल संभावना बनी है। ऐसे में बालू की पर्याप्त और सुगम उपलब्धता से बिना किसी व्यवधान के विकास कार्यों को गति देने में सहायता मिलेगी। चैंबर द्वारा यह भी कहा गया कि यदि जेएसएमडीसी बालू की आपूर्ति करने के लिए सक्षम नहीं है। तब सरकार द्वारा कोई अन्य सरल और वैकल्पिक व्यवस्था पर भी विचार किया जाना चाहिए।


## कल होने वाले मंईयां सम्मान कार्यक्रम स्थल का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राजधानी के नामकुम के कुटियाती चौक स्थित आर्मी मैदान में 28 दिसंबर को आयोजित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान कार्यक्रम के मद्देनजर गुरुवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने जिला प्रशासन के पदाधिकारियों के साथ राज्यस्तरीय कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। साथ ही संबंधित सभी अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूरा कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कार्यक्रम वाले दिन आवागमन के बेहतर इंतजाम कराने का निर्देश दिया, ताकि किसी प्रकार आवागमन कि समस्या ना हो। लाभुकों के आवागमन, उनके बैठने, खाने-पीने, शौचालय, पार्किंग आदि व्यवस्था की जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए तैयारी सुनिश्चित करें ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। साथ ही कहा कि कार्यक्रम संचालन में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो और विधि व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहे इसके लिए व्यापक पैमाने पर फोर्स और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम में काफी संख्या में लाभुक शामिल होंगे। विभिन्न जिलों से लाभुकों को लेकर आने वाले वाहनों के रुट चार्ट निर्धारित किया गया है, जो रिंग रोड से वाया खरसीदाग कुटीयातू मोड़ से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर रहेगा। वीवीआईपी एवं वीआईपी सदाबहार चौक नामकुम से होते हुए कार्यक्रम स्थल में पहुंचेंगे। उपायुक्त ने लाभुकों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी न हो इसका ध्यान रखते हुए चयनित पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया और तमाम तरह की व्यवस्थाओं को देखा गया। इस दौरान उन्होंने कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 28 दिसंबर को आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री राज्य की महिलाओं को मंईयां सम्मान की चौथी किस्त और 2500 की पहली किस्त देंगे।

## रांची के 36 रूफ टॉप रेस्टोरेंट बिना नक्शे के, निगम ने मांगा जवाब



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के 36 रूफ टॉप रेस्टोरेंट बिना नक्शे और परमिशन के चलाये जा रहे हैं। हाइकोर्ट के आदेश के बाद रांची नगर निगम ने सर्वे किया, जिसमें यह बात सामने आयी है। किसी के पास भी रूफ टॉप में रेस्टोरेंट चलाने का परमिशन नहीं है। निगम कोर्ट के एडिशनल एडमिनिस्ट्रेटर संजय कुमार की बेंच ने सभी रेस्टोरेंट के मालिकों को अपना पक्ष रखने का समय दिया है।

**जवाब देने की आखिरी तारीख सात जनवरी**

संजय कुमार ने बताया कि कई रेस्टोरेंट के मलिकों ने अपना जवाब दाखिल कर दिया है। इस मामले को लेकर चार और सात जनवरी को कोर्ट बैठेगा, जिसमें जवाबों के आधार पर कार्रवाई की जायेगी। सात जनवरी जवाब देने की आखिरी तारीख भी है। बता दें कि झारखंड हाईकोर्ट ने निगम को बिना नक्शे के चलाये जा रहे रूफ टॉप रेस्टोरेंट को तत्काल प्रभाव से बंद करने का निर्देश दिया था।

## रघुवर दास ने आदिवासी समुदाय के एक हजार बच्चों को दिखाया ओडिशा राजभवन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** विदाई से पहले ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने आदिवासी समुदाय के एक हजार बच्चों को राजभवन घुमाया और दिखाया। रघुवर दास ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि, गुरुवार को केआइआइटी और केआइएसएस के लगभग 1000 बच्चों ने राजभवन का दौरा किया। ये सभी बच्चे झारखंड के आदिवासी समुदाय के हैं। मैंने इन बच्चों से राजभवन दिखाने का वादा किया था, इसी क्रम में ये राजभवन के भ्रमण पर आये। रघुवर दास ने बच्चों से कहा कि आगे बढ़ने के लिए बड़े सपने देखना जरूरी है। आप अपना लक्ष्य निर्धारित करें। उस दिशा में आगे बढ़ने और उसे हासिल करने के लिए प्रयत्न करें। समर्पित प्रयास ही सफलता की एकमात्र कुंजी है। मैं आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

## मोमेंटम झारखंड मामले में शिकायतकर्ता ने आरटीआई के जरिए एसीबी से मांगा जवाब

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** मोमेंटम झारखंड मामले की शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) में दर्ज कराने वाले सोशल एक्टिविस्ट पंकज यादव ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) के माध्यम से गुरुवार को एसीबी से पूछा है कि अब तक इस मामले में क्या कार्रवाई हुई है? दरअसल, पंकज कुमार यादव ने नौ जनवरी, 2020 को जनसभा नामक संस्था के बैनर तले मोमेंटम झारखंड के आयोजन में हुए 100 करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, राजबाला वर्मा, सुनील वर्णमाल, के. रवि कुमार और अजय कुमार सहित अन्य लोगों पर जांच कर कार्रवाई की मांग की थी। पंकज का आरोप था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने चेहरा चमकाने के लिए मोमेंटम झारखंड नाम से एक इवेंट का आयोजन किया था, जिसमें झारखण्ड की जनता के 100 करोड़ रुपये विदेशों में रोड शो करने में, फर्जी कंपनी से करोड़ों के एमओयू साइन करने में तथा चेहते को इवेंट का ठेके दिलाने में खर्च कर दिए। इस मोमेंटम झारखंड के आयोजन से ना तो कोई कंपनी झारखंड में इन्वेस्ट करने आयी और ना ही झारखंडी युवकों को रोजगार मिल पाया। पंकज यादव के इस आवेदन पर एसीबी ने पीई दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। बाद में इस मामले को सीआईडी ने भी ले लिया था। अब पंकज यादव ने आरटीआई में एसीबी से ये पूछा है कि अब तक मोमेंटम झारखंड मामले में क्या कार्रवाई हुई है। उन्होंने एसीबी से ये भी जानना चाहा है कि रघुवर दास और राजबाला वर्मा को नोटिस जारी हुआ है कि नहीं। साथ ही पंकज ने अब तक इस जांच प्रकरण में एसीबी के जरिये की गयी सम्पूर्ण जांच की रिपोर्ट भी मांगी है ताकि वे इस मामले को झारखंड हाई कोर्ट के संज्ञान में ला सकें।

# अहिंसक तरीकों की वकालत करने वाले अद्वितीय व्यक्ति थे महात्मा गांधी : मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** प्रदेश कांग्रेस ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित शताब्दी समारोह के दौरान गुरुवार को रांची के कांग्रेस भवन में प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी में महात्मा गांधी के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर उनके कांग्रेस अध्यक्ष बनने तक की यात्रा को चित्रित किया गया। कांग्रेस के नेताओं, कार्यकताओं एवं आमजनता ने काफी तदाद में गांधी से जुड़े इन चित्रों का अवलोकन कर गांधी की प्रासंगिकता को जाना। इसके बाद कांग्रेस मुख्यालय में गांधी के विचारों और आदर्शो पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि महात्मा गांधी इस आधुनिक दुनिया में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और धार्मिक समस्याओं को हल करने के लिए अहिंसक तरीकों की वकालत करने वाले अद्वितीय व्यक्ति थे। महात्मा गांधी का मानना था कि हिंसा सिद्धांतिक रूप से गलत है और इसका विरोध करना हर किसी का कर्तव्य भी है। एक गलत को दूसरे गलत से ठीक नहीं किया जा सकता। किशोर ने कहा कि गांधी विश्व इतिहास में सत्याग्रह के पैगम्बर के रूप में प्रसिद्ध हैं लेकिन गांधीवादी सत्याग्रह केवल सद्भावना से ओत-प्रोत लोगों के जरिये ही चलाया जा सकता है, जो जनकल्याण का प्रभाव करते हैं। उन्होंने कहा कि दुख इस बात का है केन्द्र की सत्ता के जरिये आज जिस प्रकार गांधी के विचारों को, संविधान को बदलने की बात की जा रही है यह उचित नहीं है। यह देश गांधी का है और यह देश तभी विकसित होगा जब हम गांधी जी की प्रासंगिकता को बनाये रखने में कामयाब होंगे और कांग्रेस इसके लिए सदैव तत्पर है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि इस शताब्दी समारोह का आयोजन राज्य के तमाम जिलों में किया गया। संगोष्ठी सभा में कांग्रेस के वरीय नेता, अग्रणी संगठन विभाग के अध्यक्ष, पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। संगोष्ठी की अध्यक्षता रमा खलखो ने की और संचालन रांची ग्रामीण के जिलाध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने किया। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहु और सह प्रभारी राजन वर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस मौके पर अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल ने नितिन कुलकर्णी को प्रोन्नति पर दी बधाई



**रांची :** राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी ने गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। राज्यपाल ने नितिन कुलकर्णी को राज्य के अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नति होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही कहा कि नितिन मदन कुलकर्णी के प्रशासनिक अनुभव और कार्यकुशलता का लाभ राज्यवासियों को अवश्य मिलेगा।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शहीद उधम सिंह की जयंती पर किया नमन

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले महान क्रांतिकारी और अमर शहीद सरदार उधम सिंह की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया है। मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर अमर शहीद सरदार उधम सिंह की जयंती पर उन्हें सादर नमन किया है।

### भाकपा ने सौ वर्ष पूरे होने पर राज्य कार्यालय में मनाया स्थापना दिवस




**रांची :** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (भाकपा) के 100 वर्ष पूरे होने पर गुरुवार को राज्य कार्यालय में उल्लास और नए संकल्प के साथ स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने की। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि भाकपा ने 100 साल के लंबे सफर में देश को बनाने-संवारने, किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान के हक और अधिकार के लिए लगातार संघर्ष किया है। संघर्ष के दौरान बड़ी संख्या में पार्टी के सदस्यों ने शहादत देकर लाल झंडे के रंग को और लाल एवं गहरा कर दिया है। वर्ष 2025 संगठन और संघर्ष का वर्ष रहेगा। आने वाले दिन के लिए पार्टी पूरी तैयारी कर रही है। आरपी चौधरी ने कहा कि देश के निर्माण में पार्टी की अहम भूमिका रही है। उन्होंने 100 साल की संघर्ष गाथा को विस्तृत रूप से लोगों बताया। एटक के महासचिव अशोक यादव ने कहा कि हमारे संघर्ष का लंबा इतिहास रहा है। देश में सबसे ज्यादा शहादत देने वाली पार्टी भाकपा है। देश के मजदूर की लड़ाई लड़ते हुए अंग्रेजों से भी कई अधिकार प्राप्त किए। कार्यक्रम में किसान सभा के महासचिव पुष्कर महतो, वरीय उपाध्यक्ष भंते जैनेंद्र, अब्दुल कलाम रसीदी, आरपी चौधरी, इप्टा के श्यामल मल्लिक, पुरंदर महतो, लक्ष्मी देवी, अमित कुमार और मनोज ठाकुर शहीद के अलावा कई लोग मौजूद थे।

### श्रीश्याम मंदिर में 'सफला' एकादशी पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रांची :** श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में आज 'सफला' एकादशी के अवसर पर प्रात: से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रात: 5 बजे मंदिर के पट खोलकर मंगला आरती करके बाल भोग लगाया गया। एकादशी के अवसर प्रात: कालीन श्रृंगार करके श्रृंगार आरती की गयी, भोग अर्पित किया गया। प्रात: से ही भक्तजनो का बड़ी संख्या में आगमन होता रहा। सफला एकादशी के अवसर पर सायंकालीन विशेष भव्य श्रृंगार किया गया। श्रीश्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं नवीन पौशाक (बागा) पहनाकर कोलकाता से मंगाए गए विभिन्न फूलों डच पीला गुलाब, रजनीगंधा, लाल गुलाब, लाल गेंदा, पीला गेंदा, तुलसीदल की मोटी-मोटी मालाओं से खाटूनरेश को सजाया गया। मंदिर में विराजमान लड्डू गोपाल जी, शालीग्राम जी,राजा रामचंद्र, श्रीश्यामेश्वर महादेव, श्रीहनुमान जी, रिद्धी-सिद्धी, प्राचीन तेल चित्रो व गुरुजनों का भी विशेष श्रृंगार किया गया था। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि सायं 4.30 बजे विशेष श्रृंगारित गर्भगृहो के कपाट खुलते ही भक्तजनो का सैलाब दर्शन हेतु उमड़ पड़ा। खाटूनरेश की जयकारो से मंदिर परिसर गूंज उठा। ₹सफला₹ एकादशी का मुख्य समारोह रात्रि 9.30 बजे से प्रारंभ हुआ। गौरीशंकर - मीना सरावगी, अभिषेक -सुची सरावगी व आशीष सरावगी ने खाटूनरेश की दिव्य पावन अखण्ड ज्योति प्रज्वलित करके केशरिया पेड़ा, केशरिया रबड़ी, फल पंचमेवा, नारियल, मगही पान का भोग अर्पित कर खाटूनरेश के दरबार में मत्था टेका खुशहाली की प्रार्थना की । अनिल नारनोली ने पूजन -अनुष्ठान करवाया। इस अवसर पर दीपक - दीपा बंका ने नवीन पौशाक सेवा ,एक भक्त ने फल प्रसाद, महेश - निर्मला बंका ने पंचमेवा, अन्नपूर्णा सरावगी ने केशरिया रबड़ी, सुभाष - रौनक पौदार व मुकेश वरनवाल ने अलग-अलग मगही पान, हरमू निवासी छोटन कुमार ने केशरिया पेड़ा, गौरीशंकर - मीना सरावगी ने विशेष श्रृंगार एवं मुकेश मित्तल ने गिरीगोला की सेवा निवेदित की।

### पेट्रोल-डीजल पर सेस लगाकर दो-तीन रुपये प्रति लीटर दाम बढ़ाने की तैयारी : बाबूलाल

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि राज्य में पेट्रोल-डीजल के दामों में सेस लगाकर दो से तीन रुपये प्रति लीटर बढ़ोतरी की तैयारी चल रही है। मरांडी ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के राजस्व बढ़ाने के निर्देश के बाद अधिकारी जनता के पॉकेट पर बोझ लादकर सरकारी खजाना भरने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यह जनविरोधी फैसला तत्काल वापस लें। क्योंकि, इससे रोजमर्रा की चीजों में काफी महंगाई आ सकती है और आम जनजीवन पर बुरा असर पड़ेगा। मरांडी ने कहा है कि बिजली दर में बढ़ोतरी का प्रस्ताव और अब पेट्रोल डीजल के दामों में बढ़ोतरी के संकेत को देखकर जनता समझ चुकी है कि हेमंत सोरेन ने अव्यवहारिक चुनावी वादे कर उनके साथ कितना बड़ा छल किया है। उन्होंने कहा है कि राजस्व बढ़ाने के लिए छटपटाहट में लिया जा रहा सरकार का निर्णय जनता में भारी असंतोष पैदा कर रहा है। साथ ही मरांडी ने उम्मीद जताई है कि सारे जनप्रतिनिधि भी राजनीति से ऊपर उठकर आम जनजीवन पर दुष्प्रभाव डालने वाले इस निर्णय को वापस कराने की पहल करेंगे।

## एक नजर

### निजी अस्पताल में मां व बच्चे की मौत, लापरवाही का आरोप लगा परिजनों ने किया हंगामा

**धनबाद :** शहर के सरायढेला थाना क्षेत्र अन्तर्गत गोल बिल्डिंग के समीप साधना अस्पताल में गुरुवार की सुबह एक मरीज की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ। महिला के परिजन में अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि लटानी बरवाटॉड निवासी साजिया खातून को डिलीवरी के लिए परिजन ने बुधवार की शाम साधना अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां बुधवार की देर शाम गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गए। वही गुरुवार की अहले सुबह महिला की भी मौत हो गए। जिसके बाद परिजन उग्र हो गए और अस्पताल में तोड़फोड़ शुरू कर दिया। जबकि मृतक महिला के परिजन ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। अस्पताल प्रबंधन ने मामले की जानकारी सरायढेला पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सरायढेला पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुँची और मामले को शांत कराने में जुटी हुई है।

### आग लगने से हजारों की सम्पत्ति जलकर खाक



**बोकारो :** चंदनकियारी प्रखण्ड ग्राम कोड़िया टोला उपर दोलाही के रोहित राजवार के घर पर बुधवार रात को आग लग जाने से हजारों की संपत्ति नगदी सहित समान जल गया। घर मे रखा चावल, धान, नया साईकिल, सरकारी कागजात, नगदी 15000/– रुपये , बर्तन,सहित अन्य समान जल गया। रात को अचानक आग देखा तो हल्ला करने पर लोग जुटे तथा आग को बुझाने का प्रयास किया, तबतक घर जल चुका था। रोहित राजवार ने चंदनकियारी सीओ को आवेदन देकर आपदा प्रबंधन के तहत मदद करने की मांग किया है।
पीड़ित परिवार से मिले अर्जुन राजवार जेएलकेएम नेता सह पुर्व प्रत्याशी अर्जुन राजवार गुरुवार को पीड़ित परिवार से मिलकर हरसंभव मदद करने की आश्वासन दिया। उन्होंने सरकारी प्रावधान के तहत सरकारी लाभ देने का भरोसा दिया। साथ उपायुक्त से पीएम आवास देने का मांग किया है। मौके पर अर्जुन राजवार, बी एस सहित, अमृत सहित, कार्तिक महतो, नव म तो, राजेश राजवार, दिनबंधु राजवार, जीवन राजवार, गोपाल राजवार, रोहिनी राजवार आदि मौजूद थे।

### सीबीएसई आर्यभट्ट गणित चैलेंज में डीपीएस के तीन विद्यार्थियों ने मारी बाजी



**बोकारो :** डीपीएस, बोकारो के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपने विद्यालय और शहर का नाम गौरवान्वित किया है। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित आर्यभट्ट गणित चैलेंज 2024 में विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त की है। इनमें कक्षा 10 के छात्र कुणाल आनंद, आयुष लच्छीरामका और शीर्ष क्रेजिया के नाम शामिल हैं। इन तीनों ही बच्चों ने सीबीएसई पटना क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ 100 विद्यार्थियों की मेधाविता सूची में अपनी जगह पक्की करने में कामयाबी पाई है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने सोमवार को तीनों ही सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि सीबीएसई कक्षा आठवीं से 10वीं के छात्रों के लिए आर्यभट्ट गणित चैलेंज आयोजित करता है।

# उपायुक्त ने चंदनकियारी अंचल का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** गुरुवार को उपायुक्त विजया जाधव ने अंचल कार्यालय चंदनकियारी के हल्का 05 कार्यालय का निरीक्षण किया। मौके पर माननीय विधायक चंदनकियारी उमाकांत रजक, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय वर्मा, अंचलाधिकारी रवि आनंद, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने हल्का कर्मचारी 05 के कार्यालय निरीक्षण क्रम में कर्मचारी लाल मोहन दास से नामांतरण वादों/खारिज किए गए आवेदनों की जानकारी ली। इस दौरान सही ढ़ंग से रिकार्डों का संधारण नहीं होने, आवेदकों को नोटिस का तामिला सही से नहीं कराने आदि को लेकर नाराजगी व्यक्त की। इसको लेकर हल्का कर्मचारी लाल मोहन दास एवं अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक महेश नायक का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश दिया। आगे, उपायुक्त ने लंबित दाखिल खारिज वाद/जीएम लैंड रजिस्टर/लैंड बैंक रजिस्टर/अतिक्रमण वाद/फोर एच वाद आदि की क्रमवार समीक्षा की। इस दौरान अतिक्रमण वाद/फोर-एच वाद के मामलों पर नियमित सुनवाई नहीं करने, धीमा निष्पादन को लेकर भी नारजगी व्यक्त की। उन्होंने अंचलाधिकारी चंदनकियारी को इस बाबत स्पष्टीकरण पूछने का संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने अपर समाहर्ता को दाखिल खारिज के आवेदन क्रम में प्रज्ञा केंद्रों द्वारा आवेदनकर्ता का मोबाइल नंबर जरूर अंकित करेंगे, इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अगर प्रज्ञा केंद्रों द्वारा ऐसा नहीं किया जाएगा, तो उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। वहीं, हल्का कर्मचारियों को जीएम लैंड अतिक्रमित नहीं है, इसका सर्टिफिकेट समर्पित करने को कहा, सभी तरह के नोटिस का तामिला सही से कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण क्रम में प्रखंड सह अंचल कार्यालय चंदनकियारी परिसर में गंदगी, झाड़ियों को लेकर उपायुक्त ने नाराजगी जताई। प्रखंड विकास पदाधिकारी को इसको लेकर स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। उपस्थित ग्रामीणों ने बीडीओ/सीओ के प्रखंड मुख्यालय में नहीं रहने की बात कहीं। इस पर उपायुक्त ने बीडीओ/सीओ को प्रखंड परिसर स्थित आवासों में रहना सुनिश्चित करने एवं एक सप्ताह में परिसर की साफ सफाई कराने, आवश्यकतानुसार भवनों का रंग रोहन कराने आदि का निर्देश दिया। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित बीडीओ/सीओ को जरूरी दिशा निर्देश दिया। उन्होंने आमजनों की कई शिकायतों पर भी सुनवाई करते हुए समाधान को लेकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया।

## धनबाद में चार साहिबजादों के शहीदी दिवस पर निकली प्रभातफेरी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** शहीद हुए चार साहिबजादे की याद में गुरुवार को धनबाद के जोड़ाफाटक रोड स्थित छोटा गुरुद्वारा से मटकुरिया गुरूद्वारे तक पांच प्यारे को सजा प्रभातफेरी निकाली गई। गुरु गोविंद सिंह जी की माता गुजर कौर एवं चार साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी की अद्वितीय शहादत को याद किया गया। इस दौरान कीर्तन व रागी जत्थों द्वारा गुरुजन से श्रद्धालुओं को निहाल किया। वहीं साहिबजादों की शहीदी व जीवनी का विस्तारपूर्वक वर्णन करके संगतो को निहाल किया। इस प्रभातफेरी में विधायक राज सिन्हा, समाजसेवी दिलीप सिंह समेत जिले के कई प्रबुद्ध लोग शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि चार साहिबजादो की याद में यह प्रभातफेरी निकाली गई है। इसे बाल दिवस के रूप में भी मनाते हैं और उनके शहादत को याद किया गया। उन्होंने कहा ऐसे आयोजनों से उन बलिदानियों का जो इतिहास रहा उसका संदेश पुरे विश्व में जाता है। समाजसेवी दिलीप सिंह ने इस अवसर पर कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी की माता गुजर कौर एवं चार साहिबजादों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रभातफेरी मटकुरिया गुरुद्वारा पहुंचने के बाद वापस प्रभात फेरी बड़ा गुरुद्वारा पहुंची जहां सभी लंगर में शामिल हुए जिनके बीच लंगर वितरित किया गया। गुरु सिंह सभा के द्वारा नगर कीर्तन हुआ।

## आठ दिनों से लापता युवक का शव खेत में दफन मिला, पुलिस ने दोस्त को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** हरिहरपुर थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। आठ दिनों से लापता एक युवक का शव एक खेत में दफन मिला है। पुलिस ने इस मामले में युवक के दोस्त को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, हरिहरपुर गांव निवासी बिरजू सिंह उर्फ टिकला पिछले बुधवार से लापता थे। उनके परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल पाया। बाद में, पुलिस को शक हुआ कि टिकला के दोस्त कपिल ठाकुर के साथ कुछ गड़बड़ है। पुलिस ने कपिल ठाकुर से पूछताछ की तो उसने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने कपिल के बताए अनुसार एक खेत से टिकला का शव बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**क्या है पूरा मामला**

बिरजू सिंह उर्फ टिकला हाल ही में जेल से छूटा था और वह अक्सर अपने दोस्त कपिल ठाकुर के घर रहता था। कपिल की पत्नी भी टिकला से मिलने जाती थी। बताया जा रहा है कि टिकला और कपिल की पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके चलते कपिल ने टिकला की हत्या कर दी। बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने बताया कि खेत में दफन शव को बरामद किया गया है। मामले में एक व्यक्ति कपिल ठाकुर को गिरफ्तार किया गया है। शव का पोस्टमार्टम करा लिया गया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## सहयोगिनी संस्था ने वार्षिक सम्मेलन का किया आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** इस दौरान संस्था द्वारा संचालित सामाजिक गतिविधियों की समीक्षा की गई। तथा वर्ष 2025 का प्लानिंग को लेकर के कार्यकताओं ने सहमति प्रदान की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी की अध्यक्ष सुचित्रा सिंह ने कहा कि संस्था बोकारो जिले के कसमार, पेटरवार, जरीडीह, बेरमो, चास प्रखंड में विगत 24 वर्षों से सक्रिय रूप से महिलाओं बच्चों के अधिकार को लेकर के कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 में 275000 लाभुकों के साथ कार्य किया गया। आमलोगों का विश्वास सहयोगिनी के प्रति सकारात्मक रहा है। सहयोगिनी के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि संस्था ग्रामीण विकास, बाल विवाह, बाल यौन हिंसा, बाल तस्करी, आजीविका संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण, बच्चों के कुपोषण को लेकर के सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। जिसमें सभी कार्यकताओं के द्वारा जमीनी स्तर पर लगातार कार्य किया जा रहा है। इस दौरान सहयोगिनी के कार्यकारिणी समिति सदस्य अमरेंद्र अनूप, सूर्यमणि देवी, रीता देवी, निदेशक गौतम सागर ने भी संबोधित किया। इस दौरान संस्था की कुमारी किरण, रवि कुमार राय, अभय कुमार सिंह, नीतू सिंह, सनी कुमार, मंजू देवी, सोनी देवी, फुलेश्वरी देवी, दशमी देवी, प्रतिमा सिंह, विनीता देवी, रेखा देवी, संगीता देवी, बिनिया देवी, गिरीबाला देवी, विकास कुमार ,अनिल कुमार हेंब्रम, प्रकाश कुमार आदि उपस्थित थे।

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप, मामला दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** कतरास थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला काजल कुमारी ने जोगीडीह कॉलोनी के युवक रोशन चौहान पर प्रेम जाल में फंसा कर शादी का झांसा देकर 6 महीना तक यौन शोषण करने का आरोप लगाया। मामले को लेकर पीड़िता ने महिला एवं बाल संरक्षण थाना बाघमारा में लिखित शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। दिए गए शिकायत के अनुसार पीड़िता ने बताया कि उसकी उम्र 24 वर्ष है। वर्ष 2018 मैं मेरी शादी श्रवण चौहान से हुआ। जिससे मुझे एक लड़की भी है। आपसी मतभेद के कारण 2024 में मैं और मेरे पति अलग हो गए हैं। मेरी बेटी अपने पिताजी के साथ रहती है। पति से अलग होने पर मुझे डेढ़ लाख रुपया मेरे पति के द्वारा खाना खोराकी के रूप में दिया गया था। इस पूरे तलाक प्रक्रिया के दौरान एक लड़का रोशन चौहान, उम्र 25 वर्ष पिता वासुदेव चौहान पता जोगीडीह कॉलोनी, थाना सोनारडीह जिला धनबाद ने मेरी बहुत मदद की। इसी दरमियान हर रोज रोशन चौहान से मोबाइल पर बातचीत होने लगा और हम दोनों एक दूसरे के काफी करीब आ गए। उसने मुझसे शादी करने की बात कही इसके बाद हम दोनों ने कतरास लिलोरी मंदिर में बिना किसी गवाह और पंडित के अगस्त 2024 में शादी कर लिए। फिर वह मुझे भाड़े के रूप में कतरास भंडारीडीह में करीब 6 महीने तक रखा। इस दौरान हमारे बीच कई बार शारीरिक संबंध बना। लेकिन उन्होंने ना तो अपने परिवार वालों से मुझे मिलवाया ना ही अपने घर लेकर गए। 8 नवंबर 2024 को मेरी सास एवं मेरा देवर विकास चौहान मेरे किराए के मकान में आकर मारपीट तथा गाली गलौज करने लगे और जान मारने का धमकी दिया।

# दुकानदार सिगरेट के विज्ञापन का पोस्टर न लगायें : थाना प्रभारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** चास थाना प्रभारी के निर्देशन में चास थाना क्षेत्र में सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 एवं पेका एक्ट-2019 की धारा 4 व 6ए, 6बी के तहत नियमित जांच अभियान चलाया गया जिसमें जिला छापामारी दल के सदस्य मो0 असलम के द्वारा चास थाना क्षेत्र के धर्मशाला मोड, तेलीडीह मोड, क्रेसेन्ट पब्लिक स्कूल के सामने, चेकपोस्ट चास क्षेत्र के कुल 67 दुकानों की जांच की गई जिसमें 16 दुकानों/व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 2150 रुपए की वसूली की गई। मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो द्वारा बताया गया कि छापामारी के दौरान सभी दुकानों पर पाया गया कि लोग पोस्टर चिपका कर सिगरेट व अन्य तम्बाकू उत्पाद का विज्ञापन कर रहे हैं जोकि कोटपा-2003 की धारा 5 के तहत प्रतिबंध है। छापामारी के दौरान सभी दुकानों से विज्ञापन वाले पोस्टर हटाया गया साथ ही सभी दुकानों में कोटपा-2003 की धारा 6ए का अनुपालन कराया गया। सभी तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले को 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तम्बाकू पदार्थ बेचना या बेचवाना कानूनन अपराध है। का पोस्टर दुकान के सामने लगवाया गया। जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा बताया गया कि बोकारो जिला में प्रिन्ट मीडिया के सहयोग से लगातार दैनिक समाचार के माध्यम से सभी को अवगत कराया जा रहा है कि वह अपने दुकानो पर सिगरेट व तम्बाकू उत्पाद के प्रचार प्रसार का पोस्टर न लगायें और न ही स्कूल के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद की बिक्री करें। इस अवसर पर चास थाना से छापामारी दल व स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### संत जेवियर्स स्कूल ने मनाया 24 वां वार्षिकोत्सव



**धनबाद :** जीवन मे शिक्षा के बैगर कुछ भी नही उक्त बातें सुशील कुमार सिंह ने तेतुलमारी के धनबाद संत जेवियर्स स्कूल के 24 वे स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुये कहा। उन्होंने कहा कि जीवन को सही दिशा दिखाने का कार्य शिक्षा करती है। स्कूल के निर्देशक राज किशोर सिंह ने अतिथियों का स्वागत व स्वर्गीय राम नारायण सिंह स्मृति सम्मान प्रदान करते हुये कहा कि कोई भी छात्र माता पिता के बाद गुरु का सम्मान करना कभी नही भूलना चाहिये,माता पिता हरेक इंसान के प्रथम गुरु व देवता होते है, लेकिन शिक्षा प्रदान करने वाले गुरु जीवन को दिशा व सम्मान दिलाने का कार्य करते है। देखते देखते ये शिक्षा संस्थान सभी बुद्धिजीवी के सहयोग से ये संस्था अपने 24 वर्ष की यात्रा पूरी कर की है,अन्य अतिथियों में कहा कि धनबाद संत जेवियर्स स्कूल तेतुलमारी ने 24 साल का सफर तय कर क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र एक अलग मुकाम हासिल किया है। अतिथियो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व गणेश वंदना व मंगल भवन अमंगल हरि भक्ति संगीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ मौके पर शैलेन्द्र कुमार सिंह,सुरेश ठाकुर,पंकज सिंह, राममूर्ति सिंह, राजकिशोर सिंह, सुप्रिया सिंह,विक्रम कुमार,बी के घोष,एस एन मिश्रा,रवि शंकर शर्मा,रंजीत सिंह,संजीत सिंह स्कूल के छात्र छात्राओं व अभिभावक उपस्थित थे।

### वीर बाल दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**धनबाद :** आर. एस. पी. कॉलेज झरिया धनबाद में वीर बाल दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन माई भारत पोर्टल के जरिए भारत मंडपम, नई दिल्ली मे आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रदर्शन महाविद्यालय के बीएड लेक्चर रूम 02 मे किया गया जिसमे महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्बोधन एवं माननीय राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित 17 वीर बालको के सम्मान समारोह को देखा. कार्यक्रम के दूसरे दिन एक परिचर्चा का आयोजन किया गया एवं जिसमे विभिन्न विभाग के शिक्षक एवं विद्यार्थी अपने विचार रखेंगे।

### सम्पूर्ण जनजागृती ऑर्गनाइजेशन ने की तुलसी पूजन



**धनबाद :** गुरुवार को सामाजिक संस्था सम्पूर्ण जनजागृती ऑर्गनाइजेशन डुमरा में तुलसी पूजन, खोरठा दिवस सह समर्थ भारत पर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री कवि सह पत्रकार अटल बिहारी वाजपेयी एवं बाघमारा विधायक शत्रुघन महतो का जन्मदिन भी मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शत्रुघन महतो ने तुलसी पूजन व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं लालचंद महतो मेमोरियल ट्रस्ट के नीरज कुमार ने संस्था को निशुल्क समरसेबुल वाटर पंप एवं पानी टंकी प्रदान की। बाघमारा विधायक ने संस्था के कार्य का उल्लेख करते हुए संस्था को हर तरह से सहयोग करने के बात कही। साथ ही माटीगढ़ा डैम के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए बीसीसीएल के सीएमडी से बातचीत करने की बात कही। साथ ही संस्था द्वारा पत्रकारों को अटल पत्रकारिता सम्मान से नवाजा गया। संस्था ने सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए आरटीआई कार्यकर्ता अरबिन्द सिन्हा को भी सम्मानित किया। बाघमारा विधायक ने बाघमारा बाइट नामक सोशल मीडिया साइट का उदघाटन कर शुभारंभ किया। इससे पूर्व संस्था द्वारा माटीगढ़ा स्थित जमुनिया डैम के सौंदर्यीकरण के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें सम्पूर्ण शिक्षा केंद्र एवं गुरुकुलम स्कूल के विद्यार्थियों ने शामिल होकर डैम के सौंदर्यीकरण के लिए लोगों को जागरूकता संदेश दिया। संपूर्ण शिक्षा केन्द्र के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सत्यजीत सोनू ने किया। कार्यक्रम में अतिथि रूप में डुमरा दक्षिण पंचायत के मुखिया आनंद कुमार महतो, उपेंद्र कुमार, दिनेश कुमार महतो व आरटीआई कार्यकर्ता अरबिन्द सिन्हा शामिल थे।

### मुर्गा अखाड़ा में लाखों का लगा सट्टा जमकर बिके देशी और विदेशी शराब



**धनबाद :** महुदा थाना क्षेत्र के बागड़ा पंचायत सचिवालय से 50 मीटर आगे ग्रामीण सड़क के किनारे मुर्गा अखाड़ा का आयोजन किया गया। जहां लोगों की भारी भरकम भीड़ जुटी। इस आयोजन में जहां एक और जुआड़ियों ने लाखों करोड़ों का सट्टा लगाया वहीं जमकर देशी और विदेशी शराब भी बेचे गए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस आयोजन के दौरान किसी बात को लेकर दो गुटों में विवाद हो गया जो बाद में मारपीट में बदल गया। बताया जा रहा है कि इस मारपीट में कई लोगों को चोट भी लगा है। बता दे कि हाल ही में ऐसे अवैध मुर्गा अखाड़ों के आयोजनों पर रोक लगाने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन ने दंभ भी भरा था। ऐसे अवैध अखाड़ों का आयोजन करने वालों पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करने का दावा किया था। लेकिन इस आयोजन ने उन दावों की पोल खोल कर रख दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता ऐसे आयोजनों को बढ़ावा दे रही है। प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े करते हुए स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि पुलिस सच में सक्रिय होती तो इस तरह के अवैध मुर्गा अखाड़ा का आयोजन नहीं होता और न ही लोग अपनी कमाई के पैसे सट्टा में गंवाते अब सवाल उठता है।

## एक नजर

### बीडीओ और सीओ ने की अलाव की व्यवस्था

**चतरा :** जिले में बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए पत्थलगडा प्रखंड प्रशासन की ओर से गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय में अलाव की व्यवस्था की गई है। संध्या में बीडीओ कलिंदर साहू और अंचलाधिकारी उदल राम ने अलाव जलाया। सुभाष चौक, पुराना पंचायत भवन सहित अन्य स्थानों में अलाव की व्यवस्था की गई है। इस मौके पर बीडीओ और सीओ ने बताया कि अन्य सार्वजनिक स्थानों में भी ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था की जाएगी। इस मौके पर बरवाडीह मुखिया महेश दांगी सहित अन्य उपस्थित थे।

### नंदुभुमि स्पोटिंग क्लब तुलिन फुटबॉल खेल में बना विजेता

**मुरी :** सिल्ली विधायक अमित महतो ने विजयी टीम नंद भुमि स्पोटिंग क्लब को फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार में खस्सी प्रदान किया। विजेता टीम नंद भुमि स्पोटिंग क्लब ने पेनाल्टी में 4-3 से जीत हासिल की थी। वही उपविजेता टीम जीएफसी हेरलाबेडा, लोटा को भी जिप सदस्या लक्ष्मी देवी ने खस्सी दिया। ज्ञात हो कि नव वर्ष की शुभकामनाओ के साथ स्व निर्मल महतो जयंती महतो जयंती पर आयोजित दो दिवसीय डब्बल खस्सी फुटबॉल प्रतियोगिता लोटा राजकीय मध्य विद्यालय के मैदान में खेला किया गया था। बेस्ट खिलाड़ी ग्यारह नं जर्सी तुलिन के लम्बु मेंडल के साथ मेमेंटो समाज सेवी अमित सिंह मुंडा ने दिया। वहीं वेस्ट गोलकीपर जीएफसी टीम के मनोज महतो को डाक्टर परमानंद महतो ने दिया।

### सरिया के प्रवासी मजदूर की मुंबई में मौत

**सरिया :** सरिया प्रखंड क्षेत्र के अमनारी पंचायत अंतर्गत रेहाटांड गांव निवासी प्रवासी मजदूर कपिलदेव मंडल (51) पिता स्व अकल महतो की मौत बुधवार को इलाज के दौरान मुंबई के एक अस्पताल में हो गई। जिनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक आवास पर गुरुवार को पहुंचा। इस दु:ख की घड़ी में सूचना पाकर स्थानीय मुखिया अजय यादव, समाजसेवी हरिहर मंडल सहित काफी संख्या में लोग पहुंचे। प्रवासी अनुदान राशि जल्द मिलने का आश्वासन दिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कपिल देव मंडल बीते 15 वर्षों से मुंबई में मजदूरी का काम करता था 1 वर्ष पूर्व उनका स्वास्थ्य खराब रहने परंतु गरीबी के कारण मुंबई में ही रहकर मजदूरी करता तथा इलाज करवाता था। कुछ दिनों पूर्व उसकी स्थिति अधिक खराब हो गई। जानकारी पर पत्नी देवंती देवी भी वहां पहुंची। परंतु इलाज के दौरान कपिल देव मंडल ने दम तोड़ दिया। प्रवासी मजदूरों की मृत्यु के पश्चात सरकार द्वारा आश्रितों को दी जाने वाली मुआवजे की राशि की मांग को लेकर श्रम अधीक्षक गिरिडीह को आवेदन दी है।

# किसानों की आय दुगुनी करने के लिए लगन के साथ कार्य करने की जरूरत : जिप अध्यक्ष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र चियांकी मेदिनीनगर के सभागार में गुरुवार को जिला स्तरीय रबी कर्मशाला 2024 का आयोजन किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद और जिला कृषि पदाधिकारी दीपक वर्मा ने दीप प्रज्जवलन कर कर्मशाला का शुभारंभ किया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ने सभी किसानों से इस कर्मशाला में अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दुगुनी करने के लिए लगन के साथ कार्य करने की जरुरत है।



उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस तरह के आयोजन से प्रगतिशील किसान को कृषि के क्षेत्र में बहुत लाभ होता है। रबी फसल का उत्पादन कैसे बेहतर हो उसी को लेकर यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जहां किसानों को रबी फसल के बारे में विस्तृत जानकारी दी जायेगी। उन्होंने सामूहिक कृषि पर जोर देते हुए किसानों के उत्पादक समूह को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करने की बात कही। इस दौरान कृषि पदाधिकारी दीपक वर्मा ने रवि मौसम में बीज की बुवाई से लेकर कटाई तक की तकनीकी जानकारी किसानों से साझा की। कृषक मित्रों को रबी के मौसम में फसलों में लगने वाले कीट पतंगों के नियंत्रण और रोकथाम की विस्तृत जानकारी दी गयी। आत्मा के जरिये संचालित कृषि की योजनाएं जैसे मिट्टी नमूना संग्रह, केसीसी ऋण माफी योजना, टपक सिंचाई सहित अन्य विषयों से भी किसानों को अवगत कराया गया। मौके पर जिला उद्यान, मत्स्य, पशुपालन, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र और क्षेत्र अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक सहित अन्य मौजूद थे।

## निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण निर्धारण के लिए सर्वे करने का निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बाद अब निकाय चुनाव की तैयारी में प्रशासनिक महकमा जुट गया है। गुरूवार को पिछड़े वर्गों के आरक्षण निर्धारित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) शशि रंजन ने संबंधित पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक की। बैठक में आरक्षण निर्धारण के लिए सर्वे कराने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) शशि रंजन ने गुरूवार को कहा कि नगर निकायों में पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण का निर्धारण किया जाना है। ऐसे में सभी संबंधित नगर निकाय पदाधिकारियों को अपने क्षेत्रा अंतर्गत प्रगणक, पर्यवेक्षक एवं अनुश्रवण समिति की प्रतिनियुक्ति का गठन सुनिश्चित



करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को वार्डवार विखंडन करने, इसके पश्चात डोर-टू-डोर सर्वे कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। बैठक में सर्वे प्रपत्रों की आवश्यकतानुसार छपाई, मुद्रण का निर्देश दिया। पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि राज्य के नगर निकायों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिये जाने से संबंधित कार्यों को सुनिश्चित रूप से आयोग द्वारा निर्धारित तिथि तक पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

## विवादित योजना करें रद, बिजुलिया तालाब का हो सौंदर्यीकरण : ममता देवी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ विधायक ममता देवी की दूसरी पारी शुरू हो चुकी है। क्षेत्र में ममता देवी ने अपनी उपस्थिति ना सिर्फ दर्ज की, बल्कि अब वह योजनाओं पर भी पूरा ध्यान दे रही हैं। गुरुवार को रामगढ़ सर्किट हाउस में उन्होंने जिला परिषद के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने विवादित योजनाओं को तत्काल रद्द करने और विकास योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ने पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने 96 लाख की लागत से बिजुलिया तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य को और तेजी से करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जैसी प्रगति अभी तक दिख रही है वह संतोषजनक नहीं है। ठेकेदार को इसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा



करना होगा। सबसे पहले वहां लगे सभी स्ट्रीट लाईट को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि तीन करोड़ 62 लाख की लागत से 9 उपस्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण कार्य चल रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार प्राथमिकता है। निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता का ध्यान रखने का निर्देश दिया गया। दोहाकातू गांव में नाली निर्माण का कार्य 15वें वित्त आयोग से स्वीकृत हुआ था, लेकिन विवाद के कारण वह कार्य नहीं हो पाया है।विधायक ने इस विवादित योजना को रद्द करने को कहा। इस दौरान विधायक ममता देवी ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर रूपरेखा तैयार की गई है। अधिकारी नियत समय पर कार्य को पूरा करें, साथ ही उच्च गुणवत्ता का ध्यान रखें। तभी जनता को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल पाएगा।

## अंतरराज्यीय लुटेरों के गैंग के नौ सदस्य गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा पुलिस को सड़क लुटेरों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। लुटेरों के गैंग के नौ सदस्य पुलिस के गिरफ्त में आए हैं। गिरफ्तार अपराधियों में गढ़वा के टंडवा का तैकीर आलम, शिरीया टोंगर का निशार अंसारी उर्फ छोटू, इम्माम अंसारी, परसवान का फिरदौश अंसारी, कदवन का सदरे आलम, पतिहारी का अलताफ अंसारी, बिहार के गया का बुटू यादव, पंकज कुमार यादव और पलामू के चैनपुर का शत्रुधन चौरसिया शामिल है। गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में एसपी दीपक पांडेय ने बताया कि 20 दिसंबर की रात अपराधियों ने एक 18 चक्का ट्रॉली गढ़वा थाना क्षेत्र के रंका रोड में ओबरा के पास से लूट कर फरार हो गए थे। अपराधी ट्रेलर लूटने अशोका लीलैड चेचिस इंजन और बलेनो कार से पहुंचे थे। ओवर टेक कर ट्रेलर को लूट था। इस मामले में गढ़वा थाना में एफआईआर दर्ज



हुई थी। एसपी ने बताया कि लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए गढ़वा एसडीपीओ नीरज कुमार के नेतृत्व मे एक पुलिस टीम का गठन किया गया था। अपराधियों की जानकारी जुटाने में टीम लगी हुई थी। इसी क्रम में पुलिस टीम की त्वरित कारवाई से घटना में लूटे गए ट्रॉली और इंजन को रंका के जेपीएस लाईन होटल और लरकोरिया में इम्तियाज होटल के पास से बरामद किया गया । छापेमारी टीम ने घटना में शामिल अंतरराज्यीय लुटेरों गैंग के सभी नौ अपराधियो को अलग अलग जगहो से गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर लूट में प्रयोग किया गया बलेनो कार और अशोका लीलैंड के चेचिस इंजन को भी बरामद कर लिया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार लुटेरों ने 26 अगस्त की रात रेहला-गढ़वा रोड बेलचम्पा के पास से एक ट्रॉली को लूट लिया था। लूटे गए ट्रॉली को बरामद करने के लिए एक टीम को राज्य से बाहर भेजा गया है। लूटे गए ट्रॉली का पहचान छिपाने के लिए चांडील के पास एक गैरेज में पेन्ट करा दिया गया है। इस कांड में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार को भी बरामद किया गया है। 18 चक्का ट्रॉली को लूटकर 17 लाख की ट्रॉली पांच लाख में दूसरे राज्य में बेच देते थे। दोनों ही लूट में प्रयोग किया गया अशोक लीलैंड का चेचिस शेरघाटी के रहने वाले बुटू यादव का है।

## अफीम की खेती के खिलाफ प्रशासन ने चलाया अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर जिले में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ गुरुवार को व्यापक अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत खूंटी प्रखंड के चिकोर सहित अन्य क्षेत्रों में अफीम की अवैध खेती को नष्ट किया गया। जिला प्रशासन ने ट्रैक्टर और अन्य संसाधनों का उपयोग कर इन फसलों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। कार्रवाई में अंचल अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन ने इस अभियान के माध्यम से अवैध खेती करने वालों को कड़ा संदेश दिया है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को जिले में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अफीम की अवैध खेती मामले में संलिप्त लोगों को चिह्नित कर एफआइआर सहित अन्य कार्रवाई का निर्देश दिया गया। साथ हीं उपायुक्त ने आम जनता से अपील की है कि वे अवैध गतिविधियों की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें, ताकि जिले को अपराधमुक्त बनाया जा सके।

# मजदूरी के भुगतान के मुद्दे पर बंद होगा सिरका लोकल सेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** मजदूरी के भुगतान के मुद्दे पर एक बार फिर सिरका लोकल सेल बंद होगा। 27 दिसंबर से अनिश्चितकालीन बंदी का ऐलान सेल संचालन समिति ने किया है। बंदी से पहले समिति के पदाधिकारियों ने सीसीएल के पदाधिकारी और रामगढ़ जिला प्रशासन को इसकी सूचना दी है। सेल संचालन समिति के अध्यक्ष राजेश बेदिया ने बताया कि लोकल सेल को शांतिपूर्ण और मजदूर हित में चलाने को लेकर कई महीनो से जारी विवाद खत्म हो गया था। साथ ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में सेल को संचालित करने का फैसला भी हुआ था। इस दौरान यह निर्देश भी जारी किया गया था कि मजदूरों का बकाया मजदूरी लिफ्टर से प्राप्त कर भुगतान कर दिया जाए। लेकिन लिफ्टर अब किसी की



बात नहीं मान रहे हैं। इस मुद्दे पर सेल्स संचालन समिति ने यह फैसला किया है कि मजदूरों का बकाया मजदूरी शीघ्र भुगतान किया जाए। अन्यथा 27 दिसंबर से सिरका कोलियरी का उत्पादन और संप्रेषण अनिश्चितकालीन के लिए बंद कर दिया जाएगा। इसकी जवाबदेही स्थानीय सीसीएल प्रबंधन और जिला प्रशासन की होगी। सेल संचालन समिति के अध्यक्ष राजेश बेदिया ने बताया कि समिति और कांग्रेसी नेता समसूद खान के बीच 20 दिसंबर को एसडीओ कार्यालय में वार्ता हुई थी। उस दौरान एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी और रामगढ़ विधायक ममता देवी भी मौजूद थी। इस वार्ता में सितंबर माह से मजदूरों का बकाया मजदूरी कोयला व्यवसायियों के प्रतिनिधियों से लेकर मजदूरों के बीच भुगतान करने का फैसला हुआ था। एसडीओ और ममता देवी ने मौखिक आदेश दिया था, लेकिन उसके बावजूद भुगतान नहीं हो सका। राजेश बेदिया ने बताया कि 17 दिसंबर को सिरका रोड सेल संचालन समिति और प्रभावित समसूद खान के बीच समझौता हुआ था। इस समझौते में कांग्रेस को कुल 15 दंगल का नेतृत्व करने का आदेश समिति के द्वारा दिया गया था। सब कुछ होने के बावजूद मुख्य मुद्दा ही भटक गया। मजदूरों को मजदूरी का भुगतान करने से रोक दिया गया है। अब समिति खुद ही इस मुद्दे पर मुखर रूप से आगे आ चुकी है और सिरका कोलियरी में उत्पादन ठप करने का फैसला लिया गया है। इस प्रकरण पर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने कहा कि सिरका सेल संचालन समिति और सीसीएल के बीच कई महीने से विवाद चल रहा है। सेल में भी कई गुट हैं जो एक दूसरे के साथ भिड़ते रहते हैं। वह आपस में कैसे ताल में बिठाएंगे यह उनका व्यक्तिगत निर्णय है। अगर मजदूरी की बात है तो सीसीएल प्रबंधन फैसला ले सकती है। अगर वहां विधि व्यवस्था बिगड़ती है तो जिला प्रशासन कदम उठाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### नाबालिग ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

**कोडरमा :** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के देवी मंडप रोड स्थित एक मकान में एक नाबालिग ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। मृतका की पहचान सुहानी सिन्हा (17 ) के रूप में हुई है। मामले को लेकर मृतका के चाचा अनिल सिन्हा ने गुरुवार को बताया कि वे सब बिशुनपुर रोड स्थित अपने किसी रिश्तेदार के यहां पार्टी में गए हुए थे। वापस लौटा तो देखा कि सुहानी का कमरा बंद पड़ा हुआ है। दरवाजा खटखटाने पर जब सुहानी के जरिये दरवाजा नहीं खोला गया तो दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने पर देखा कि उसका शव फंदे से लटक रहा है। उसे आनन फानन में सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ हुआ घायल

**सरिया(गिरिडीह) :** आरपीएफ हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन के अधीनस्थ चीचाकी के समीप रेलवे पटरी पर करने के दौरान एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन-फानन में उचित इलाज हेतु बाहर ले जाया गया। उक्त घायल व्यक्ति की पहचान बगोदर थाना क्षेत्र के बरवाडीह पंचायत अंतर्गत खटैया गांव निवासी निर्मल महतो (55)पिता प्रसादी महतो के रूप में की गई। घटना के संबंध में आरपीएफ कैंपिंग स्टॉफ शंभू शरण प्रसाद के अनुसार गुरुवार की दोपहर लगभग 12:05 बजे उक्त व्यक्ति किलोमीटर संख्या 334/31-33 के बीच रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इसी बीच अप की ओर से आ रही गुड्स ट्रेन की चपेट में आ गया। इंजन से टकराकर वह दूर जा गिरा। जिस कारण उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। कुछ ही दूर पर रेलवे ट्रैक पर काम कर रहे रेल कर्मियों द्वारा नजर पड़ने पर इसे रेलवे लाइन से बाहर किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर आरपीएफ कैंपिंग स्टाफ सहित पास पड़ोस के लोग पहुंचे।


**गव्य विकास निदेशालय**
**(कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग)**
**झारखण्ड, रॉंची**

गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत दुधारू गाय/भैंस के आपूर्त्ति के लिए एजेन्सी/गैर सरकारी संस्था/कम्पनी/आपूर्तिकर्त्ता के चयन-सह-सूचीबद्ध करने हेतु "इच्छा की अभिव्यक्ति" का आमंत्रण

विभागीय राज्यादेश- 14 रा० (वि०) दिनांक-01.07.2024 में निर्दिष्ट प्रावधानों के तहत् राज्य के सभी जिलों में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत दुधारू गाय/भैंस वितरण का कार्य किया जा रहा है। इस योजना हेतु निर्धारित जिलावार लक्ष्य के अनुरूप संकर/उन्नत नस्ल के दुधारू गाय/भैंस की आपूर्ति करने के लिए इच्छुक दुधारू पशु आपूर्तिकर्त्ताओं/विक्रेताओं/व्यापारियों से संलग्न परिशिष्ट के वर्णित प्रारूप में आवेदन की मांग की जाती है :-

| | |
|---|---|
| 1. कार्य | दुधारू गाय/भैंस वितरण योजना अंतर्गत संकर/उन्नत नस्ल के दुधारू गाय/भैंस की आपूर्ति |
| 2. कार्यक्षेत्र | सभी जिला, झारखण्ड राज्य |
| 3. लक्ष्य | विभागीय राज्यादेश- 14 रा० (वि०) दिनांक-01.07.2024 के तहत् दुधारू गाय/भैंस वितरण हेतु निर्धारित जिलावार लक्ष्य का कुल योग |
| 4. आवेदन मूल्य | ₹ 5000/- (पाँच हजार रूपये) का Non-refundable बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक से) सहायक निदेशक (गव्य), गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची के नाम से एवं देय- रॉंची (In Favour of Assistant Director (Dairy), Directorate of Dairy Development, Ranchi & Payable at Ranchi) |
| 5. दस्तावेज प्राप्त करने की प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि | प्रारंभिक तिथि - 26.12.2024<br>अंतिम तिथि - 25.01.2025 |
| 6. निविदा खोलने की तिथि | 30.01.2025 |
| 7. आवेदन पत्र एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु कार्यालय का पता | गव्य विकास निदेशालय, सेक्टर-2, धुर्वा, रॉंची- 834004<br>सभी जिला गव्य विकास कार्यालय, झारखण्ड राज्य |
| 8. निविदा प्रपत्र जमा करने हेतु कार्यालय का पता | निदेशक, गव्य, गव्य विकास निदेशालय, सेक्टर-2, धुर्वा, रॉंची-834004<br>इच्छुक एजेन्सी/गैर सरकारी संस्था/कम्पनी/आपूर्तिकर्त्ता द्वारा उपरोक्त पते पर कार्यालय अवधि में हाथों-हाथ अथवा डाक द्वारा तथा एक प्रति ई-मेल (dairydevelopmentjharkhand@gmail.com) के माध्यम से जमा किया जा सकता है। |
| 9. सम्पर्क संख्या | 9279042890/8507739859 |

- नोटः वैसे पशु व्यापारियों को जिन्हें पूर्व में प्रकाशित 'इच्छा की अभिव्यक्ति' के तहत् सूचीबद्ध किया गया है, को दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।
- नोटः इसे वेबसाईट www.jharkhand.gov.in अथवा http://ahd/jharkhand.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

ह०/-
निदेशक, गव्य
गव्य विकास निदेशालय,
झारखण्ड, रॉंची

PR 342849 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)24-25*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,एन०आर०ई०पी०,खूँटी**

**ई. निविदा अन्तर्गत अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**
**(Two Envelope System)**

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-NREP/KHUNTI/F2-7/2024-25 दिनांक-26.12.2024
कार्य का नामः-

| ग्रुप सं० | योजना का नाम | जिला | प्रखंड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | ग्राम लरता में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य | खूँटी | कर्रा | 55.50 | 0.10 | 11 माह |
| 2. | लिमड़ा पंचायत के ग्राम गुमड़ू में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य | खूँटी | कर्रा | 55.50 | 0.10 | 11 माह |
| 3. | बमरजा पंचायत के ग्राम सरदुला में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य | खूँटी | कर्रा | 55.50 | 0.10 | 11 माह |

नोट-केवल ई.-निविदा ही स्वीकार होगा।
1. अधिक जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखें।
2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:-04.01.2025 अपराहन 2:00 बजे
3. ई.-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय :-10.01.2025 अपराहन 5:00 बजे तक
4. ई.-निविदा की परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाईन जमा करने अंतिम तिथि एवं समयः-10.01.2025 अपराहन 5:00 बजे तक (e-Procurement Portal -jharkhandtenders.gov.in)
5. निविदा खोलन (Technical Bid) की तिथि:-13.1.2025 को अपराहन 2:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम,पता,दूरभाष सं. एवं ई.-मेल आई डी:-कार्यपालक अभियन्ता,एन०आर०ई०पी०,खूँटी/9199914370/email:-divisionnrep@gmail.com
7. स्वीकृत प्राक्कलन में उक्त वर्णित कार्यो की मात्रा/राशि घट-बढ सकती है । तदनुरुप ही अग्रधन की राशि जमा(ऑन लाईन जमा करना होगा एवं इस संबंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा ।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन०आर०ई०पी०,खूँटी।

PR 342914 (NREP) 24-25 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची**
**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना-80/2024-25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या-1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 03.01.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 04.01.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 04.01.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल-1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यो का विवरण :


| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of LDC Qtr No -11 (F.Floor) in Campus of RCH Namkum Ranchi | 990400 | 19900 | 1250 | Two Months |
| 2 | Renovation of LDC Qtr No-8 (F.Floor) in Campus of RCH Namkum Ranchi | 990400 | 19900 | 1250 | Two Months |
| 3 | Renovation of LDC Qtr No-6 (G.Floor) in Campus of RCH Namkum Ranchi | 1068100 | 21400 | 2500 | Two Months |
| 4 | Renovation of LDC Qtr No-5 (G.Floor) in Campus of RCH Namkum Ranchi | 1301400 | 26100 | 2500 | Two Months |
| 5 | Renovation of UNICEF & UNDP Cell at RCH Campus Namkum Ranchi | 1342400 | 26900 | 2500 | Two Months |

नोट :- निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या-1, राँची।

PR 342907 Building (24-25)D

# मुफ्त की चुनावी घोषणाओं बिगाड़ रहीं हैं आर्थिक सेहत



योगेंद्र योगी

**जब भी चुनाव नजदीक आते हैं, राजनीतिक दलों में खैरात बांटने की होड़ लग जाती है। इसका एकमात्र मकसद चुनाव जीतना है। इसके नुकसान-फायदों की राजनीतिक दलों का परवाह नहीं हैं। यह अलग बात है कि चाकू खरबूजे पर गिरे या खरबूजा चाकू पर, कटना तो खरबूजे को ही है।**

दिल्ली चुनाव को अभी एक महीने से ज्यादा का समय बाकी है। उससे पहले दिल्ली की आम आदमी पार्टी ने महिला सम्मान योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत महिलाओं के खाते में हर महीने 1000 रुपये आएंगे। आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि चुनाव के बाद इसको बदलकर 2100 रुपए करेंगे। चुनाव जीतने के लिए मुफ्त की रेवड़ी बांटने वाली आप अकेली पार्टी नहीं हैं। जब भी चुनाव नजदीक आते हैं, राजनीतिक दलों में खैरात बांटने की होड़ लग जाती है। इसका एकमात्र मकसद चुनाव जीतना है। इसके नुकसान-फायदों की राजनीतिक दलों का परवाह नहीं हैं। यह अलग बात है कि चाकू खरबूजे पर गिरे या खरबूजा चाकू पर, कटना तो खरबूजे को ही है। मसलन फ्री का माल लेने वाले को भी आखिरकार इसकी कीमत चुकानी पड़ती है। किसी न किसी रूप में टैक्स का बोझ उन पर भी पड़ता है। फ्री की योजनाओं का फायदा उठाने वाले भी इससे बढे वाली महंगाई की मार से बच नहीं सकते।

इससे पहले राजस्थान में विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वोटरों को फ्री में स्मार्टफोन और तीन साल के लिए फ्री इंटरनेट का वायदा किया था। गहलोत ने राज्य के हर परिवार को हर महीने 100 यूनिट तक फ्री बिजली फ्री देने का ऐलान किया था। मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कांग्रेस की सरकार बनने पर हर परिवार को 100 यूनिट तक फ्री बिजली देने का वादा किया। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली बहना योजना के तहत सवा करोड़ गरीब महिलाओं के खाते में एक हजार रुपये जमा कराए। कांग्रेस ने वादा किया था कि उसकी सरकार आई तो हजार नहीं बल्कि 1,500 रुपये दिए जाएंगे। शिवराज ने युवाओं को लुभाने के लिए 12वीं कक्षा के कुल 9000 टॉपर्स को एक-एक स्कूटी देने का भी ऐलान किया था। चुनावी रेवड़ी बांटना का कल्चर शुरू से ही विवादों से घिरा रहा है। सुप्रीम कोर्ट, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, आर्थिक विशेषज्ञ, चुनाव आयोग और मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तक इस पर चिंता जता चुके हैं। कोई भी राजनीतिक दल व्यापक देशहित से जुड़े ऐसे मुद्दों का समाधान तलाशना तो दूर बल्कि चर्चा तक करना नहीं चाहता। सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त राशन और अन्य मुफ्त योजनाओं पर गंभीर सवाल उठाए हैं।



कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि आखिर लोगों को 'फ्री की रेवड़ी' कब तक बांटी जाएगी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान मुफ्त राशन देना समय की जरूरत थी, लेकिन अब रोजगार और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करने का समय आ गया है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि देश के 81 करोड़ लोगों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मुफ्त या सब्सिडी वाला राशन दिया जा रहा है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने हैरानी जताई और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा, ₹तो मतलब सिर्फ टैक्सपेयर्स ही ऐसे लोग हैं जिन्हें मुफ्त राशन नहीं मिल रहा है। यह स्थिति गंभीर विचार का विषय है।₹ वर्ष 2022 में श्रीलंका का आर्थिक संकट सामने आया तो इसने दुनियाभर की सरकारों को चेता दिया। सर्वदलीय बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा था कि श्रीलंका से सबक लेते हुए हमें मुफ्त के कल्चर से बचना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि श्रीलंका जैसी स्थिति भारत में नहीं हो सकती, लेकिन वहां से आने वाला सबक बहुत मजबूत है। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक रैली में रेवड़ी कल्चर पर सवाल उठाए थे। पीएम मोदी ने कहा था कि आजकल हमारे देश में मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट बटोरने का कल्चर लाने की भरसक कोशिश हो रही है। ये रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए बहुत घातक है। रेवड़ी कल्चर वालों को लगता है कि जनता जनार्दन को मुफ्त की रेवड़ी बांटकर उन्हें खरीद लेंगे। मोदी ने कहा था कि हमें मिलकर रेवड़ी कल्चर को देश की राजनीति से हटाना है।

भारत में ऐसी लुभावनी पर आर्थिक तौर पर घातक चुनावी वायदों की शुरूआत तमिलनाडु से मानी जाती है। वर्ष 2006 में तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव में डीएमके ने सरकार बनने पर सभी परिवारों को फ्री कलर टीवी देने का वादा किया। डीएमके के इस चुनावी वादे को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। हालांकि, डीएमके जीत गई। वादा पूरा करने के लिए 750 करोड़ रुपये का बजट लगाया गया। मामला सुप्रीम कोर्ट में चल ही रहा था कि 2011 के विधानसभा चुनाव में विपक्षी अन्नाद्रमुक ने टीवी के जवाब में मिक्सर ग्राइंडर, इलेक्ट्रिक फैन, लैपटॉप, कम्प्यूटर, सोने की थाली आदि बांटने का वादा कर दिया। शादी होने पर महिलाओं को 50 हजार रुपये और राशन कार्ड धारकों को 20 किलो चावल देने का वादा भी किया।

नतीजे आए तो अन्नाद्रमुक की सरकार बन गई। 2006 के चुनावी वादे पर जुलाई 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फ्रीबीज सभी लोगों को प्रभावित करती है, जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की जड़ को काफी हद तक हिला देती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी आदेश दिया कि वो सभी राजनीतिक पार्टियों से सलाह-मशविरा कर एक आचार संहिता बनाए। इसके बाद 2015 में चुनाव आयोग ने राजनीतिक पार्टियों और उम्मीदवारों के लिए आचार संहिता जारी भी की, लेकिन उसके बावजूद चुनावों में फ्रीबीज का ऐलान होता ही रहा है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने कहा था, ऐसी योजनाएं जिनसे क्रेडिट कल्चर कमजोर हो, सब्सिडी की वजह से कीमतें बिगड़ें, प्राइवेट इन्वेस्टमेंट में गिरावट आए और लेबर फोर्स भागीदारी कम हो तो वो फ्रीबीज होती हैं। वर्ष 2022 पिछले साल आरबीआई की भी एक रिपोर्ट आई थी। इसमें कहा गया था कि राज्य सरकारें मुफ्त की योजनाओं पर जमकर खर्च कर रही हैं, जिससे वो कर्ज के जाल में फंसती जा रही हैं। स्टेट फाइनेंसेसः अ रिस्क एनालिसिस नाम से आई आरबीआई की इस रिपोर्ट में उन पांच राज्यों के नाम दिए गए हैं, जिनकी स्थिति बिगड़ रही है। इनमें पंजाब, राजस्थान, बिहार, केरल और पश्चिम बंगाल शामिल थे। चुनावी वादों के कारण बढ़ रही मुद्रास्फीती और महंगाई की मार आम लोगों पर पड़ रही है। बेरोजगारी बढ़ रही है। राजनीतिक दलों का इससे सरोकार नहीं है। सत्ता में आने के बाद सरकारें फ्री देने के वादे पूरा करने के लिए टैक्स का बोझ बढ़ाती जा रही हैं। होना तो यह चाहिए कि कोई राजनीतिक दल जब ऐसी मुफ्त की चुनावी घोषणाओं का ऐलान करे तो साथ ही यह भी बताए कि इसके लिए धन का इंतजाम कैसे किया जाएगा। मसलन इसके एवज में करदाताओं पर कितना बोझ पड़ेगा। जब तक हिसाब-किताब पारदर्शी नहीं होगा तब तक ऐसी योजनाओं देश पर बोझ साबित होती रहेंगी।

## संपादकीय

### आतंक के खिलाफ

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में सोमवार को पुलिस मुठभेड़. में खालिस्तान समर्थक तीन आतंकवादियों को मार गिराए जाने की घटना चिंता पैदा करने वाली है। पंजाब में पिछले कुछ महीनों से पुलिस थानों और चौकियों पर हमले हो रहे हैं। इन घटनाओं से सवाल खड़े.हो रहे हैं कि सीमावर्ती राज्य पंजाब में क्या फिर से खालिस्तानी तत्व सिर उठा रहे हैं। हालांकि छिट-पुट घटनाओं से यह नहीं कहा जा सकता कि पंजाब



में खालिस्तान समर्थकों का प्रभाव बढ़ रहा है, लेकिन इतना जरूर है कि विदेशों में बैठे खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू और रंजीत सिंह नीटा जैसे देशद्रोही राज्य के युवाओं को भड़का कर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश कर रहे हैं। राज्य और केंद्र सरकार दोनों सतर्क हैं। इसी वर्ष जुलाईमें केंद्र सरकार ने 'सिख फॉर जस्टिस' पर प्रतिबंध को पांच साल के लिएबढ़ा दिया है। कनाड़ा, ब्रिटेन और अमेरिका में यह आतंकी संगठन सक्रिय है और वहीं से भारत विरोधी गतिविधियों का संचालन करता है। राज्य सरकार सोशल मीड़िया पर युवाओं की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही है। पीलीभीत के वर्तमान घटनाक्रम में जिन आतंकवादियों को मार गिराया गया है, उनकी पहचान गुरविंदर सिंह, वरिंदर सिंह और जसनप्रीत सिंह के रूप में की गई है। इन तीनों ने पंजाब की भारत-पाकिस्तान सीमा पर लगे हुए गुरदासपुर जिले की पुलिस चौकी पर 18 दिसम्बर को ग्रेनेड़ से हमला किया था। पुलिस के मुताबिक इन तीनों आतंकवादियों के तार खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेएफ) से जुड़े. हुएथे। नब्बे के दशक में रणजीत सिंह नीटा ने केजेएफ की स्थापना की थी। नीटा अभी पाकिस्तान में है और वहां की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिएकाम करता है। पन्नू और नीटा पीलीभीत में तीन आतंकवादियों के मुठभेड़ में मारे जाने से सकते में आ गएहैं और वीड़ियो जारी करके बदला लेने की धमकी दी है। पाकिस्तान तो भारत का पुराना शत्रु है। चिंता की बात यह है कि कनाड़ा, अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश भी पाकिस्तान की भूमिका में आ गए हैं। इन देशों की सरकार और खुफिया एजेंसियां खालिस्तानी तत्वों को भारत के खिलाफ इस्तेमाल कर रही हैं। इन देशों में खालिस्तानी आंदोलन का व्यापक नेटवर्क खड़ा हो गया है। लोगों को याद होगा कि पंजाब ने लंबे समय तक आतंकवाद का खूनी दौर देखा है। केंद्र और राज्य सरकार दोनों को आतंकवाद और अलगाववाद को रोकने के लिएसख्त कदम उठाने की जरूरत है।

## चिंतन-मनन

### ईश्वर के दर्शन

सरस्वती चंद्र तीर्थयात्रा पर जा रहे थे। लंबे और कठिन सफर को देखते हुए साथ में बर्तन, भोजन और जरूरत का अन्य सामान भी था। रास्ते में एक गांव पार करते हुए वह वहां के एक वीरान मंदिर में रुक गए। पहले तो सोचा कि यहां कोई नहीं होगा पर मंदिर के अंदर गए तो देखा एक बीमार वृद्ध कराह रहे हैं। उनकी हालत देख लगता था कि उन्होंने काफी दिनों से कुछ खाया न हो। सरस्वती चंद्र को उन पर दया आ गई। उन्होंने कुछ समय वहीं रुककर उनकी सेवा करने का फैसला किया। उन्होंने अपने कपड़े उस वृद्ध सज्जन को पहना दिए। अपने सारे बर्तन मंदिर के उपयोग के लिए रख दिए। अपना भोजन भी उन्हें खिला दिया। फिर आसपास से फल और कुछ औषधियां ले आए।

खाली समय में सरस्वती चंद्र मंदिर की सफाई में लगे रहते। इस तरह मंदिर का कायाकल्प हो गया। इधर वृद्ध सज्जन धीरे-धीरे स्वस्थ होने लगे। कुछ दिनों के बाद सरस्वती चंद्र बिना तीर्थधाम गए ही घर वापस आ गए। घर वालों ने इस तरह आने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि रास्ते में ही उन्हें ईश्वर के दर्शन हो गए। इसलिए आगे जाने की उन्होंने कोई आवश्यकता ही नहीं समझी और लौट आए। इधर मंदिर के पुनरोद्धार हो जाने से लोग वहां फिर से आने-जाने लगे। इस तरह सूने पड़े मंदिर में रौनक लौट आई। वहां वह वृद्ध सज्जन हर किसी को यह बताते थे कि एक दिन यहां ईश्वर आए थे। उन्होंने ही इस मंदिर को तीर्थ बनाया और मुझे जीवन-दान दिया।

# केन-बेतवा परियोजना का शिलान्यास, अब साकार होगा अटल जी का संकल्प

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर 44 हजार 600 करोड़ रुपए की लागत से मध्यप्रदेश के खजुराहो में देश की पहली महत्वाकांक्षी और बहुउद्देशीय केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने देश की पहली ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण और 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमि-पूजन भी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की स्मृति में स्टॉम्प और सिक्का भी जारी किया । कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी विशेष रूप से उपस्थित थे।




प्रधानमंत्री ने यहां अपने भाषण का आरंभ ठेठ बुंदेलखंडी में किया उन्होंने कहा कि वीरों की धरती ई बुंदेलखंड पर रहवे वारे सभी जनन को हमाई तरफ से हाथ जोड़के राम-राम पहुंचे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. भीम राव अंबेडकर का भी उल्लेख किया।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि₹एमपी में आज हजारों करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की शुरूआत हुई है। आज बहुत प्रेरणादायी दिन है। आज अटलजी की जन्म जयंती है। आज उनके जन्म के 100 साल हो रहे हैं। उन्होंने मुझ जैसे कई कार्यकताओं को सिखाया है। देश के विकास में अटलजी का योगदान हमारे स्मृति पटल पर अटल रहेगा।₹उन्होंने कहा कि ₹भारत में जो बड़ी नदी परियोजनाएं बनीं, इनके पीछे डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर का ही विजन था। आज जो केंद्रीय जल आयोग है इसके पीछे भी डॉ. अंबेडकर के ही प्रयास थे, लेकिन कांग्रेस ने कभी जल संरक्षण के प्रयासों और बांधों के लिए बाबा साहेब को क्रेडिट नहीं दिया। किसी को पता भी नहीं चलने दिया।₹

प्रधानमंत्री ने नेहरू का नाम लिए बिना कटाक्ष किया कि ₹पानी के लिए दूरदर्शी आयोजन पर सोचने का क्रेडिट एक ही व्यक्ति (जवाहर लाल नेहरू) को देने के नशे में सच्चे सेवक को भुला दिया गया। आज मैं बताता हूं, देश आजाद होने के बाद भारत की जल शक्ति, भारत के जल संसाधन, भारत में पानी के लिए बांधों की रचना... इन सबकी दूरदृष्टि के लिए किसी एक महापुरुष को क्रेडिट जाता है तो उस महापुरुष का नाम है बाबा साहेब अंबेडकर।₹

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस परियोजना के शिलान्यास के साथ ही स्व. वाजपेयी का नदी जोड़ो का संकल्प मध्यप्रदेश में मूर्त रूप लेगा। केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना, देश में भूमिगत दाब युक्त पाइप सिंचाई प्रणाली अपनाने वाली सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना है। इस परियोजना से मध्यप्रदेश के 10 जिलों छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर में लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और 44 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे।


फसलों के उत्पादन एवं किसानों की आय में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण से हरित ऊर्जा में 103 मेगावॉट योगदान के साथ रोजगार के कई अवसर सृजित होंगे। बेहतर जल प्रबंधन एवं औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त जल आपूर्ति से औद्योगिक विकास होगा और रोजगार को बढ़ावा भी मिलेगा। इस परियोजना से उत्तर प्रदेश में 59 हजार हेक्टेयर वार्षिक सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी एवं 1.92 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मौजूदा सिंचाई का स्थिरीकरण किया जायेगा, जिससे उत्तर प्रदेश के महोबा, झांसी, ललितपुर एवं बांदा जिलों में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी।

**- पवन वर्मा**

# ग्लोबल वॉर्मिंगः जलवायु बदलावों की गति थामने को जरूरी गंभीर पहल

दुनिया में ऐसा मानने वाले बहुत लोग हैं कि जलवायु परिवर्तन यानी क्लाइमेट चेंज और ग्लोबल वॉर्मिंग सिर्फ हवा-हवाई बातें हैं। इनका हौवा खड़ा करके कुछ पर्यावरणवादी संगठन और गरीब देश धन ऐंठते हैं। हाल में अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए दोबारा निर्वाचित डोनाल्ड ट्रंप तो ऐसे ही तर्क देकर जलवायु परिवर्तन थामने वाली पेरिस संधि से बाहर भी हो चुके हैं। इसके अलावा कुछ लोग मानते हैं कि ग्लोबल वॉर्मिंग का कई बार सकारात्मक असर भी होता है। इसका एक उदाहरण उत्तराखंड में सामने आया, जहां तेजी से बढ़ते एक हिमनद यानी ग्लेशियर का पता चला है। भारत-चीन सीमा के नजदीक नीति घाटी में पाया गया यह हिमनद 48 वर्ग किलोमीटर के दायरे में फैला है। हाल तक उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और सिक्किम आदि में हिमनदों के पिघलने, सिकुड़ने और गायब हो जाने की खबरें आती रही हैं। तेजी से बढ़ते ग्लेशियर की सूचना से जलवायु परिवर्तन से जुड़े वे सवाल फिर उठ खड़े हुए हैं कि कहीं सच में ऐसी आपदाओं का फर्जी डर तो नहीं दिखाया जा रहा है। या फिर नुकसान करने की बजाय यह परिवर्तन पृथ्वी के वातावरण में संतुलन बनाने के लिए तो नहीं होता है।

उत्तराखंड में सामने आए हिमनद का पता देहरादून स्थित वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी के वैज्ञानिकों ने उपग्रही आंकड़ों और अन्य तकनीकों के जरिए लगाया है। क्या ऐसा जलवायु परिवर्तन के सकारात्मक प्रभावों से हुआ है- इसके जवाब में इन भूवैज्ञानिकों का मत है कि यह विचित्र घटना पर्यावरणीय असंतुलन यानी हाइड्रोलॉजिकल इंबैलेंस का परिणाम है जिसकी वजह से बर्फ की परतें कमजोर हो जाती हैं और वे अस्थिर होकर बड़े इलाके में फैल जाती हैं। बाढ़, सूखे, चक्रवात, भीषण गर्मी या सर्दी समेत तमाम तरह के मौसमी असंतुलन भी जलवायु परिवर्तन की अराजकताओं के नतीजे में पैदा होते हैं। बीते वर्षों में भारतीय उपमहाद्वीप से लेकर कई यूरोपीय देशों ने जैसी भीषण गर्मी और बाढ़ की त्रासदियां झेली हैं, उनमें यह असंतुलन दिखाई दे रहा है। इन्हीं घटनाओं के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र के



महासचिव एंतोनियो गुतारेस बयान दे चुके हैं कि हमारी पृथ्वी गंभीर किस्म की जलवायु अराजकता की ओर बढ़ रही है।

जलवायु संकटों पर निगाह डालें तो बीते कुछ वर्षों में दुनिया में काफी उथल-पुथल हो गई। हाल के चार वर्षों में कोरोना वायरस के कारण लगे प्रतिबंधों का धरती की जलवायु पर सकारात्मक असर हुआ था। तब उम्मीद की जाने लगी थी कि इन सार्थक तब्दीलियों से सबक लेते हुए पटरी पर लौट रही अर्थव्यवस्थाएं विकास का ऐसा रास्ता चुनेंगी, जिसमें धरती के सुंदर भविष्य की परिकल्पनाएं साकार हो जाएंगी। लेकिन पहले तो अमेरिका-चीन के बीच तनातनी ने माहौल बिगाड़ा व बाद में रूस-यूक्रेन जंग ने। विशेषज्ञों का दावा है कि पिछले जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (ग्लासगो) में जिन बातों को लेकर सहमति बनी थी, उन्हीं की दिशा में बहुत धीमी प्रगति हुई। दूसरी वजह वित्तीय संकट और ऊर्जा के वैश्विक विकल्पों के सीमित होने की घटनाओं से बनी। ये घटनाएं न होतीं तो संभवतः जलवायु परिवर्तन लक्ष्य हासिल करने की राह आसान होती।

विकास बनाम पर्यावरण संकट के रिश्तों की बात करें तो तय है, जैसी धरती हमें सदियों पहले मिली थी, वह हमेशा वैसी नहीं रह सकती। विकास की कुछ कीमत पर्यावरण को अदा करनी ही थी। लेकिन धरती और इसकी आबोहवा औद्योगिक क्रांति के डेढ़ सौ बरस में ही इतना ज्यादा बदल गयी कि वैसा कुछ पृथ्वी पर जीवन के विकास के हजारों साल में कभी नहीं हुआ। चार दशक पहले जिनेवा मेंआयोजित पहले जलवायु परिवर्तन सम्मेलन से मिलती है, जिसमें जुटे विज्ञानियों ने पहली बार जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहे मौसमी बदलावों पर औपचारिक रूप से चिंता जताई थी। हाल के वर्षों में जलवायु विशेषज्ञ कह रहे हैं कि अब अगर जल्द ही जलवायु परिवर्तन से निपटने की कोई ठोस कार्ययोजना नहीं बनाई गई तो इंसान नामक प्रजाति के विलुप्त होने का खतरा हो सकता है क्योंकि क्लाइमेट इमरजेंसी का वक्त आ पहुंचा है। इसका अंदाजा वर्ष 2022 में पाकिस्तान में विनाशकारी बाढ़ व यूरोप के कई देशों में ऐतिहासिक गर्मी पड़ने से नदियों के सूखने से लगता है। जलवायु परिवर्तनों के बदलावों को कई वैज्ञानिक अध्ययनों में दर्ज किया गया है।

ब्रिटेन विश्व में ऐसा पहला देश है जिसने पांच साल पहले 1 मई, 2019 को लंदन में हुए एक आंदोलन के बाद प्रस्ताव पारित करते हुए देश में सांकेतिक तौर पर जलवायु आपातकाल घोषित किया था। मई 2019 में ही आयरलैंड ऐसा करने वाला दूसरा देश बना था जिसकी संसद ने ह्यजलवायु आपातकालह्न घोषित कर दिया था। साथ ही संसद से आह्वान किया था कि आयरिश सरकार जांच करके पता लगाए कि उसकी कौन सी नीतियों के कारण जैव-विवधता को नुकसान पहुंच रहा है और भरपाई के लिए क्या बदलाव किए जाएं। जलवायु आपातकाल लगाने के फैसले के पीछे लंदन में हुए जिस आंदोलन की भूमिका है, उसे वहां जिस समूह ने चलाया था उसका लक्ष्य साल 2025 तक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन सीमा शून्य पर लाने और जैवविविधता के नुकसान को समाप्त करना है। दरअसल पृथ्वी का हम इंसानों ने बेदर्दी से दोहन किया है। रिपोर्टों के मुताबिक, पृथ्वी के वायुमंडल में पहले से ज्यादा जहरीली गैसें और गर्मी घुल गई है। कोई अपवाद छोड़ दें तो इस गर्मी के चलते गंगोत्री और अंटार्कटिका जैसे ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। तितलियों, मधुमक्खियों, मेंढक व मछली प्रजातियों, चिड़ियों, दुर्लभ सरीसृपों और अन्य जीव-जंतुओं की सैकड़ों किस्में हमेशा के लिए विलुप्त हो गई हैं। जंगल खत्म हो गए हैं, पानी का अकाल पड़ रहा है। कार्बन डाइऑक्साइड जैसी गैसों की मात्रा काफी ज्यादा बढ़ गई है जिससे सांस लेना दूभर हो गया है। नदियों से भी आस टूट रही है। नदियों के अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है।

चार-पांच दशकों में धरती की सेहत में कोई सुधार नहीं हुआ, जबकि आह्वान कई बार किए जा चुके हैं। अरबों-खरबों के खर्च के बावजूद वे कोशिशें रंग लाती नहीं दिखीं, जिन पर अमल होने से धरती माता के स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार आ जाना चाहिए था।

**-अभिषेक कुमार सिंह**

## एक नजर

### ई-रिक्शा और ऑटो चालक की मनमानी से रोड पर लग रहा जाम

**साहिबगंज/राजमहल :** प्रखंड के स्टेशन चौक अनुमंडल अस्पताल के मुख्य गेट, फेरी घाट जाने वाले सड़क के मुख्य गेट, निबंधन कार्यालय के सामने इन दिनों ऑटो चालकों और ई रिक्शा चालकों के मनमानी के कारण राहगीरों सहित आसपास के दुकानदारों को जाम लगने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार इन सभी जगह पर ऑटो और ई रिक्शा चालकों के द्वारा मनमाने तरीके से गाड़ी लगाकर यात्री चढ़ाना उतारना सहित यात्री लेने के लिए घंटों घंटों मुख सड़क के दोनों किनारे गाड़ी खड़ी कर जाम कर छोड़ देते हैं। जिससे अपना इलाज करने के लिए आने-जाने वाले मरीजों को अस्पताल जाने में, रेलवे स्टेशन, फेरी घाट, आदि आने और जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आए दिन छोटी बड़ी दुर्घटना आम बात हो गई है। राहगीर एवं दुकानदारों के बोलने पर इन लोगों के द्वारा झगड़ा और विवाद किया जाता है। कई बार स्थानीय लोग दुकानदार आदि के द्वारा नगर पंचायत और प्रशासन से शिकायत करने के बाद भी प्रशासन के द्वारा जब इन लोगों को बोला जाता है तो दो-तीन दिन ठीक रहते हैं फिर अपने पुराने रवैया अपनाते हुए यह लोग रोज इस तरह का काम करते हैं। ऑटो और ई रिक्शा चालकों का कहना है की नगर पंचायत टोल टैक्स लेती है। लेकिन सुविधा के नाम पर कुछ नहीं स्टैंड नहीं रहने के कारण मजबूरन सड़क किनारे गाड़ी लगाना पड़ता है।

### जहरीली पदार्थ खाने से महिला हुई मूर्छित

**साहिबगंज/राजमहल :** थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलहाट गांव में गुरुवार को एक महिला गलती से जहरीले पदार्थ खा लेने से उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी के अनुसार सुनील दास के 35 वर्षीय पत्नी ममता देवी गलती से घर में रखे हुए जहरीले पदार्थ को खा ली जब हालत बिगड़ने लगा तब परिजनों को जानकारी दिया। परिजनों के द्वारा आनन-फानन में इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां डिप्टी में तैनात चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया गया। वहीं घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

### शिविर में व्यापारियों को मिली सुविधा

**बोकारो :** चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वाधान में होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस बनाने हेतु शिविर का उद्घाटन नगर निगम विभाग के सहायक नगर आयुक्त जयपाल सिंह मुंडा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में होल्डिंग टैक्स, पेयजल शुल्क से संबंधित कार्यों को भी किया जा रहा है। नगर निगम विभाग के पदाधिकारी सुश्री नगर प्रबंधक ,अनुज कुमार वर्मा, संजय कुमार झा, विनोद कुमार, रंजीत रवानी, और विशाल टुडू,अशोक कुमार गोप ने अपनी सेवा प्रदान किया। चेंबर अध्यक्ष मनोज चौधरी ने नगर निगम क्षेत्र में व्यापार करने वाले सभी व्यापारियों से अपील किया कि शिविर का लाभ उठाएं।आज आठ ट्रेड लाइसेंस आज जारी किया गया। सहायक नगर आयुक्त ने ट्रेड लाइसेंस होल्डिंग टैक्स एवं पेयजल से संबंधित कार्यों के लिए सभी व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि बिना ट्रेड लाइसेंस के आप नगर निगम क्षेत्र में व्यापार नहीं कर सकते हैं ।जो व्यक्ति अपना ट्रेड लाइसेंस नहीं बनाएंगे भविष्य में उनका व्यापार करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने सभी व्यापारियों से सभी व्यापारियों से अनुरोध करते हुए कहा कि इस शिविर में होल्डिंग टैक्स ट्रेड लाइसेंस वाटर टैक्स से संबंधित सभी कार्यों का निपटारा किया जा रहा है। व्यापारी उससे लाभ उठाएं आज पहली ट्रेड लाइसेंस नवीकरण अलका ग्लास कंपनी का जारी करते हुए शिविर का शुभारंभ किया गया।

# पुलिस ने अफीम की खेती और डायन प्रथा को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां पुलिस द्वारा अफीम की अवैध खेती रोकने और ग्रामीणों को इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार यह अभियान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आयोजित किया गया।

**चौका थाना क्षेत्र में जागरूकता अभियान**

चौका थानांतर्गत ग्राम जुरगू में पुलिस ने अफीम की अवैध खेती और विक्रय के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। चौका थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को अफीम के दुष्प्रभाव और संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। इसके साथ ही ग्रामीणों को वैकल्पिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अभियान के दौरान डायन हत्या प्रतिषेध अधिनियम और सड़क सुरक्षा से जुड़े अहम बिंदुओं पर भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे अवैध गतिविधियों से दूर रहें और समाज में जागरूकता फैलाने में सहयोग करें।

**ईचागढ़ थाना क्षेत्र में अभियान**

ईचागढ़ थाना क्षेत्र के रुगड़ी बाजार में भी इसी तरह का जागरूकता अभियान चलाया गया। ईचागढ़ पुलिस ने ग्रामीणों को अफीम की अवैध खेती के खतरों और इससे जुड़े कानूनी परिणामों के बारे में जानकारी दी। साथ ही, वैकल्पिक खेती के लाभ और सड़क सुरक्षा नियमों पर भी चर्चा की। सरायकेला-खरसावां पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अफीम की खेती और अन्य अवैध गतिविधियों से दूर रहें और इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने में सहयोग करें। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि वैकल्पिक खेती अपनाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। यह अभियान समाज में अफीम की खेती और विक्रय जैसी अवैध गतिविधियों को रोकने और कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया गया है।

## नेहरू युवा केंद्र मेरा भारत द्वारा प्रखंड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** तेतरिया संथाली फुटबॉल मैदान बोरियो, साहेबगंज में युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के अधीन नेहरू युवा केंद्र साहेबगंज के द्वारा प्रखण्ड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिलाओं के लिए कबड्डी, स्किपिंग और 200 मीटर दौड़, के साथ पुरुषों के लिए फुटबॉल, 400 मीटर दौड़ और लॉन्ग जंप प्रतियोगिता किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रखण्ड के विभिन्न ग्रामों से प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें फुटबॉल में रिमझिम स्पॉटिंग क्लब दुर्गा टोला, रनर मशीह स्तर क्लब तेतरिया संथाली, कबड्डी में किरण कुमारी ग्रुप प्रथम, रनर सानिया ग्रुप, 400 मीटर दौड़ में हजांय मरांडी प्रथम, मांझी मरांडी द्वितीय और सुभाष हांसदा तृतीय, 200 मीटर दौड़में काजल कुमारी प्रथम, खुशबू कुमारी द्वितीय और खातिजा खातून तृतीय, स्किपिंग में नैंसी कुमारी प्रथम, मैमून खातून द्वितीय और तेजरून खातून तृतीय और लॉन्ग जंप में राहुल बस्की प्रथम, सोनू कुमार द्वितीय और कृष कुमार तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में मौके पर ग्राम प्रधान सोमय टुडू, सोती चौकी पांगड़ो के प्रभारी प्रधानाध्यापक मृत्युंजय कुमार, शिक्षक शारदा कुमारी नेतृत्व में किया गया।

## आवासीय बालक एथेलेटिक्स युवाओं को नि:शुल्क विधिक सेवाओं के बारे में पीएलवी ने दी जानकारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** झालसा, रॉची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा द्वारा 90 दिनों का जागरूकता कार्यक्रम का निर्देश है। झालसा, रांची के निदेर्शानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में दिनांक 17 दिसम्बर 2024 से 90 दिनों का विधिक जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज के द्वारा जिला के सभी प्रखंडों में की जा रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक विधिक सेवा पहुंचाना और उनके बीच अपने अधिकारों, सरकारी योजनाओं को लेकर जागरुकता फैलाना है। 90 दिनों तक विभिन्न विद्यालयों और अन्य स्थानो पर अलग अलग कार्यक्रमों के द्वारा लोगों को कानूनी जानकारियां दी जा रही है। इसी क्रम में आज सिद्धू कान्हू स्टेडियम के बगल में स्थित आवासीय एथेलेटिक्स साहिबगंज में विधिक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर उपस्थित आवासीय बालक एथेलेटिक्स युवाओं को निःशुल्क विधिक सेवाओं के बारे में जानकारी पीएलवी ने दिया। इस दौरान बताया कि सड़क दुर्घटनाएं कई करणों से घटित होती है। जैसे अधिक रफ्तार से वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग, ट्रैफिक का नियम का ध्यान नहीं देना, शराब पीकर वाहन चलाना, साइकिल चलाने वाले की गलती, पैदल चलने वाले की गलती, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने से सड़क दुर्घटनाएं आए दिन बढ़ता है। बताया गया कि अपनी सुरक्षा के साथ साथ अन्य की सुरक्षा रखना हमारा कर्तव्य होता है। ऐसी स्थिति में वाहन चलाने के समय हेलमेट, चार पहिया वाहन चलाने के वक्त सीट बेल्ट का उपयोग करें।

## कांग्रेस कमेटी ने महात्मा गांधी के आदर्शों को याद कर आगे बढ़ाने का लिया संकल्प



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी जी 26 दिसंबर 1924 को कांग्रेस का अध्यक्ष बने थे। इसी उपलक्ष्य में गुरुवार को बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में शताब्दी समारोह गाँधी चौक सेक्टर4 बोकारो में आयोजित किया गया। जिसमे बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ कोंग्रेसजनों सहित प्रखंड,नगर मंडल, पंचायत के ऊजार्वान कार्यकताओ उपस्थित होकर गाँधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित किए। मौक पर श्री गुप्ता ने राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुऐ उनके विचारों और सिद्धांतों से अवगत कराते हुए कहा कि आज ही के दिन 26 दिसंबर 1924 को बेलगावी कांग्रेस अधिवेशन में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन की अध्यक्षता की थी यानि 100 वर्ष पहले कांग्रेस का कमान एक ऐसे महान विभूति के हाथों गया था जिसने सत्य एवं अहिंसा को अपनी लड़ाई का हथियार बनाकर एक ऐसे शक्तिशाली अंग्रेजी शासक के हाथों से देश को मुक्ति दिलाया, जिस अंग्रेजी हकूमत के बारे में कहा जाता था कि उनके शासन में सूर्यास्त नहीं होता था यानि पूरब से लेकर पश्चिम तक चारों दिशाओं में साम्राज्य स्थापित था ।

बापू के इर्द-गिर्द वो गीत :-

साबरमती के संत तूने कर दिया कमाल। दे दी हमें अजादी, बिना खड़ग, बिना ढाल !! आँधी में भी जलती रही गाँधी तेरी मशाल ! साबरमती के संत तूने कर दिया कमाल !!

आज पूरी दुनियाँ जिन्हें लोकतंत्र पर विश्वास है, बापू की लड़ाई का अनुशरण करते हैं। 100 वर्ष पूर्व यानि दिसम्बर 1924 के उस कांग्रेस के ऐतिहासिक 39 वाँ अधिवेशन में देश के कई महान विभूतियों ने श्री मोतीलाल नेहरू, जवाहर लाल नेहरू, डॉ० राजेन्द्र प्रसाद और सरदार बल्लभभाई पटेल अनेक महान लोग उपस्थित थे।

## पंजाब एंड सिंध बैंक का डीसी ने किया उद्घाटन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**दुमका :** भारत सरकार के अग्रणी बैंको में से एक पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा का कोर्ट कम्पाउण्ड रोड के समीप गुरूवार को उद्घाटन हुआ। इसका उद्घाटन डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने फीता काटकर किया। पंजाब एंड सिंध की 1584 वीं शाखा का शुभारंभ हुआ। शाखा के माध्यम से समाज के लोगों को कई आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलेगा। लाभों में ग्राहकों को कम ब्याज दर पर विभिन्न ऋण सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे वे अपनी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा कर सकेंगे। बचत और चालू खाता का विकल्प होगा। बैंक विभिन्न प्रकार के आकर्षक बचत और चालू खाता विकल्प प्रदान करता है, जो ग्राहकों की बचत को बढ़ावा देंगे। इसमें डिजिटल बैंकिंग सेवाएं होंगी। पीएसबी यूनिक मोबाइल ऐप के माध्यम से ग्राहक अपने खाते की जानकारी, फंड ट्रांसफर, बिल भुगतान और अन्य बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इससे बैंकिंग अनुभव और भी सरल और सुविधाजनक होगा। इस अवसर पर बैंक के अंचल प्रबंधक समिंदर सिंह ने बैंक के उत्पादों और डिजिटल सेवाओं की जानकारी साझा करते हुए ग्राहकों को बताया कि पीएसबी यूनिक ऐप के जरिए बैंकिंग सेवाएं अब और भी सरल हो गई हैं। नई शाखा के माध्यम से स्थानीय लोगों को बेहतर वित्तीय सेवाओं का अनुभव मिलेगा।

# राशन कार्डधारकों के लिए ई-केवाईसी कराना है अनिवार्य, अन्यथा खाद्यान्न से होंगे वंचित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** वन नेशन वन कार्ड स्कीम के तहत जिले के सभी राशन कार्डधारकों का ई-केवाईसी से कराया जा रहा है। पूर्व में इसकी अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित थी। हालांकि, राज्य सरकार ने इसे बढ़ाकर 28 फरवरी 2025 कर दिया है। अंतिम तिथि में दो महीने के विस्तार से जिले के कार्डधारकों को अब ई-केवाईसी में आसानी होगी। ज्ञात हो कि साहिबगंज जिले में लाल कार्ड, अंत्योदय कार्ड, ग्रीन कार्ड एवं सफेद कार्ड के धारकों की संख्या 2,41,031 है। जिनसे 10,69,556 सदस्य जुड़े हैं। लेकिन, जिले में कुल सदस्यों की संख्या की अपेक्षाकृत आधे से भी कम सदस्यों का ई-केवाईसी हुआ है, जो बेहद चिंता का विषय है। राशन कार्डधारकों के लिये ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य है। ऐसे में अगर कोई कार्डधारक ई-केवाईसी नहीं करवाते हैं, तो उनका कार्ड निरस्त कर उन्हें खाद्यान्न से वंचित कर दिया जायेगा। इधर, विभाग भी ई-केवाईसी को लेकर जोर दिये हुए है। साथ ही पीडीएस दुकानदारों के जरिये लोगों को जागरूक भी कर रहा है। विभागीय कर्मियों के मुताबिक, कार्डधारक ई-केवाईसी की अंतिम तिथि तक जन वितरण प्रणाली दुकान, प्रज्ञा केंद्र एवं बैंक में ई-केवाईसी करवा सकते हैं। पीडीएस दुकानों में 2जी नेटवर्क से संचालित ई-पॉश मशीनें ई-केवाईसी में बाधक साबित हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक नेटवर्क स्लो रहने के कारण ई-केवाईसी में परेशानी आ रही है। इससे राशन कार्डधारकों को कई बार-बार पीडीएस दुकानों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। साथ ही पीडीएस दुकानदार भी परेशान हैं। पीडीएस दुकानदारों ने जल्द इसमें सुधार करने की मांग की है। क्या कहते हैं पदाधिकारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुन्नू मिश्रा ने कहा कि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में 2जी नेटवर्क के कारण ई-केवाईसी में परेशानी हो रही है। विभाग द्वारा अंतिम तिथि का विस्तार किया गया है। उससे पूर्व कार्डधारकों के ई-केवाईसी कराने को लेकर हमलोग प्रयासरत हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन



**साहिबगंज :** राजमहल प्रखंड क्षेत्र के महासिंगपुर पंचायत के जमालपुर मैदान में फुटबॉल टूनार्मेंट कमेटी के माध्यम से आयोजित तीन दिवसीय फुटबाल टूनार्मेंट का उद्घाटन राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा के प्रतिनिधि मो मारूफ राजा उर्फ गुड्डू राजा ने फीता काटकर एवं फुटबॉल में किक मारकर शुभारंभ किया है। उद्घाटन के उपरांत खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। दो ग्रुप में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया है जिसमें ग्रुप ए में आर्ट टीम और ग्रुप बी में आठ टीम टूनार्मेंट में भाग लिया है। 28 दिसंबर को टूनार्मेंट के फाइनल मैच का आयोजन किया जाएगा। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड सचिव सुदर्शन पासवान, मुखिया सुनीता कुजुर, पंसस सदस्य पार्वती एक्का, महासिंहपुर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सुभाष दास, आयोजन समिति के अध्यक्ष धर्मवीर एक्का, खेल प्रबंधक राजेश बाड़ा, सचिव बीरबल उरांव, सिमोन बाड़ा, संदीप कुजूर, सुनील एक्का सहित अन्य मौजूद थे।

### दिलशन बिरुआ ने चांडिल थाना प्रभारी के रूप में किया पदभार ग्रहण



**चांडिल :** 2018 बैच के सहायक पुलिस निरीक्षक दिलशन बिरुआ ने चांडिल थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध कारोबार को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने कहा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पहली प्राथमिकता होगी। वहीं चांडिल बाजार को जाम से मुक्ति दिलाने का भरसक प्रयास किया जायेगा। जानकारी के अनुसार चांडिल में आने से पहले वे दलभंगा ओपी में कार्यरत थे। इससे पूर्व वे गिरिडीह जिला के मधुबन और अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र पीरटांड़ के थाना प्रभारी रह चुके हैं।

### पुलिस ने फरार वारंटी को भेजा जेल

**साहिबगंज :** साहिबगंज जिले के राधानगर थाना की पुलिस ने बुधवार की रात फुदकीपुर गांव में छापेमारी कर फरार वारंटी टटोन घोष को गिरफ्तार कर लिया। उसे गुरुवार को जेल भेज दिया गया। उसके खिलाफ राधानगर थाना में कांड संख्या 189/24 दर्ज था। वह फरार चल रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी टटोन घोष अपने घर पर आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को उसे राजमहल कोर्ट में पेश किया गया। इसके बाद उसे उसे जेल भेज दिया गया। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय, एसआई अनिल कुमार सहित अन्य पुलिस जवान शामिल थे।

### मारपीट के मामले में पति-पत्नी गिरफ्तार

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना की पुलिस ने आपस में मारपीट करने के आरोप में पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने एकझ्रदूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए जिरवाबाड़ी थाने में अलग-अलग मामला दर्ज कराया था। थाना प्रभारी पंकज दुबे ने बताया कि रसूलपुर दहला निवासी मुन्ना रविदास व पत्नी बुधिया देवी ने एक-दूसरे के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया।

### जाली नोट चलाने के आरोपी युवक को भेजा गया जेल

**साहिबगंज :** साहिबगंज नगर थाने की पुलिस ने जाली नोट चलाने की कोशिश के आरोप में लालबथानी, मखमलपुर निवासी युवक मैनुल हक को गिरफ्तार कर लिया। उसे गुरुवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि मैनुल हक एक चाय की दुकान में 500 रुपए का जाली नोट चलाने की कोशिश कर रहा था। दुकानदार की शिकायत पर उसे गिरफ्तार किया गया।

### अभिभावक बच्चों को वेदों को पढ़ने के लिए प्रेरित करें : प्राचार्या




**बोकारो :** डी ए वी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 बोकारो में दो दिवसीय वैदिक चेतना शिविर का समापन हुआ। इस वैदिक शिविर कार्यक्रम में शिक्षक ,अभिभावक एवं छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। हवन यज्ञ में बच्चों ने वैदिक मंत्रो का सस्वर पाठ किया। संगीत शिक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति की गई। समापन समारोह में सत्संग का भी आयोजन किया गया। वैदिक चेतना शिविर में विशेष रूप से 'पंचकुंडीय हवन' यज्ञ की व्यवस्था की गई। दूसरे दिन के यज्ञ में यजमान के रूप में अभिभावक अर्णव कुमार, संगीता कुमारी, सरिता कुमारी, जितेंद्र कुमार नागेंद्र सिंह तथा विद्यालय की प्राचार्या अनुराधा सिंह थे। विद्यालय के संस्कृताचार्य बालशेखर झा एवं एन के शास्त्री डीएवी 4 के द्वारा 'यज्ञो वै श्रेष्ठ तमं कर्म' के तहत हवन यज्ञ कराया गया। इस वैदिक कार्यक्रम में बच्चे अभिभावक ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया। अभिभावकों ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या अनुराधा सिंह ने कहा वेद की महत्ता को बताया। उन्होंने कहा कि वेद हमारी संस्कृति और सभ्यता का मूलाधार है। हमारे जीवन की सभी समस्यायों का समाधान वेद में है 'वेद आदिकाल से ही हमारे लिए प्रेरणा स्रोत है। अभिभावक बच्चो को वेदों की महत्ता को बताएं। नियमित वैदिक श्लोक वाचन करने के लिएउन्हें प्रेरित करें। इस अवसर पर, बी के झा, ममता कुमारी, गौतम सिंह,मनीषा सहाय,भावना घले, रूपा सिंह,किरण सिंह, रूबी कुमारी,सोनिया अराधना, स्वरूप नाथ, अखिलेश कुमार, विद्यासागर,ज्योति बाला,सरोज कुमारी, अखिलेश कुमार, नीलम झा, श्याम भूषण श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिका व ऑफिस स्टाफ, अभिभावक उपस्थित थे।

# देश के सात प्रमुख शहरों में 2024 में आवास बिक्री में गिरावट का अनुमानः रिपोर्ट

**- इस साल बिक्री 16 प्रतिशत बढ़कर 5.68 लाख करोड़ पहुंच सकती है**

**नई दिल्ली ।**

भारत में इस वर्ष देश के सात प्रमुख शहरों में आवास की बिक्री में चार प्रतिशत की कमी का अनुमान लगाया गया है, जिससे करीब 4.6 लाख इकाई अवैतनिक रहेंगी। इसके विपरीत आवास की मूल्यांकन से पाया गया है कि इस साल बिक्री 16 प्रतिशत बढ़कर करीब 5.68 लाख करोड़ रुपये पहुंच सकती है। एक रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी ने बताया कि कुछ कच्चे माल की बढ़ती कीमतों के कारण, इस वर्ष सात प्रमुख शहरों में औसत आवास की कीमतों में 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एक रिपोर्ट में आंकड़े जारी किए हैं, जिसके अनुसार 2024 में बिक्री में मामूली चार प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,59,650 इकाई रहेंगी, जबकि 2023 में यह संख्या 4,76,530 थी। रियल स्टेट सलाहकार कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नई आवासीय संपत्तियों की आपूर्ति में सात प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है।



उन्होंने कहा कि भारतीय आवास क्षेत्र के लिए 2024 मिलाजुला है। आम और विधानसभा चुनावों के नकारात्मक प्रभाव के अलावा, परियोजना अनुमोदन में भी कमी आई जिससे नए आवासों की आपूर्ति पर असर पड़ा है। इसके बावजूद आवास की कीमतों में वृद्धि दिखाई दी गई है जिससे बिक्री में वृद्धि हुई है।

# होंडा की एसपी125 बाइक का मॉडल लॉन्च, आधुनिक फीचर्स के साथ आकर्षक डिजाइन भी

**नई दिल्ली।**



होंडा बाइक एंड स्कूटर इंडिया ने अपनी प्रीमियम 125सीसी कम्यूटर बाइक, होंडा एसपी125 का मॉडल लॉन्च किया है। इस बाइक की शुरुआती कीमत 91,771 एक्स-शोरूम दिल्ली है। बाइक में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी और नेविगेशन जैसे आधुनिक फीचर्स दिए गए हैं।

नई होंडा एसपी125 को आकर्षक डिजाइन और उन्नत हार्डवेयर के साथ पेश किया गया है। एलईडी हेडलैंप और टेललैंप के साथ शार्प फ्रंट और टेल सेक्शन। आक्रामक टैंक श्राउड, क्रोम मफलर कवर, और स्टाइलिश ग्राफिक्स। 18 इंच के अलॉय व्हील्स। फ्रंट में 80/100 सेक्शन और रियर में 100/80 सेक्शन के टायर लगाए गए हैं। ड्रम ब्रेक वैरिएंट की कीमत 91,771 और डिस्क ब्रेक वैरिएंट 1,00,284 सभी कीमतें एक्स-शोरूम दिल्ली है। होंडा एसपी125 का इंजन अब ओबीडी2बी एमिशन नॉर्म्स के अनुसार अपडेट किया गया है।

इसमें 123.94सीसी सिंगल-सिलेंडर, एयर-कूल्ड इंजन, 10.7बीएचपी पावर और 10.9एनएम टॉर्क। 5-स्पीड मैन्युअल गियरबॉक्स दिया गया है ई-20 पेट्रोल (20 इथेनॉल मिक्स) पर चलने की क्षमता, सस्पेंशन और ब्रेकिंग फ्रंट में डुअल टेलिस्कोपिक फोर्क, रियर हाइड्रोलिक टाइप सस्पेंशन। ब्रेकिंग 240एमएम डिस्क या 130एमएम ड्रम विकल्प। ब्लूटूथ और ओबीडी2बी तकनीक बाइक में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ नेविगेशन, कॉल और म्यूजिक कंट्रोल शामिल हैं। ओबीडी2बी सिस्टम सिस्टम गाड़ी की परफॉर्मेंस और एमिशन पर नजर रखता है, जिससे यह नई सरकारी नॉर्म्स का पालन करती है।

125सीसी सेगमेंट में होंडा एसपी125 का मुकाबला हीरो ग्लेमर, हीरो सुपर स्प्लेंडर, होंडा शाइन, और टीवीएस राइडर जैसी बाइक्स से होगा। होंडा एसपी125 का यह अपडेटेड मॉडल एडवांस टेक्नोलॉजी और आकर्षक डिजाइन के कारण कम्यूटर बाइक सेगमेंट में ग्राहकों को जरूर लुभाएगा।

# देश का सबसे मशहूर बिस्कुट पारले-जी में आखिरकार जी का क्या मतलब होता है?

**मुंबई ।**

पारले-जी के नाम से हर देशवासी परिचित है। अगर बात बिस्कुट चलती है, तब फिर सभी की जुबां पर सबसे पहले जो नाम आता है और वहां पारले-जी ही है। इस बिस्कुट का इतिहास आजादी के पहले का है और ये आज भी जोरदार मुनाफा कमा रही है।

वित्तीय साल 2024 में इसका मुनाफा बढ़कर डबल 1,606.95 करोड़ रुपये हो गया है। अगर आप भी ये बिस्किट खाते हैं, तब इसके कवर पर लिखे नाम को देखकर कभी न कभी ये सवाल जरूर उठा होगा, कि आखिर पारले-जी में जी का क्या मतलब होता है? हम सबसे पहले बात कर लेते हैं वित्तीय साल 2024 में इसका मुनाफा दोगुना होकर 1,606.95 करोड़ रुपये रहा है, जो कि वित्तीय साल 23 में 743.66 करोड़ रुपये रहा था। इसके बीते वित्त वर्ष में पारले बिस्कुल की ऑपरेशनल इनकम दो फीसदी के इजाफे के साथ बढ़कर 14,349.4 करोड़ रुपये हो गई है।

**समय बदला, लेकिन स्वाद-डिमांड नहीं**

पारले-जी बिस्किट का स्वाद आज भी लोगों की जुबां पर बरकार है। जब भी पारले-जी बिस्किट का जिक्र होता है, तब उम्रदराज लोग भी अपने बचपन में लौट जाते हैं।

समय के साथ पारले-जी बिस्किट के साइज में कई बदलाव हुए हैं, लेकिन इसका स्वाद और मार्केट में इसकी डिमांग नहीं बदली और कंपनी के मुनाफे के आंकड़े इसका उदाहरण हैं। गौरतलब है कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भारतीय और ब्रिटिश दोनों ही सैनिकों का यह सबसे पंसदीदा बिस्कुट हुआ करता था।

पारले की शुरुआत देश को आजादी मिलने से पहले साल 1929 में हुई थी। 90 के दशक के बच्चों को अपना वहां दौर भी याद होगा, जब चाय के साथ पारले-जी सबसे ज्यादा फेमस हुआ करता था। रिपोर्ट्स के अनुसार ऐसा कहा जाता है कि कंपनी ने पारले नाम मुंबई के विले-पार्ले इलाके से लिया है। पारले ने पहली बार 1938 में पारले-ग्लूको नाम से बिस्कुट का प्रोडक्शन शुरू किया था। आजादी से पहले पारले-जी का नाम ग्लूको बिस्किट होता था। लेकिन, आजादी के बाद ग्लूको बिस्किट का प्रोडक्शन बंद कर दिया गया था। देश में उस समय अन्न संकट इसकी बड़ी वजह थी, क्योंकि इस बिस्कुट को बनाने के लिए गेंहू का इस्तेमाल होता था।

# जियो ने 5जी वाउचर प्लान लॉन्च किया

**- सिर्फ 601 रुपए में मिलेगा सालभर का फायदा**

**नई दिल्ली ।**

जियो रीचार्ज प्लान साल 2024 में समाप्त होने के बाद नए साल 2025 का आगमन किया जा रहा है। इस अवसर पर टेलीकॉम कंपनी ने अपने ग्राहकों को नए और बेहतर रिचार्ज प्लानों की पेशकश की है। इस पूर्वानुमान के अनुसार जियो ने अपने उपयोगकर्ताओं के लिए नया 5जी वौचर प्लान लॉन्च किया है। इस पैक में ग्राहकों को 12 महीने तक अनलिमिटेड डेटा के साथ कॉल और एसएमएस की सुविधा दी जा रही है। भारी उपयोगकर्ताओं के लिए यह एक अच्छा अनुरोध हो सकता है। इस 5जी वौचर प्लान की कीमत 601 रुपये है और यह माये जियो ऐप के माध्यम से उपलब्ध है। यह प्लान 199 रुपये से शुरू हो कर 899 रुपये तक के अन्य रिचार्ज प्लान के साथ लेकर जाया जा सकता है। जियो के इस नए वौचर प्लान का सबसे बड़ा फायदा यह है कि ग्राहकों को साल भर के रिचार्ज से छुटकारा मिलेगा। इस तरह से यह प्लान उन उपयोगकर्ताओं के लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है, जो अपने एक्टिव प्लान के साथ अतिरिक्त वौचर की तलाश में हैं। यह 5जी वौचर 12 महीने के लिए वैध है मानते हुए, इसे बाजार में उतारा गया है। जियो के प्रयासों से ग्राहकों को नए वौचर प्लान की विविधता और सुविधाएं आवश्यक सुविधाएं प्राप्त करने का एक बेहतर तरीका मिल रहा है।




# अब सिगरेट, गुटखा और पान मसाला पर होगी यूनिक आईडी, टैक्स चोरी पर लगेगी लगाम

**योजना लागू होने से सरकार इन उत्पादों की पूरी सप्लाई चेन पर रखेगी नजर**

**नई दिल्ली।** तंबाकू, सिगरेट, गुटखा और पान मसाला पर अब यूनिक पहचान नंबर होगा। हर सिगरेट और तंबाकू के पाउच पर एक खास यूनिक आइडेंटिफिकेशन (यानी यूनीक आईडी) नंबर अंकित किया जाएगा। यह योजना टैक्स चोरी रोकने और सप्लाई चेन को ट्रैक करने के लिए बनाई जा रही है। यूनिक आईडी से हर सिगरेट और तंबाकू उत्पाद पर एक डिजिटल स्टैंप या यूनिक निशान लगा होगा। इसे हटाया या बदला नहीं जा सकेगा। इस यूनिक आईडी के जरिए सरकार इन उत्पादों की पूरी सप्लाई चेन पर नजर रखेगी और यह तय करेगी कि टैक्स चोरी न हो। पिछले साल सिगरेट पर 180 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी के मामले सामने आए थे। इसके अलावा जीएसटी कार्उसिल ने पाया कि कई उत्पादों की सप्लाई चेन में टैक्स चोरी की संभावना रहती है। इन मुद्दों को हल करने और टैक्स राजस्व बढ़ाने के लिए यह योजना लागू की जा रही है।

सिगरेट और तंबाकू उत्पादों पर एक डिजिटल स्टैंप या यूनिक साइन लगाया जाएगा। ट्रैस मैकेनिज्म टेक्नोलॉजी के जरिए सप्लाई चेन में हर उत्पाद का ट्रैक रखा जाएगा। फ्रेमवर्क में इस प्रक्रिया को लागू करने के लिए कानूनी ढांचा भी तैयार किया जाएगा।

जहा जो कंपनियां यूनिक आईडी लागू नहीं करेंगी उन पर एक लाख या कुल टैक्स का 10 फीसदी जुर्माना लगाया जाएगा। कई देशों ने पहले ही इस प्रकार के ट्रैक और ट्रेस सिस्टम को लागू किया है। यह सिस्टम टैक्स चोरी रोकने और अवैध उत्पादों पर लगाम लगाने में कारगर साबित हुआ है।

इस यूनिक आईडी से सरकार टैक्स चोरी करने वाली कंपनियों पर सख्त नजर रख सकेगी। उत्पाद कहां से आ रहे हैं और कहां जा रहे हैं यह आसानी से पता लगाया जा सकेगा। जीएसटी चोरी रुकने से सरकार को ज्यादा राजस्व मिलेगा। सरकार जल्द ही इस योजना के लिए नोटिफिकेशन जारी करेगी। टेक्नोलॉजी को अंतिम रूप देने के बाद इसे लागू किया जाएगा।

## रुपया सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद

मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया गुरुवार को 11 पैसे की गिरावट के साथ ही अपने सर्वकालिक निचले स्तर 85.26 पर बंद हुआ। आज सुबह शुरुआती कारोबार में रुपया 10 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.25 के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर की मजबूती और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक धारणा भारतीय मुद्रा को समर्थन देने में विफल रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.23 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 85.25 के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 10 पैसे की गिरावट दर्शाता है। वहीं रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.15 पर बंद हुआ था। क्रिसमस के अवसर पर बुधवार को विदेशी मुद्रा बाजार बंद थे। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 107.90 पर रहा।




## सोने के बाद अब चांदी पर भी हॉलमार्किंग की तैयारी

**नई दिल्ली ।** चांदी और ज्वेलरी खरीदने वालों के लिए अच्छी खबर है क्योंकि सरकार नए नियम ला रही है जो उनकी हितों की सुनिश्चित करने के लिए होगा। अब चांदी के सिक्कों और ज्वेलरी पर हॉलमार्किंग का नियम शुरू हो सकता है। इस नियम के लागू होने के लिए सरकार तेजी से काम कर रही है। इस समय सोने के लिए हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम का उपयोग हो रहा है और अब चांदी से बनी वस्तु ओं पर भी हॉलमार्किंग का प्लान बन रहा है। हालांकि, चांदी पर हॉलमार्किंग करने में एक बड़ी चुनौती है क्योंकि चांदी अधिक प्रदूषणकारी हो सकती है जिसके कारण आइडेंटिफिकेशन सिस्टम मार्क समय के साथ खराब हो सकता है। लेकिन इस समस्या का समाधान ढूंढने के लिए अब शोध जारी है ताकि चांदी को वायुमंडलीय प्रतिक्रियाओं से बचाया जा सके। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) तकनीकी समाधान की तलाश में है ताकि हॉलमार्किंग को चांदी की वस्तुओं पर लागू किया जा सके। एक बार तकनीकी समस्याएं हल हो जाएं तो चांदी पर हॉलमार्किंग को लागू करना संभव होगा। हॉलमार्किंग कोड हर ज्वेलरी के लिए अद्वितीय होता है और उपभोक्ताओं को यह सुनिश्चित करता है कि उनकी ज्वेलरी की गुणवत्ता और शुद्धता मानकों के अनुरूप है। इससे उपभोक्ताओं को सही कीमत मिलने की गारंटी होती है।



## देश के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल के भाव बढ़े

**- ब्रेंट क्रूड का भाव 73.58 डॉलर प्रति बैरल**

**नई दिल्ली ।** क्रिसमस के अगले ही दिन गुरुवार को तेल कंपनियों ने कई शहरों में ईंधन के दाम बढ़ा दिए हैं। हालांकि दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता जैसे बड़े महानगरों में कीमतें स्थिर रहीं। बिहार के पटना में पेट्रोल और डीजल के दाम में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी दर्ज की गई। पेट्रोल 53 पैसे महंगा होकर 106.11 रुपये प्रति लीटर और डीजल 51 पैसे बढ़कर 92.92 रुपये प्रति लीटर हो गया। गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद समेत कई अन्य शहरों में भी मामूली बढ़ोतरी देखी गई। वहीं वैश्विक बाजार में ब्रेंट क्रूड और डब्ल्यूटीआई के दाम में हल्की बढ़त ने इस बदलाव को प्रभावित किया है। वैश्विक बाजार में ब्रेंट क्रूड का भाव 73.58 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई का रेट 70.29 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया है। वैश्विक स्तर पर इस मामूली उछाल का असर घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर साफ दिखाई दे रहा है। भारत में ईंधन की कीमतें रोजाना सुबह 6 बजे अपडेट होती हैं। इनकी तय कीमत में एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमीशन और वैट जैसे शुल्क जोड़ने के बाद उपभोक्ताओं को मिलने वाला दाम लगभग दोगुना हो जाता है। यही वजह है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में हलचल का असर आम आदमी की जेब पर पड़ता है।

# शेयर बाजार में सपाट कारोबार

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को सपाट बंद हुआ। बाजार की शुरुआत आज सुबह बढ़त के साथ हुई पर एशिया के दूसरे बाजारों की बंदी की वजह से बाद में इसमें गिरावट आने लगी। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सूचकांक सेंसेक्स 0.39 अंक नीचे आकर 78,472.48 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 22.55 अंक ऊपर आकर 23,750.20 अंक पर बंद हुआ। आज कारोबार बार के दौरान सेंसेक्स के 17 शेयर गिरकर बंद हुए। इनमें सबसे अधिक टाइटन के शेयर नीचे आये। ये शेयर 1.05 फीसदी गिरकर 3320.80 रुपये पर बंद हुआ.। इसके अलावा, एशियन पेंट्स, नेस्ले इंडिया, रिलायंस इंडस्ट्रीज और जोमैटो के शेयर भी गिरे। दूसरी ओर अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी ईंडिया, सनफार्मा और भारती एयरटेल सहित 13 कंपनियों के शेयर बढ़त पर बंद हुए।



वहीं निफ्टी में 31 शेयर हरे लाभ पर जबकि 18 शेयर गिरावट पर रहे। एक शेयर बिना किसी बदलाव के साथ बंद हुआ। अदाणी पोर्ट्स को सबसे अधिक लाभ हुआ जबकि टाइटन का शेयर सबसे अधिक नीचे आया।। अदाणी पोर्ट्स के शेयर में 5.22 फीसदी बढ़त और टाइटन के शेयर में 1.17 फीसदी गिरावट रही।

साल के आखिरी एक्सपायरी के दिन घरेलू शेयर बाजार पूरे दिन सपाट रहा, क्योंकि एशिया के दूसरे बाजारों में छुट्टियां थीं। ऑटो शेयरों में हाल ही में हुए सुधारों से लाभ देखा गया. हालांकि, मजबूत अमेरिकी डॉलर इंडेक्स और संभावित प्रतिकूल शुल्क और 2025 में दरों में कटौती की चिंताओं को देखते हुए एफआईआई आउटफ्लो और रुपये में गिरावट को लेकर चिंता बनी हुई है। इससे बाजार में सुस्ती का रुख बना हुआ है.+

इससे पहले आज सुबह एशियाई बाजारों से मिलेजुले संकेत और गिफ्ट निफ्टी की सुस्त चाल की बीच बाजार तेजी के साथ खुले। बुधवार को स्टॉक मार्केट क्रिसमस के कारण बंद रहे थे। वहीं पिछले ट्रेडिंग सेशन में मंगलवार को बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 सपाट नोट पर बंद हुए थे।

## महाराष्ट्र में वाहनों के हाई-सिक्योरिटी नंबर प्लेट की कीमत तय

**- वाहन मालिकों को 531 से 879 रुपये तक की कीमत अदा करनी होगी**

**मुंबई ।** महाराष्ट्र में अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत वाहनों में हाई-सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। महाराष्ट्र परिवहन विभाग ने बताया कि इस कार्रवाई के लिए वाहन मालिकों को 531 रुपये से 879 रुपये तक की कीमत अदा करनी होगी। वाहन के प्रकार के आधार पर यह लागत फिक्स की गई है, जैसे कि दोपहिया वाहनों के लिए 531 रुपये, ऑटो-रिक्शा के लिए 590 रुपये और बड़े वाहनों के लिए 879 रुपये। माना जा रहा है कि हाई-सिक्योरिटी नंबर प्लेट का उपयोग दुर्घटनाओं और चोरी से बचाने के लिए ही नहीं, बल्कि यह एक अवसर भी प्रदान करेगा स्थानीय पुलिस को अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत पुराने वाहनों के साथ भी इस कार्रवाई को लागू किया गया है। यह नया पहलू वाहनों के सुरक्षा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है और वाहन मालिकों को इसे ध्यान में रखकर सुरक्षित रहने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

# नए वर्ष से बदल जाएंगे कई नियम, सीधा आपकी जेब पर पड़ेगा असर

**- नए नियम मध्यमवर्गीय लोगों के जीवन और बजट पर सीधा प्रभाव डालेंगे**

**नई दिल्ली ।** साल 2024 का अले विदा कहने वाला है और नया साल 2025 शुरू होने वाला है। 1 जनवरी से नया साल शुरू होते ही कई महत्वपूर्ण वित्तीय और सामाजिक नियमों में बदलाव आने वाला है। नए नियम मध्यमवर्गीय लोगों के जीवन और बजट पर सीधा प्रभाव डालेंगे। इन नियमों में राशन कार्ड, एलपीजी सिलेंडर, क्रेडिट कार्ड, और ईपीएफओ पेंशन सहित कई ऐसे आइटम शामिल हैं, जो हर नागरिक के लिए आवश्यक हैं। व्यापार क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। विशेषकर अमेजन ईंडिया ने नए साल के साथ ही अपनी प्राइम मेम्बरशिप के नियमों में बदलाव करने की सूचना दी है। अब प्राइम वीडियो स्ट्रीमिंग के लिए सिर्फ 2 टीवी पर ही सेवाएं उपलब्ध होंगी और अतिरिक्त मेम्बरशिप की आवश्यकता होगी। टेलीकॉम कंपनियों के लिए भी नए नियम तैयार हो रहे हैं। अब इन कंपनियों को ऑप्टिकल फाइबर और नए मोबाइल टावर लगाने के लिए ज्यादा ध्यान देने की जरूरत होगी। यह नए नियम सर्विस प्रोवाइड करने और परेशानी कम करने में मददगार साबित हो सकते हैं। इसके अलावा वाहन उद्योग में भी बड़े बदलाव हुए हैं। कुछ प्रमुख कार कंपनियां जैसे मारुति सुजुकी, मर्सिडीज-बेंज, बीएमडब्ल्यू, ऑडी, हुंडई और महिंद्रा ने अपनी कारों की कीमतों में 3 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की घोषणा की है। ओयल कंपनियों भी सिलेंडर की कीमतों में बदलाव का संकेत दे रही हैं। हालांकि, 14.2 किलो वाले घरेलू सिलेंडरों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है, पिछले कुछ महीनों से 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडरों की कीमतों में वृद्धि देखी जा रही है। इसके साथ ही रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने भी 1 जनवरी 2025 से एनबीएफसी और एचएफसी के फिक्स्ड डिपॉजिट से जुड़ी नीतियों में बदलाव किया है, जो डिपॉजिट तक लेने, लिक्विड असेट्स रखने और डिपॉजिट का इंश्योरेंस में संबंधित है। इन सभी बदलावों के साथ, स्वागत करें साल 2025 का, जो एक नया अध्याय आरंभ करने का वक्त है। यह नियमों में बदलाव लेकर आता है और हमें एक नया स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान कर सकता है।

## स्मार्टफोन की मांग से इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में 28 फीसदी की वृद्धि

**- निर्यात अप्रैल-नवंबर 25 में 22.5 बिलियन डॉलर तक बढ़ा**

मुंबई । भारत से इलेक्ट्रॉनिक्स का निर्यात वित्त वर्ष 25 की अप्रैल-नवंबर अवधि में 22.5 बिलियन तक पहुंच गया है, जो इसके पहले वित्त वर्ष 24 में इसी अवधि के 17.66 बिलियन डॉलर के मुकाबले लगभग 28 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। यह बढ़ोतरी इलेक्ट्रॉनिक्स को भारत के शीर्ष दस निर्यात क्षेत्रों में सबसे तेजी से बढ़ने वाला सेक्टर बना रही है। इसने छठे स्थान से तीसरे स्थान पर छलांग लगाई है, केवल इंजीनियरिंग उत्पादों और पेट्रोलियम के बाद। इस वृद्धि का मुख्य श्रेय स्मार्टफोन उत्पादन को बढ़ावा देने वाली प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना को जाता है। स्मार्टफोन निर्यात 13.11 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है, जो वित्त वर्ष 24 के 9.07 बिलियन डॉलर के मुकाबले 45 फीसदी की वृद्धि है। स्मार्टफोन अब कुल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात का 58 फीसदी हिस्सा रखते हैं, और यह हिस्सा वित्तीय 25 के आखिर तक 60-65 फीसदी तक पहुंचने की उम्मीद है। इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात अब पेट्रोलियम निर्यात के आधे तक पहुंच रहा है, जो पिछले वर्षों की तुलना में एक बड़ी उपलब्धि है। अमेरिकी बाजार में स्मार्टफोन निर्यात ने अब हीरा निर्यात को भी पीछे छोड़ दिया है। सरकार घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और निर्यात आधारित विकास मॉडल को मजबूत करने के लिए टैरिफ संरचना की समीक्षा कर रही है।

## मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज की 238 करोड़ जुटाने की योजना

**- निवेशकों को 1.19 अरब शेयर प्रदान किए जाएंगे**

**नई दिल्ली ।** मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एमएसई) ने अपने कारोबार को जारी रखने के लिए चार इकाइयों से 238 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी की है। ग्रो की मूल कंपनी बिलियनब्रेन्स गैराज वेंचर्स, जीरोधा की रेनमैटर इन्वेस्टमेंट्स, बीएसई-सूचीबद्ध शेयर इंडिया सिक्योरिटीज और सिक्यूरोकॉर्प सिक्योरिटीज इंडिया ने ये चार इकाइयां सभी मिलकर इस निवेश में शामिल होने का निर्णय लिया है। एमएसई की वेबसाइट पर मौजूद सूचना के अनुसार निवेशकों को 1.19 अरब शेयर प्रदान किए जाएंगे, जिसमें एक रुपये मूल्य और एक रुपये प्रीमियम शामिल होगा। ये निवेशक ने हाल ही में मंजूरी दी है। शेयर इंडिया सिक्योरिटीज ने एमएसई में 59.5 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। इस निवेश से शेयर इंडिया सिक्योरिटीज को 29.75 करोड़ शेयर मिलेंगे, जो उसकी उपस्थिति को वित्तीय सेवाओं तथा प्रतिभूति बाजार परिवेश में मजबूत करेगा। कंपनी के एक मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने इस निवेश की महत्वपूर्णता को बताया और उसकी यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में स्वागत किया। इस नए निवेश से एमएसई के कारोबार की वृद्धि की उम्मीद है, जिससे भारतीय वित्तीय बाजार में स्थिरता और विश्वास बढ़ेगा।

# लालू के करीबी विधायक बोले-बिहार में खेला हो सकता है

## भाई वीरेंद्र ने कहा-नीतीश आते हैं तो स्वागत है; बीजेपी बोली-जंगलराज की वापसी नहीं होगी

**बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा कि 'आरजेडी के नेता मुंगेरी लाल के हसीन सपना देख रहे हैं।**

**'राजनीति में कोई भी परमानेंट दोस्त और दुश्मन नहीं होता।**

**वहीं डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि- 'बिहार में दोबारा जंगलराज की वापसी नहीं होगी।**

**पटना।** आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के करीबी और राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने सीएम नीतीश कुमार को लेकर बड़ा बयान दिया है। खगड़िया में उन्होंने कहा कि 'राजनीति में कोई भी परमानेंट दोस्त और दुश्मन नहीं होता। अगर नीतीश कुमार सांप्रदायिक शक्तियों को छोड़कर आएंगे तो हम स्वागत करेंगे। उनका भी मन सांप्रदायिक शक्तियों के साथ रहकर भर चुका है।' मनेर से आरजेडी विधायक भाई वीरेंद्र ने संभावनाओं को लेकर कहा है कि 'राजनीति में कुछ भी संभव है।' NDA के अंदर खींचतान की अटकलों के बीच बुधवार को राजद विधायक के इस बयान ने सियासी सरगर्मी बढ़ा दी है। वहीं डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि- 'बिहार में दोबारा जंगलराज की वापसी नहीं होगी।' वहीं भाई वीरेंद्र के बयान पर



बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि 'दिन में सपना देखने लगे हैं। सत्ता की बेचैनी में पागल हो गए हैं। पागलपन में कुछ से कुछ बयान देते रहते हैं। इस तरह का बयान देकर अपने आप को ठगने का काम कर रहे हैं।' सीएम नीतीश को भारत रत्न देने की मांग इससे पहले बुधवार को गिरिराज सिंह ने नीतीश कुमार और नवीन पटनायक को भारत रत्न देने की मांग की थी। जिससे बिहार की राजनीति में चर्चा शुरू हो गई कि अब NDA में सब ठीक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा- 'बिहार को एक ऊंचाई पर ले जाने का काम नीतीश कुमार ने किया है। ओडिशा में नवीन पटनायक ने भी सालों तक सेवा की। ऐसे व्यक्ति को देश में पुरस्कृत किए जाने की जरूरत है। चाहे वह जिस भी पद पर रहा हो, काम करने वाले को भारत रत्न से नवाजा जाए।' गिरिराज सिंह और सीएम नीतीश कुमार के बीच रिश्तों



> हो सकता है कि बिहार में फिर से खेल हो जाए। खेला होता रहा है, आगे भी होगा देखते रहिए। राजनीति परिस्थितियों का खेल है। जब जैसी परिस्थिति आएगी,वैसा काम किया जाएगा।
>
> **भाई वीरेंद्र**, RJD विधायक

को लेकर कई तरह की चर्चा है। ऐसे में सिंह का बयान देना सबको चकित कर रहा है। बताया जाता है कि कुछ माह पहले सिंह की स्वाभिमान यात्रा से सीएम नाराज थे पिछले दिनों केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा था कि, 'चुनाव बाद देखेंगे बिहार में अगला सीएम कौन होगा? इस बयान के बाद बिहार में सियासी पारे को चढ़ा दिया है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि हमें समझना चाहिए कि अमित शाह यह रेखांकित करने की कोशिश कर रहे थे कि वह एक ऐसी पार्टी के कार्यकर्ता हैं, जिसमें बड़े फैसले संसदीय बोर्ड लेता हैं।' उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नेतृत्व तय है। इस पर पीछे हटने का कोई सवाल ही नहीं है, लेकिन 24 घंटे के बाद ही वो अपने बयान से पलट गए।

## थानाध्यक्ष को दांत काटकर भागा बदमाश

**सीतामढ़ी।** के बैरगनिया में आर्म्स एक्ट का एक आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद थानाध्यक्ष को दांत काट कर फरार हो गया। घटना बैरगनिया थाना क्षेत्र के जोड़ियाही गांव की है। जहां आर्म्स एक्ट का पकड़ा गया आरोपित थाना लाने के दौरान देर शाम थानेदार के हाथ में दांत काटकर भाग निकला। मामले में पुलिस ने तीन महिला सहित पांच लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। दांत काटकर पकड़ की ढीली जख्मी थानाध्यक्ष रामशंकर कुमार ने बताया कि तिरहुत प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक के आदेश के अनुपालन में थाना क्षेत्र के जोड़ियाही गांव स्थित फरार आरोपी के ननिहाल में वें सशस्त्र बल के साथ शाम 7.30 बजे छपेमारी कर फरार आरोपी उरूज खान को पकड़ लिया। लेकिन वह जोर-जोर



से हल्ला कर अपने परिजनों को बुलाते हुए धक्का मुक्की कर भागने की हर संभव कोशिश करने लगा। सफल नहीं होने पर आरोपी की बहन खुशी खानम उनके हाथ की कलाई में दांत काटकर मांस खिंचते हुए लहुलुहान कर दिया। इसके कारण दर्द से थानेदार की पकड़ ढीली हो गयी और आरोपी भागकर अपने नाना के घर में घुसा। फिर पिछले दरवाजे से भाग निकला है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए आरोपी को भगाने के मामले में जोरियाही गांव निवासी जलील अहमद खान के पुत्र आरोपी उरुज खान, उसके छोटे भाई शाहिद खान,

## पप्पू यादव ने पीड़ित परिवारों को दी आर्थिक मदद

### पीसी में कहा- पूर्णिया में साल भर के भीतर लगेगी 20 हजार करोड़ की इंडस्ट्री

**पूर्णिया।** निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा है कि 2 साल के अंदर पूर्णिया में 20 हजार करोड़ का इंडस्ट्री हब लगेगा। कोको कोला कम्पनी सहित अन्य कारखाने एक साल के भीतर बनकर चालू हो जाएगा। साथ ही 3300 करोड़ रूपए की लागत से अल्ट्राटेक सीमेंट का कारखाना बनेगा। साल भर में ये कारखाना चालू हो जाएगा। सीमेंट कारखाना बनमनखी के बीयाडा क्षेत्र में लगना है। वे पूर्णिया को पूरे एशिया में नंबर वन बनाएंगे। वहीं, धमदाहा के ढोकवा गांव में पिकअप वैन से रौंदकर किए गए 5 लोगों की हत्या मामले को निर्दलीय सांसद ने नरसंहार करार दिया। गांव पहुंचकर पीड़ित परिवारों का ढाढस बढ़ाया



और 20-20 हजार रुपए की आर्थिक मदद की। पूर्णिया के अर्जुन भवन स्थित आवास में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आगे कहा कि इसके लिए डीएम कुंदन कुमार से मुलाकात भी हो चुकी है। पूर्णिया में कोको कोला समेत कई दूसरी बड़ी कंपनियों को चालू कराने को लेकर मैंने 3 बार केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, 4 बार पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी से मिला। मुलाकात सकारात्मक रही। जिसके बाद 3300 करोड़ रुपए से अल्ट्राटेक सीमेंट का कारखाना बनमनखी में खोले जाने और रानीपतरा में 100 करोड़ के इनवेस्टमेंट से कुछ कारखाने खुलना तय है। जिले में शराब, ड्रग्स का कारोबार खुलेआम किया जा रहा है। इनमें कौन इन्वॉल्व है, इस कारोबार को चलाने वालों के धंधे पर ताला लगाया जाए। हाल में ही चाइनीज लसहुन पकड़ी गई। ये किस स्तर पर हो रहा है और कौन से लोग इसमें शामिल हैं, उन्हें जल्द से जल्द पकड़ा जाए। उन्होंने पूर्णिया के एसपी से आग्रह करते हुए कहा कि पूर्णिया में स्मैक और नशा के बड़े कारोबारियों की गिरफ्तारी हो। पुलिस छोटी मछली को तो बड़ी आसानी से पकड़ लेती है लेकिन बड़ी मछली को पकड़ने में ज्यादा इंटरेस्ट नहीं दिखाती है।

# 80 दलित और महादलित बच्चियों को एक कमरे किया बंद

### वैशाली में मुख्यमंत्री के यात्रा से पहले स्कूल में चल रहा मेंटेनेंस, पूछने पर भड़के अधिकारी

**हाजीपुर।** 28 दिसंबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी प्रगति यात्रा के तहत वैशाली के पटेढ़ी बेलसर पहुंचेंगे। बता दें कि मुख्यमंत्री सरकारी योजनाओं की जमीनी सच्चाई जानने के लिए जिलों का दौरा कर रहे हैं। यहां वे स्कूल और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्रावास का निरीक्षण करेंगे।

हालांकि, मुख्यमंत्री के आगमन से पहले ही स्थानीय अधिकारी 'जमीनी हकीकत' को बदलने में जुटे हैं। छात्रावास में दीवारों की रंगाई-पुताई, नए पंखे, बड़ी छप्पर और सोलर लाइट लगाने जैसे ताबड़तोड़ काम हो रहे हैं। पुराने फर्श उखाड़कर चमचमाती टाइल्स लगाई जा रही हैं। 80 छात्राओं को



स्कूल में किया बंद मुख्यमंत्री की यात्रा के लिए की जा रही तैयारियों के बीच अधिकारियों की संवेदनहीनता उजागर हुई है। छात्रावास की करीब 80 दलित और महादलित बच्चियों को उनके कमरों से निकालकर एक कमरे में बंद कर दिया गया है। उनका सामान छात्रावास की छत पर फेंक दिया गया है, और रसोई को खुले में शिफ्ट कर दिया गया है।बच्चियों को जिस तरह से एक कमरे में भेड़-बकरियों की तरह रखा गया, वह बेहद अमानवीय है। इन ताबड़तोड़ तैयारियों के बीच छात्रावास में अफरातफरी का माहौल है। अधिकारियों पर उठे सवाल जब मीडिया के कैमरों पर यह मामला उजागर हुआ, तो मौके पर मौजूद शिक्षा विभाग के अधिकारी भड़क उठे।

बच्चियों को कमरे में बंद करने और उनके साथ किए गए दुर्व्यवहार पर सवाल पूछे जाने पर अधिकारी कोई ठोस जवाब देने में नाकाम रहे।

## 11 लोगों ने दिया वारदात को अंजाम

## खेत से मवेशी भगाने पर युवक की पिटाई




**भोजपुर।** जिले के बड़का लौहर गांव में मटर के खेत में मवेशी जाने का विरोध करने पर एक व्यक्ति को लाठी-डंडे और कुदाल के बेंत से मारकर जख्मी कर दिया। जख्मी व्यक्ति को कुल ग्यारह लोगों ने मिलकर पीटा और मौके से फरार हो गए। जख्मी व्यक्ति बड़का लौहर गांव निवासी अमरेंद्र कुमार सिंह (37) हैं। घायल स्थिति में व्यक्ति ने फोन कर घटना की परिजनों की दी परिजन आनन-फानन में जख्मी व्यक्ति को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लेकर आए। जख्मी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि गांव में तीन बिगहा खेत में हरा मटर की खेती की गई है। जिसमें गांव के ही मवेशी घुसकर सभी फसल को बर्बाद कर देते हैं। बुधवार को वो अपने खेत से जानवरों को भगा रहे थे। तभी ग्यारह लोग आकर उन्हें बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। हम चीखतेझचिल्लाते रहे लेकिन किसी ने मेरी जवाब नहीं सुनी। मारपीट करने के बाद उक्त लोगों ने पुलिस से शिकायत करने पर जैसे मारने की धमकी दे रहे थे।

मामला शांत होने के बाद इस घटना की जानकारी बिहिया थाना की पुलिस से की है।

घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

## संक्षिप्त डायरी

### पटाखा छोड़ने के दौरान दो बच्चे झुलसे, गंभीर




**सीवान।** के जीबी नगर तरवारा थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर पट्टी गांव में पटाखा जलाने के दौरान दो बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। जिसके बाद परिजनों ने दोनों को सीवान के सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दोनों इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि दोनों का हाथ और चेहरा बुरी तरह से जल गया है। घायल बच्चों की पहचान सोहेल अंसारी और आर्यन के रूप में हुई है, दोनों आपस में चचेरे भाई हैं। परिजनों ने बताया कि बच्चों को कहीं से पटाखा रखा हुआ मिल गया था, जिसके बाद बच्चे माचिस लेकर पटाखा फोड़ने निकल गए। वहीं पटाखा जलाने के दौरान ही अचानक पटाखा के फटने से उनका हाथ और मुंह बुरी तरह से जल गया, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बारे में जानकारी नहीं जीबी नगर तरवारा थानाध्यक्ष रितेश मंडल ने बताया कि घटना के बारे में जानकारी नहीं है। मामले में जानकारी प्राप्त कर परिजनों से पूछताछ की जायेगी।

### मुजफ्फरपुर में NH 57 पर थार में लगी आग



**मुजफ्फरपुर।** जिले के बेनीबाद थाना क्षेत्र के पिरौछा चौक के समीप हाईवे पर एक थार में अचानक से आग लग गई। गाड़ी में बैठे लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई। जिसके बाद घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस और अग्निशमन टीम मशक्कत के बाद आग पर काबू पाई। बेनीबाद थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार दरभंगा की ओर जा रही एक थार गाड़ी में अचानक से लग गई। देखते ही देखते ठल्ह पर गाड़ी धूं-धूं कर जलने लगी। गाडी में बैठे लोगों ने किसी तरह गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। बेनीबाद थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि दरभंगा-मुजफ्फरपुर हाईवे NH 57 फोर लेन स्थित पीरौछा के पास एक कार में आग लग गई है। पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद गाड़ी में लगी आग को बुझाया गया, लेकिन तब तक गाड़ी पूरी तरह जल गई थी। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। कार में बैठे लोग किसी तरह कार से बाहर निकल गए। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। इस मामले की जांच की जा रही है।

### नवादा में तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार



**नवादा।** पुलिस की साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई जारी है। साइबर थाना की पुलिस ने कादिरगंज और मुफस्सिल थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में अतौआ गांव निवासी गुड्डू कुमार और शुभम राज, तथा केंदुआ गांव निवासी शुभम कुमार शामिल हैं। इनके पास से चार मोबाइल, दो मोटरसाइकिल और एक सिम कार्ड बरामद किए गए। बजाज और धनी फाइनेंस से पैसा देने के नाम पर करते थे ठगी साइबर डीएसपी प्रिया ज्योति ने बताया कि प्रतिबिंब पोर्टल पर साइबर क्राइम से जुड़े मोबाइल नंबरों की सूचना मिलने पर यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे बजाज फाइनेंस और धनी फाइनेंस जैसी कंपनियों के नाम पर ऑनलाइन लोन दिलाने के नाम पर ठगी करते थे। फेसबुक पर लोन से जुड़े विज्ञापन डालकर लोगों को फंसाया जाता था। इसके बाद ठगी की जाती थी। आरोपियों ने स्वीकार किया कि उनका गिरोह हर सप्ताह पांच से दस लाख रुपये की ठगी करता था, जिसे गिरोह के सदस्य आपस में बांट लेते थे। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस साइबर क्राइम पर रोक लगाने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है।

### ट्रेन से कटकर दो युवकों की मौत ट्रैक पार करने के दौरान हुआ हादसा

**आरा।** दानापुरपंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन रेलखंड के बिहिया रेलवे स्टेशन से पूरब महथिन मंदिर के समीप बुधवार की देर शाम नॉन स्टॉप ट्रेन से कटकर दो युवकों की मौत हो गयी। मृतक युवकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। हादसे में मृत युवकों में से एक की उम्र लगभग 27 वर्ष और दूसरे की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। घटना दानापुर-उधना एक्सप्रेस से घटित होना बताया जा रहा है। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार की देर शाम महथिन मंदिर के समीप थोड़ी-सी दूरी पर दोनों ही युवकों की कटकर मौत हो गयी। घटना को लेकर अप से गुजरने वाली 15126 अप पटना-मंडुआडीह जनशताब्दी एक्सप्रेस बिहिया के अप आउटर सिग्नल पर लगभग 20 मिनटों तक खड़ी रही।

## अकेली महिला पर बदमाशों ने चलाई गोली, हालत गंभीर

**समस्तीपुर।** जिले के शिवाजीनगर थाना क्षेत्र के नरसिंभा चौक के पास बाइक सवार बदमाशों ने बुधवार रात एक महिला को गोली मारकर जख्मी कर दिया। महिला को पंजरे में एक गोली लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया गया। बदमाशों की संख्या चार बताई गई है जो दो बाइक पर सवार थे। जख्मी महिला शिवाजी नगर थाना क्षेत्र के रहियार काकरघाटी की राम ठाकुर की पत्नी रूबी देवी 26 वर्ष बताई गई है। घटना की सूचना पर रोसरा की डीएसपी सोनम कुमारी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। महिला ने बताया कि वह रात ऑटो से रोसरा से हथौड़ी थाना क्षेत्र के भटोरा गांव अकेले जा रही थी। रोसरा से ही आटो वाले से भी



बकझक हो गई थी। ऑटो वाले ने उसे नरसिंभा चौक के पास उतार दिया। जबकि वह भटौरा पहुंचा देने की बात कर रही थी। वह ऑटो से उतरकर पैदल ही भटोरा गांव के लिए जा रही थी। इसी दौरान चिमनी के पास दो बाइक पर चार लोग खड़े थे अचानक उस पर गोली चला दी। पहले तो लगा कि उसे बाइक का चक्का आवाज किया है लेकिन जब उसके शरीर में झनझनाहट हुई और खून निकलने लगा तो वह जमीन पर नीचे बैठ गई।

# कपूरी रथ को लेकर सीवान पहुंचे पूर्व सांसद

### चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी बोले- नीतीश कुमार ने अति पिछड़ों के लिए किया काम

**सीवान।** में आज जदयू के कपूरी रथ को लेकर बिहार प्रदेश अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सह पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी पहुंचे। इन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि हम लोगों के नेता नीतीश कुमार ने जो काम बिहार के अति पिछड़ों के लिए किया है, उसी को इस रथ के माध्यम से बताना है। जनता बिहार के शिल्पकार कहे जाने वाले जन के नेता सूबे के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 2025 में फिर से बिहार की कमान सौंपने की तैयारी में है। जनता के आगे किसी की नहीं चलती, इसलिए



**जनता 2025 में फिर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ही सीएम बनाएगी**



किसी का कोई दाल गलने वाला नहीं है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जिलाध्यक्ष चन्द्रकेतु सिंह, जिला परिषद अध्यक्षा संगीता यादव, रघुनाथपुर विधानसभा प्रभारी सह जदयू के वरिष्ठ नेता विकास कुमार सिंह उर्फ जीशू सिंह, श्रवण चंद्रवंशी, जयराम यादव आदि मौजूद रहे। मौके पर मौजूद जदयू के वरिष्ठ नेताओं ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार से जंगल राज को खत्म किया है। बिहार में सड़क,सेहत, शिक्षा इन्फ्रास्ट्रक्चर को डेवलप किया है। साथ ही साथ बिहार के मजदूर किसान है व छात्र-छात्राए है सभी के लिए सभी क्षेत्रों में कार्य किया है और इसी को लेकर जनता 2025 में फिर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ही सीएम बनाएगी। इसी को लेकर जागरूकता फैलाई जा रही है और सभी लोगों को कपूरी रथ के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।

# प्रकृति के साथ कई तरह से स्वास्थ्य लाभ



चाहे मौसम कोई भी हो प्रकृति के पास हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के अनगिनत स्रोत हैं। इसलिए चाहे कड़ाके के ठंड ही क्यों न पड़ रही हो अच्छी तरह गर्म कपड़े पहनें और निकल पड़ें प्रकृति की गोद में क्योंकि इस मौसम में बाहर निकलने से आपके स्वास्थ्य को जो फायदे मिलेंगे वे घर के अंदर रजाई में बैठकर नहीं मिल सकते

### बेहतर होता है मूड

मायो क्लीनिक के अनुसार यह बात तो सभी जानते हैं कि सर्दियों में हम उदासीन हो जाते हैं मूड अच्छा नहीं रहता। इस मौसम में दस से बीस प्रतिशत लोगों में सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर (एसएडी यानी सैड) डिप्रेशन का कारण बनता है। इसके लक्षणों में एंजाइटी, थकान, नींद और उदासीनता शामिल है। शोधकर्ता मानते हैं कि सैड सर्दियों के छोटे दिनों का परिणाम है और इस दौरान प्राकृतिक रोशनी भी बहुत कम मिलती है। यहां तक कि नियमित व्यायाम करने वालों को भी सर्दियां घरों में बंद कर देती हैं जिससे उनका धूप में निकलना कम हो जाता है। इसलिए सैड का जल्द और तुरंत इलाज ज्यादा से ज्यादा बाहर निकलना है। चाहे बाहर खूब ठंड हो रही हो।

### ज्यादा बाहर यानी ज्यादा विटामिन डी

सैड के लक्षणों से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा वक्त जब हम बाहर गुजारते हैं तब धूप हमारे शरीर को आवश्यक किरणों को सोखने का मौका देती है। विटामिन डी हार्ट अटैक से बचाव करता है साथ ही ऑस्टीयोपोरोसिस और कई तरह के कैंसर जैसी स्थिति में फायदा पहुंचाता है। हालांकि कुछ खाद्य पदार्थों के जरिये भी विटामिन डी लिया जा सकता है जैसे मछली, अंडा और चीज आदि। लेकिन 80 से 90 प्रतिशत तक हम इसे सूरज से ही पा सकते हैं।

### एक्सरसाइज रुटीन को करता है रिचार्ज

जब सर्द हवाएं चल रही हों या फिर घना कोहरा छाया हो ऐसे में बाहर जाकर एक्सरसाइज करने के लिए खुद को प्रेरित करना थोड़ा कठिन होता है। लेकिन बाहर निकल कर दौड़ना अच्छा वर्कआउट माना जाता है, आप चाहें तो साइकिलिंग करके ज्यादा से ज्यादा कैलोरी बर्न कर सकती हैं या फिर किसी तरह की फिजिकल एक्टिविटी करके एक्सरसाइज का फायदा उठा सकती हैं। ऐसा मानना है न्यूयॉर्क टाइम्स में छपे एक शोध का। इसका मतलब यह है कि धुंध भरी सुबह अपने आलस्य को छोड़कर बाहर एक्सरसाइज करने के लिए निकल पड़िये। यह आपको पूरे दिन तरोताजा रखेगी। सर्दियों में सुबह-सुबह टहलने निकलने का एक फायदा यह भी है कि आपको सड़कें खाली मिलेंगी, कोहरे में टहलते हुए आप पेड़ों से गिरती हुई ओस की बूंदे देखकर प्राकृतिक नजारों का लुफ्त उठा सकती हैं।

### कई बीमारियों में कारगर प्राकृतिक प्रकाश

पिट्सबर्ग यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन के अनुसार प्राकृतिक रोशनी यानी सूरज की किरणों में आरोग्यात्मक गुण पाये जाते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि स्पाइनल सर्जरी वाले रोगियों में धूप में बैठने के बाद दर्द और तनाव का स्तर कम पाया गया। दरअसल जो रोगी 46 प्रतिशत धूप में ज्यादा बैठे उन्हें चिकित्सा अवधि के दौरान 22 प्रतिशत दर्द का कम अहसास हुआ। एजिंग हेल्थ ऑफ जर्नल में छपे एक और अध्ययन के अनुसार उम्र बढ़ने के साथ-साथ हमारा बाहर टहलने निकलना और ज्यादा जरूरी हो जाता है। एक 70 वर्षीय व्यक्ति जो प्रतिदिन बाहर समय व्यतीत करता है उसे शरीर में दर्द का अहसास कम होता है साथ ही नींद की समस्या भी नहीं रहती। उनकी दिन-प्रतिदिन के क्रियाकलापों में भी बहुत कम गिरावट देखी गई। ऐसे में कहा जा सकता है कि प्रकृति में ज्यादा वक्त गुजारने से आप वृद्धावस्था में भी स्वस्थ रह सकती हैं।




### टहलने से बढ़ेगी एकाग्रता और रचनात्मकता

अध्ययन बताते हैं कि जब आप बाहर टहलने निकलते हैं तब हमारे मस्तिष्क की कार्यपप्राली और मेंटल फोकस में इजाफा हो ता है। स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी के एक अध्ययन के अनुसार टहलने से न केवल फिजिकल एक्टीविटी बढ़ती है बल्कि दिमाग में नये-नये विचारों का आवागमन भी होता है। उटाह यूनिवर्सिटी द्वारा कराये गये एक अन्य अध्ययन में पाया कि एक क्रिएटिव टेस्ट में जगह-जगह यात्रा करने वाले पार्टिसिपेंट्स ने बिना किसी गैजेट की सहायता के पचास प्रतिशत ज्यादा अंक प्राप्त किये। शोधकर्ताओं का मानना है कि खुद को चौबीसों घंटे कंप्यूटर और अन्य गैजेट्स से चिपकाये रखने की आदत के फलस्वरूप लोग टहलना भूल रहे हैं। बाहर ज्यादा समय गुजारने से फोकस भी बढ़ता है। शहरों में रहने वाले बच्चे जो घर के आसपास ही खेलते हैं, की तुलना में पाकरे में धमा चौकड़ी बचाने वाले बच्चों का फोकस बेहतर होता है।

# अनोखा एनर्जी बूस्टर है मीठा और ताजा खजूर

***मीठे,*** ताजे और नरम डेट्स यानी खजूर देखने में आकर्षक तो लगते ही हैं, साथ ही स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद होते हैं। बच्चे हों या बड़े हर किसी के लिए यह पोषक तत्वों, मिनरल्स और विटामिन्स से भरा फल है। सामान्य ग्रोथ, विकास और पूरे शरीर के स्वास्थ्य के लिए जिन चीजों की जरूरत पड़ती है, वह सब इस फल में मौजूद हैं। ताजे खजूर नरम होते हैं और आसानी से पच जाते हैं। इसमें साधारण शुगर जैसे फ्रूकटोज और डेस्ट्रोज मौजूद होते हैं। इसे खाते ही पूरे शरीर में फुर्ती और ताकत का संचार होता है और व्यक्ति अपने आप को ऊर्जावान पाता है।

खजूर में प्रचुर मात्रा में फाइबर पाए जाते हैं। ये कोलेस्ट्रोल को कम करते हैं। खजूर में मौजूद फाइबर कोलोन कैंसर से भी बचाव करते हैं। खजूर में टेनिन हेल्थ के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। इसमें एंटी इफेक्टिव, एंटी इनफ्लेमटरी और एंटी हिमोरेजिक गुण होते हैं, जो शरीर से आसानी से खून बहने नहीं देता।



खजूर कब्ज से परेशान लोगों के लिए रामबाण है। इसे लैक्जेटिव फूड भी कहा जाता है। इसमें प्रचुर मात्रा में घुलने वाले फाइबर पाए जाते हैं। खजूर को रात भर पानी में भिगोकर सुबह खाने से कब्ज में जल्द फायदा मिलता है।

हड्डियों की मजबूती और ताकत के लिए खजूर को सुपर फूड भी माना जाता है। यह आस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों से भी बचाव करता है। इसमें मौजूद सेलेनियम, मैग्नीज, कॉपर और मैग्नेशियम बढ़ती उम्र में भी हड्डियों की मजबूत रखते हैं।

खजूर में मौजूद निकोटिन आंत संबंधी कई बीमारियों से बचाता है। यह पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है और भोजन को आसानी से पचाने में मदद करता है। खजूर में प्रचुर मात्रा में मिनरल पाए जाते हैं, जो किसी भी स्वास्थ्य संबंधी समस्या के दौरान शरीर में आयरन की कमी नहीं होने देता। एनिमिया के मरीज इसे अपने हर दिन के खाने में शामिल कर सकते हैं। यह शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ा कर थकान, आलस और कमजोरी दूर करता है। मौसमी एलर्जी से भी यह बचाता है।

खजूर में शुगर, प्रोटीन और कई जरूरी विटामिंस मौजूद होते हैं, जो हेल्दी डाइट का काम करते हैं। अगर अपने मसल्स बनाना चाहते हैं और साथ ही थोड़ा वेट भी चाहते हैं, तो खजूर एक बेहतर विकल्प है। लेकिन ध्यान रहे पूरा दिन इसे न खाएं वरना आप मोटापे के शिकार हो सकते हैं। खजूर एनर्जी बूस्टर का भी काम करता है।

उम्र बढ़ने के साथ नर्वस सिस्टम भी कमजोर होता जाता है। ऐसे में खजूर में मौजूद विटामिंस इसे सही रखने में मदद करता है और दिमाग तेज बनाता है। इसमें मौजूद पोटेशियम न सिर्फ आपका दिमाग बल्कि दिल को भी दुरुस्त रखता है। कमजोर दिल के मरीज इसका सेवन कर अपने हार्ट को हेल्दी बना सकते हैं। रात भर भिगो कर सुबह अगर इसे खाया जाए तो मरीज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

इसके अलावा खजूर, कान, नाक और गले की बीमारियों में भी लाभदायक है। इसके पत्ते को पीस कर आंखों के आसपास लगाने से रतौंधी ( नाइट ब्लाइंडनेस) जैसी समस्या कम होती जाती है। पके हुए खजूर में मौजूद पोटेशियम क्रोनिक डायरिया में भी आराम पहुंचाते हैं। यह मानव शरीर के लिए अचूक दवा है। इसका नियमित सेवन एबडामिनल कैंसर जैसी बीमारी से बचाता है।

खजूर हर उम्र के लोगों के लिए टॉनिक को तरह काम करता है। इसलिए सर्दी हो या गर्मी इसे नियमित रूप से अपने खाने में शामिल करें। मगर ध्यान रहे, खाने से पहले इसकी क्वालिटी जरूर जांच लें और साथ ही इसे अच्छी तरह धो लें।

# अखरोट खाएं और दूर भगाएं कई रोग

***नट्स*** हमेशा सेहत के लिए फायदेमंद रहे हैं। बात अगर अखरोट की करें, तो यह एनर्जी का बेहतर स्रोत होने के साथ इसमें शरीर के लिए बेहतर पोषक तत्व, मिनरल्स, एंटीआक्सीडेंट और विटामिन प्रचुर मात्रा में मौजूद हैं। हर मौसम में अखरोट मिल जाते हैं। मगर यह अगस्त में बिल्कुल तैयार हो जाता है। अखरोट का तेल खाना बनाने के अलावा दवाइयों और खुशबू के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है।

अखरोट में मोनोसेचुरेटेड फैट जैसे ओलिस एसिड प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड जैसे सिनोलिक एसिड, अल्फा फिनोलिक एसिड और एराकिडोनिक एसिड भी काफी मात्रा में मिलते हैं। अखरोट का नियमित सेवन खून में बैड कोलेस्ट्राल को कम कर गुड कोलेस्ट्राल को बढ़ाता है।

हर दिन 25 ग्राम अखरोट के सेवन से 90 फीसद ओमेगा-3 फैटी एसिड भी मिलता है। इससे रक्तचाप, कोरोनरी आर्टरी डिजिज और स्ट्रोक के रिस्क कम होते हैं। इसका सेवन ब्रेस्ट कैंसर, कोलोन कैंसर और प्रोस्टेट कैंसर से बचाव करता है। अखरोट को ब्रेन फूड भी कहा जाता है। अखरोट में कई तरह के यौगिक मौजूद होते हैं जैसे मेलाटोनिन, विटामिन ई, कैरोटिनायड जो हमारे स्वास्थ्य को सही रखने में मदद करते हैं। यह यौगिक कैंसर, बुढ़ापा, सूजन और मस्तिष्क से संबंधित बीमारियों से बचाता है।

विटामिन-ई शरीर के लिए बेहद जरूरी होता है और अखरोट में प्रचुर मात्रा में विटामिन ई मौजूद होता है। विटामिन ई शरीर को हानिकारक आक्सीजन से सुरक्षा देता है। सौ ग्राम अखरोट में लगभग 21 ग्राम विटामिन-ई की मात्रा पाई जाती है। विटामिन के अलावा इसमें और भी जरूरी विटामिन मौजूद होते हैं जैसे विटामिन बी कांप्लेक्स समूह के शइबोफ्लैविन, नियासिन, थाइमिन, पेंटोथेनिक एसिड और विटामिन बी 6 और फोलेट्स।

## डिस्क रिप्लेसमेंट थेरेपी

# कमर दर्द का कारगर समाधान



विभिन्न अध्ययनों में पाया गया है कि 80 प्रतिशत पीठ दर्द की व्यापकता जिंदगीभर पाई गई है। इसका मतलब है कि मजबूत रीढ़ की हड्डी के बिना हमारा सेहतमंद रहना असंभव है, इसके बावजूद हम अपनी पीठ की उचित देखभाल नहीं करते

***विशेषज्ञों*** का मानना है कि डेस्क पर लंबे समय तक बैठे रहना और झुककर काम करते रहने से युवाओं में पीठ संबंधी समस्याएं हो रही है। ऐसी दर्दनाक स्थितियों से छुटकारा पाने के लिए डिस्क रिप्लेसमेंट थेरेपी सबसे आसान समाधान उभरकर सामने आया है। एक हालिया शोध के अनुसार दुनियाभर में अन्य किसी बीमारी के मुकाबले विकलांगता होने की सबसे बड़ी वजह पीठ के निचले हिस्से में दर्द होना है। इसका सबसे मुख्य कारण लगातार बैठे रहना और गलत मुद्रा में खड़े व बैठना है। जीवनशैली में व्यस्तता और लगातार काम करने की डिमांड के चलते प्रोफेशनल्स को इस तरह की समस्या का समाधान मिलना मुश्किल हो गया है। अब 35 साल के रजत मित्तल का ही उदाहरण लें। सारा दिन ऑफिस में डेस्क जॉब करना और कई बार तो घर आकर भी ऑफिस के ही काम में लगे रहना या फिर निढाल होकर टीवी इत्यादि देखना। रजत की पिछले छह महीने से कमर में गंभीर दर्द है लेकिन बिजी होने की वजह से इस दर्द को लगातार अनदेखा किए जा रहे हैं। जब दर्द बिल्कुल बर्दाश्त से बाहर हो गया तो चेकअप कराया, जिससे उन्हें हर्निएटिड डिस्क समस्या की बात पता चली। विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि लापरवाही और समय पर इलाज न कराने से विकलांगता का खतरा हो सकता है जिससे रोजमर्रा के कामों में भी दिक्कत हो सकती है। दिल्ली के वसंत कुंज स्थित इंडियन स्पाइनल इंजरीज के कंसल्टेंट स्पाइन सर्जन डॉ. गुरुराज एम का कहना है, 'कुछ समय से युवाओं में जॉब के कारण लगातार लंबे समय तक अपने डेस्क पर बैठे काम करते रहने से पीठ दर्द जैसी समस्या सामने आ रही हैं। शारीरिक रूप से खड़े होने की तुलना में बैठने पर हमारी पीठ पर ज्यादा तनाव पड़ता है और लगातर बैठकर काम करने से आमतौर पर पीठ दर्द होने पर हर्निएटिड डिस्क या प्रोलेप्सड डिस्क, जिसे आमतौर पर स्लिप डिस्क कहते हैं, की समस्या हो जाती है। विभिन्न अध्ययनों में पाया गया है कि 80 प्रतिशत पीठ दर्द की व्यापकता जिंदगी भर पाई गई है। इसका मतलब है कि रीढ़ की हड्डी के बिना हमारा सेहतमंद रहना असंभव है। इसके बावजूद हम अपनी पीठ की उचित देखभाल नहीं करते।

गौरतलब है कि इंसान की रीढ़ 33 हड्डियों से मिलकर बनी है, जिसे वर्टिब्रा कहते हैं। ये स्पंजी इंटरवर्टिबल डिस्क और लिगामिंट के साथ है। यही इंटरवर्टिबल डिस्क रीढ़ को गतिशीलता और सहारा प्रदान करती है। जन्म के समय 80 प्रतिशत तक इंटरवर्टिबल पानी से भरा होता है और ये सख्त कोलेजन फाइबर से घिरा होता है लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है खानपान में पोषक न होना, खाना-पीना सही न होना और सही मुद्रा न होने के कारण पानी कम होने लगता है। इसके साथ-साथ प्रोटीन कम होने लगता है जिसके कारण रीढ़ की हड्डी सख्त होने लगती है और हड्डियों में टूट-फूट होने लगती है। हर्निऐटिड डिस्क में एक या इससे अधिक इंटरवर्टिबल डिस्क टूटने लगती है जिसके कारण जेली जैसा पदार्थ बाहर आने लगता है। इस लीकेज के कारण आसपास की नसों में दर्द होना या कई बार नसों में अकड़न आ जाती है। इस कारण शरीर के उस भाग में अकड़न आ जाती है और तेज दर्द होता है। अगर समय रहते हर्निऐटिड डिस्क का पता चल जाए तो इसे दवाइयों और फिजियोथेरेपी की मदद से मैनेज किया जा सकता है। हांलाकि गंभीर स्थितियों में कम से कम साइड इफेक्ट्स के साथ सर्जरी की जरूरत पड़ती है।

इस बारे में डॉ. गुरुराज कहते है, 'पहले सर्जरी के विकल्पों में स्पाइन फ्यूजन उपलब्ध था, हालांकि ये समस्या का इलाज करने में काफी हद तक सक्षम था लेकिन इससे रीढ़ की हड्डी में स्पेस और गतिशीलता कम हो जाती है जिस वजह से इससे जुड़े वर्टिब्रा पर तनाव पड़ता है। लेकिन आधुनिक डिस्क रिप्लेसमेंट थे रेपी ने पीठ दर्द से जुड़ी समस्याओं से निजात पाने का बेहतरीन विकल्प दिया है। डिस्क रिप्लेसमेंट थेरेपी में पुरानी और विकृत डिस्क को प्रोस्थेटिक डिस्क के साथ बदल दिया जाता है और इससे वर्टिब्रा में भी लचीलापन रहता है। यह एक मोबाइल धातु डिस्क होता है जिसे वर्टिब्रा के बीच में रखा जाता है जिससे यह प्राकृतिक रूप से ही काम करने लगती है। जो लोग अपने काम और घर की जिम्मेदारियों को ज्यादा समय के लिए नजरअंदाज नहीं कर सकते, उनके लिए ये थेरेपी बेहद कारगर है।' पीठ दर्द की गंभीर स्थितियों में इस तरह की तकनीकों ने इलाज को बेहद आसान कर दिया है लेकिन इसके अलावा सभी को अपनी जीवनशैली में थोड़े बहुत बदलाव करना चाहिए जिससे शारीरिक रूप से मजबूती आये और पीठ दर्द जैसी समस्याओं से दूरी बनाई जा सके।

# ऑस्ट्रेलिया की बॉक्सिंग डे टेस्ट में ठोस शुरुआत , 311/6

**-कॉन्स्टास ने डेब्यू टेस्ट में ही अर्धशतक लगाया**

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम के खिलाफ गुरुवार से यहां बाक्सिंग डे पर शुरु हुए बॉर्डर गावस्कर सीरीज के चौथे टेस्ट मैच में अच्छी शुरुआत की है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मेजबान टीम ने दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी पहली पारी में 6 विकेट के नुकसान पर 311 रन बना लिए थे। पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय स्टीव स्मिथ 68 रन जबकि पैट कमिंस 8 रनों पर खेल रहे थे। पहले दिन चार शुरुआती बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाये। पारी की शुरुआत करते हुए डेब्यू करने वाले बल्लेबाज सैम कॉन्स्टास ने आक्रामक अंदाज में खेलकर सभी को प्रभावित किया। कॉन्स्टास ने 60 रनों की पारी खेली। वहीं उस्मान ख्वाजा ने भी 57 रन बनाये जबकि मार्नस लाबुशाने ने सबसे अधिक 72 रन बनाये। वहीं इस बार ट्रेविस हेड को भारतीय गेंदबाजों ने शुरुआत में ही पेवेलियन भेजकर एक बड़ी सफलता हासिल की। हेड ने इस सीरीज में अब तक सबसे अधिक रन बनाये हैं। मैच में ख्वाजा और कॉन्स्टास की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 89 रनों की साझेदारी बनायी। रवींद्र जडेजा ने कॉन्स्टास को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। कॉन्स्टास ने 65 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए अपने पदार्पण टेस्ट में अपना पहला अर्धशतक लगाने की उपलब्धि हासिल की। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मार्नसन लाबुशेन ने ख्वाज के साथ पारी संभाली। दोनों ने दूसरे विकेट लिए 65 रन बनाये। 45वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने उस्मान ख्वाजा को राहुल के हाथों कैच कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। ख्वाजा ने 121 गेंदों में छह चौके लगाते हुए 57 रन बनाए। इसके बाद मार्नसन लाबुशेन ने 145 गेंदों पर 72 रन बना दिये। वह सुंदर की गेंद पर कोहली के हाथों कैच हुए। हेड आज क्रीज पर पैर जमाने से पहली ही 7 गेंदों पर बिना खाता खोले ही बुमराह के हाथों आउट हो गये। वहीं मिचेल मार्श 4 रन बनाकर बुमराह का पेवेलियन लौटे। एलेक्स केरी 31 रन बनाकर आकाशदीप का शिकार बने।




# मुझे किसी से नाराजगी नहीं : अश्विन



**चेन्नई (एजेंसी)।** दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि वह अपने संन्यास को लेकर न किसी से नाराज हैं और न ही उनके मन में किसी प्रकार का पछतावा है। अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के बाद संन्यास की घोषणा कर दी थी। माना जा रहा है कि अपनी अनदेखी से वह नाराज थे। अश्विन को पर्थ में पहले टेस्ट में बाहर रखा गया था, जहां वाशिंगटन सुंदर को एकमात्र स्पिनर के रूप में प्राथमिकता दी गई थी। अश्विन ने एडिलेड में गुलाबी गेंद का टेस्ट खेला था लेकिन तीसरे टेस्ट में जब उन्हें जगह नहीं मिली तो उनका सब्र टूट गया।

अश्विन ने कहा कि उन्हें कोई पछतावा नहीं है और उन्होंने अपने फैसले के लिए किसी को दोषी ठहराने से भी मना कर दिया। उन्होंने साथ ही कहा कि टीम इंडिया के लिए खेलना बंद करने के बाद वह रोए नहीं थे। उन्होंने कहा कि मुझे इसका कोई अफसोस नहीं है। शून्य पछतावा। अगर मैं अपने करियर में हासिल 537 विकेट से खुश नहीं हूं तो फिर किस बात से खुश होऊंगा? ऐसी चीज है ही नहीं, जिसके लिए मैं दुखी होऊं? स्वीकृति में बड़ा आनंद है। आप उस चीज का पीछा करते हैं जो आपके पास नहीं है। लेकिन उस चीज के लिए पछतावा मत करो जो तुम्हारे पास नहीं है। इसके बारे में शिकायत मत करो। मैंने अपने जीवन के इस हिस्से को छोड़ दिया। यह मेरे जीवन के उस हिस्से पर पूर्ण विराम था। अब मैं क्रिकेट पर बात कर सकता हूं, मुझे कोचिंग पसंद है। मैं खुद को क्रिकेट के आसपास खुश रख सकता हूं। मैं क्रिकेट से जुड़ा रहूंगा। मैं मुझे कोई पछतावा नहीं है, मैं किसी पर गुस्सा नहीं हूं। मैं थोड़ा भी नहीं रोया। मेरे संन्यास के लिए कोई और जिम्मेदार है।

# चैम्पियंस ट्रॉफी : फखर ने बताया भारत, पाक सहित ये चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी




**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज फखर जमान ने आगामी टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को लेकर भविष्य वाणी की है। फखर ने कहा है कि इसमें पाकिस्तान, भारत, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका जैसे टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फखर ने बासित अली से कहा कि पाकिस्तान के अलावा भारत, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका ऐसी टीमें हैं जो सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। इसमें पाकिस्तान के साथ ही भारत और बांग्लादेश ए ग्रुप में है जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम बी ग्रुप में इंग्लैंड, न ऑस्ट्रेलिया के साथ हैं। वहीं चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर औपचारिक घोषणा के साथ ही इसको लेकर संशय भी दूर हो गया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टूर्नामेंट का कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। आठ टीमों के इस आयोजन में 50 ओवर के प्रारूप में 15 मैच शामिल होंगे और यह पाकिस्तान और दुबई में आयोजित किए जाएंगे। इसमें भारत और पाकिस्तान मुकाबला 23 फरवरी को दुबई में होगा।

रावलपिंडी, लाहौर और कराची पाकिस्तान में टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाले तीन स्थान होंगे। प्रत्येक स्थान पर तीन ग्रुप मैच आयोजित होंगे, साथ ही लाहौर दूसरे सेमीफाइनल की भी मेजबानी करेगा। लाहौर 9 मार्च को फाइनल की मेजबानी करेगा, जब तक कि भारत क्वालीफाई नहीं कर लेता, ऐसी स्थिति में फाइनल दुबई में खेला जाएगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में आरक्षित दिन होंगे। इंग्लैंड एकमात्र भाग लेने वाला देश है जिसने इस बहुप्रतीक्षित आयोजन के लिए अपनी टीम की घोषणा की है। ग्रुप ए के शुरुआती मैच में पाकिस्तान 19 फरवरी को कराची में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। अगले दिन दुबई चरण की शुरुआत भारत और बांग्लादेश के बीच होगी।

# भारतीय महिला टीम की नजरें वेस्टइंडीज का सूपड़ा साफ करने पर

**बडोदरा (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम खराब फॉर्म से जूझ रही वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और आखिरी एक दिवसीय मैच में शुक्रवार को 'क्लीन स्वीप' के इरादे से उतरेगी। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीनों वनडे हारने के बाद भारतीय टीम ने अपनी सरजमीं पर वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत की राह पर वापसी की है।

भारतीय टीम ने श्रृंखला में 300 से अधिक के स्कोर बनाए हैं। पहले मैच में स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करने वाली पत्रिका रावल ने दूसरे वनडे में बेहतर प्रदर्शन करके उम्मीद जगाई है। हरलीन देयोल ने दूसरे मैच में तीसरे नंबर पर उतरकर शतक जड़ा और वह इस लय को कायम रखना चाहेंगी। पूरी तरह से फिट होने के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर भी आत्मविश्वास से भरी लग रही हैं लेकिन अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाई हैं।

गेंदबाजी में रेणुका ठाकुर ने तेज गेंदबाजी में अगुवाई की है जबकि युवा टिटास साधू को भी विकेट मिले हैं। लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा ने भी प्रभावित किया है। यह मुकाबला चूंकि औपचारिकता का है लिहाजा भारतीय टीम में तनुजा कंवर और तेजल हसब्निस को उतारा जा सकता है। वेस्टइंडीज टीम को जीत के साथ स्वदेश लौटने के लिए अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा। उसके लिए सिर्फ हेली मैथ्यूज ही प्रभावित कर सकी हैं।

**टीमें**

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रतिका रावल, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देयोल, रिचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, टिटास साधु, साइमा ठाकुर, रेणुका सिंह ठाकुर।

**वेस्टइंडीज :** हेली मैथ्यूज (कप्तान), शेमाइन कैंपबेल (उप-कप्तान), आलिया एलेने, शमिलिया कॉनेल, नेरिसा क्राफ्टन, डींड्रा डोटिन, अफी फ्लेचर, शबिका गजनबी, चिनेले हेनरी, जैदा जेम्स, कियाना जोसेफ, मैंडी मंगरू, अश्मिनी मुनिसर, करिश्मा रामहैरक , राशदा विलियम्स। न स्वीप% के इरादे से उतरेगी। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीनों वनडे हारने के बाद भारतीय टीम ने अपनी सरजमीं पर वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत की राह पर वापसी की है।




## बुमराह के सामने फिर बेबस नजर आये ख्वाजा

मेलबर्न । भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के सामने ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा टिक नहीं पा रहे। बुमराह ने चौथे टेस्ट की पहली पारी में एक बार फिर ख्वाजा को अपना शिकार बनाया है। बुमराह ने पांचवी बार ख्वाजा को आउट किया है। ख्वाजा ने 57 रन बनाये। अब तक इस सीरीज की 7 पारियों में ख्वाजा ने बुमराह की 87 गेंद खेली हैं, जिसमें उन्होंने सिर्फ 24 रन बनाए और 5 बार आउट हुए हैं। इससे पता चलता है कि ख्वाजा इस भारतीय गेंदबाज के सामने किसे असहज हैं। वह बुमराह की गेंदों को अब तक समझ नहीं पाये हैं। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में अब तक 3 टेस्ट खेले गये हैं और सीरीज 1-1 की बराबरी पर चल रही है। पर्थ में भारत ने बाजी मारी, एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया ने पिंक बॉल टेस्ट मैत जीता जबकि ब्रिस्बेन में खेला गया मैच ड्रॉ रहा।




# बाबर आजम ने हासिल की बड़ी उपलब्धि, कोहली-रोहित के बाद ये रिकॉर्ड बनाने वाले तीसरे प्लेयर बने

सेंचुरियन (दक्षिण अफ्रीका) । पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आजम ने सेंचुरियन में इतिहास रच दिया और खेल के तीनों प्रारूपों में 4,000 से अधिक रन बनाने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए। पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट के पहले दिन बाबर इंग्लैंड सीरीज के दौरान बाहर किए जाने के बाद टेस्ट टीम में वापस आ गए। बाबर की वापसी कड़वी-मीठी रही। एक तरफ उन्होंने क्रिकेट के इतिहास में अपनी जगह पक्की कर ली, लेकिन दूसरी तरफ वे पाकिस्तान की पारी में महत्वपूर्ण योगदान देने में विफल रहे। अपनी क्षमता के बावजूद बाबर ने दूसरी स्लिप में एडेन मार्करम को गेंद थमा दी और 4 रन बनाकर आउट हो गए। उनकी पारी भले ही उम्मीदों से कम रही, लेकिन यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। बाबर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में 4,000 रन बनाने वाले तीसरे क्रिकेटर बन गए। यह उपलब्धि पहले भारतीय दिग्गज विराट कोहली और रोहित शर्मा ने हासिल की थी। बाबर के टेस्ट करियर की संख्या अब 56 मैचों में 4,001 रन हो गई है, जिसमें उनका औसत 43.49 है, जिसमें 9 शतक और 26 अर्द्धशतक शामिल हैं। वनडे में 30 वर्षीय ने 123 मैचों में 5,957 रन बनाए हैं, जिसमें 19 शतक और 34 अर्द्धशतक के साथ 56.73 का औसत है। टी20आई में उन्होंने 128 मैचों में 39.84 की औसत से 4,223 रन बनाए हैं जिसमें तीन शतक और 36 अर्द्धशतक शामिल हैं।



# पहली बार एचआईएल टूर्नामेंट खेलने को लेकर उत्साहित हैं अभिषेक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के फारवर्ड अभिषेक नैन का कहना है कि उनका लक्ष्य भारतीय हॉकी के स्वर्ण युग को वापस लाना है। अभिषेक का कहना है कि हमने ओलंपिक में पदक जीतने की प्रक्रिया शुरू कर दी है पर स्वर्ण युग अभी हासिल नहीं हुआ है जिसके लिए हमें अभी और प्रयास करने हैं। वह हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम में भी शामिल थे।

अभिषेक हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की नीलामी में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। उन्हें श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने 72 लाख रुपये में खरीदा था। वह पहली बार एचआईएल टूर्नामेंट खेलने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, 'यह अंतरराष्ट्रीय मैचों से अलग अनुभव होगा। एचआईएल भारतीय हॉकी के लिए भी एक बड़ी बात होने जा रही है क्योंकि हमें लीग में बहुत सारे विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेलने का अवसर मिलेगा। इस प्रकार एचआईएल से राष्ट्रीय टीम को लाभ ही मिलेगा, उसे बेहतर खिलाड़ी मिलेंगे।

उन्होंने कहा, 'हमारी एचआईएल टीम में बेल्जियम और जर्मनी के कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हैं। एचआईएल के दौरान उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना और खेल से जुड़ी जानकारी प्राप्त करना बहुत अहम होगा। हम उनसे छोटी-छोटी बातें सीखेंगे। अभिषेक लीग के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी हैं पर उन्होंने कहा कि वह दबाव लेने की जगह इसका आनंद उठायेंगे। उन्होंने कहा, 'जिम्मेदारी तो होगी लेकिन मैं कोई दबाव नहीं लेना चाहता। मैं अपना खेल खेलूंगा। अगर मैं दबाव लूंगा तो अपना सौ फीसदी नहीं दे पाऊंगा। मैं बस अपने खेल का आनंद उठाने की कोशिश करूंगा। अधिषेक ने कहा कि पढ़ाई से बचने के लिए हॉकी खेलना शुरू किया था लेकिन उन्हें इस फैसले पर कभी पछतावा नहीं हुआ क्योंकि इस खेल ने उन्हें पहचान सहित वह सब कुछ दिया जो वह जिंदगी में पाना चाहते थे।

## दक्षिण अफीका के खिलाफ टेस्ट मैच में बाबर पर रहेंगी नजरें

सेंचुरियन। अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम को दक्षिण अफीका के खिलाफ टेस्ट मैच के लिए पाक टीम में शामिल किया गया है, ऐसे में उनकी बल्लेबाजी पर सबकी नजरें रहेंगी। बाबर पिछले काफी समय से फार्म में नहीं है। उन्होंने इससे पहले अंतिम बार अक्टूबर में में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में खेला था। उसके बाद से ही वह टेस्ट प्रारुप से बाहर रहे हैं। बाबर ने दिसंबर 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी 161 रन की पारी के बाद से एक भी अर्धशतक नहीं लगाया था। इसी कारण उनकी जगह दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक को टीम में जगह मिली पर शफीक भी रन बनाने में विफल रहे। वही टीम कप्तानी शान मसूद के पास ही रहेगी। विकेटकीपर के तौर पर मोहम्मद रिजवान को रखा गया है। पीसीबी ने सैम अयूब को भी टीम में शामिल किया है। पाकिस्तान ने अपने गेंदबाजी आक्रमण में 4 तेज गेंदबाजों नसीम शाह, मुहम्मद अब्बास, खुर्रम शहजाद और आमेर जमाल भी शामिल किया है। इसके अलावा एक स्पिन ऑलराउंडर सलमान अली आगा भी टीम में शामिल हैं। इसके अलावा बाएं हाथ के बल्लेबाज सऊद शकील और दाएं हाथ के बल्लेबाज कामरान गुलाम को भी टीम में जगह मिली है। वही मेजबान दक्षिण अफीका ने पहले ही अपनी टीम घोषित कर दी थी।

# कोहली पर आईसीसी ने जुर्माना लगाया, कोंस्टास ने लगाया था धक्का मारने का आरोप

**मेलबर्न (एजेंसी)।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर मैच फीस का 15 फीसदी जुर्माना लगाया है। विराट पर ये जुर्माना ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज सैम कोंस्टास को कंधे से धक्का मारने का दोषी पाये जाने पर लगाया है। मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन विराट पर ऑस्ट्रेलिया के 19 साल के युवा कोंस्टास ने कंधे से धक्का मारने का आरोप लगाया था। इसी मामले को लेकर डेब्यू करने वाले इस बल्लेबाज ने नाराजगी भी जतायी थी। आईसीसी ने मामले की समीक्षा के बाद विराट को दोषी पाते हुए जुर्माने के साथ ही उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा। यह घटना ऑस्ट्रेलियाई पारी के 10वें ओवर के बाद हुई जब कोहली और कोंस्टास एक दूसरे के पास से गुजरते हुए कंधे टकरा गए। ऐसा लग रहा था कि कोहली जानबूझकर कोंस्टास से टकरा गए थे। तब कोंस्टास आक्रामक अंदाज से खेल रहे थे। ऑस्ट्रेलियाई पारी के 10वें और 11वें ओवर के बीच ब्रेक के दौरान कोंस्टास और उस्मान ख्वाजा छोर बदल रहे थे, तभी कोहली युवा बल्लेबाज की ओर बढ़े और उनसे टकरा गए। उस समय कमेंट्री कर रहे पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने भी कहा कि कोहली ने जानबूझकर ऐसा किया था। रिप्ले से पता चला कि कोहली को अपनी गति के बारे में पूरी जानकारी थी, जबकि कोंस्टास अपना सिर नीचे करके अपने दस्ताने ठीक कर रहे थे, और अनजाने में ही विराट से टकरा गये। जुर्माने से पहले आईसीसी की ओर से विराट कोअनुशासनात्मक कार्रवाई की जानकारी दी गई थी।




## कोंस्टास ने सहवाग की तरह बल्लेबाजी की : लैंगर

मेलबर्न । पूर्व ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज जस्टिन लैंगर ने अपने पदार्पण मैच में ही अर्धशतक लगाने वाले 19 साल के युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास की जमकर प्रशंसा की है। लैंगर ने कहा कि जिस प्रकार से अपने पहले ही मैच में कोंस्टास ने आक्रामक अंदाज में खेला उससे पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग की याद आ गयी। भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज सहवाग अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। सहवाग को उन बल्लेबाजों में से एक माना जाता है जिन्होंने अपने आक्रामक अंदाज से टेस्ट क्रिकेट को बदल दिया। लैंगर का मानना ??है कि कोंस्टास में भी उसी तरह का आत्मविश्वास नजर आया है। कोंस्टास ने 65 गेंदों पर 60 रन बनाकर अपने चयन को सही साबित किया है। कोंस्टास ने अनुभवी उस्मान ख्वाजा 38 के साथ 89 रनों की शुरुआती साझेदारी की। लैंगर ने कहा, कोंस्टास मैच को लेकर किसी प्रकार के दवाब में नहीं थे। उन्हें बल्लेबाजी करते हुए देखना अविश्वसनीय था। उन्होंने मुझे 2003 के सहवाग की याद दिला दी, जब उन्होंने पहले दिन 233 गेंदों पर 195 रन बनाए थे। कोंस्टास ने अनुभवी गेंदबाजों का सामना करने की अपनी क्षमता का भी प्रदर्शन किया, मोहम्मद सिराज की गेंदों पर चौके लगाए और भारतीय आक्रमण को अस्थिर कर दिया। उनकी पारी में छह चौके और दो छक्के शामिल थे। लैंगर ने कहा कि कोंस्टास के आक्रामक रवैये ने उस्मान ख्वाजा पर दबाव कम किया, जो पूरी सीरीज से लया हासिल करने का प्रयास कर रहे थे। लैंगर ने कहा, हम यह भी देखते हैं कि कोंस्टास ने जिस तरह से डेब्यू किया है, उसने उस्मान ख्वाजा को दबाव मुक्त कर दिया है। वह सहज दिख रहा है, वह डेविड वार्नर के साथ बल्लेबाजी करने का आदी था, जो आक्रामक दृष्टिकोण के साथ खेलते थे। अब, वह एक ऐसे साथी के साथ खेल रहा है, जो उसी प्रकार का रवैया रख रहा है।

# शुभमन गिल को बाहर करने पर बोले अभिषेक नायर, रोहित को पारी का आगाज कराने की जरूरत थी

**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारत के सहायक कोच अभिषेक नायर ने शुभमन गिल को 'बॉक्सिंग डे' टेस्ट से बाहर करने का बचाव करते हुए कहा कि रोहित शर्मा से पारी का आगाज कराना ही टीम के हित में नहीं था बल्कि स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को शामिल करके आक्रमण को पैना करना भी था। गिल उंगली की चोट के कारण पहले टेस्ट में नहीं खेल पाये थे, उन्होंने गुलाबी गेंद के टेस्ट में 31 और 28 रन बनाए। वह भारतीय बल्लेबाजों में सबसे भरोसेमंद दिखे, लेकिन ब्रिस्बेन में शून्य पर आउट हो गए।

रोहित शर्मा के पारी की शुरुआत करने और केएल राहुल के तीसरे नंबर पर आने के कारण गिल को तीसरे विशेषज्ञ ऑलराउंडर वाशिंगटन के लिए जगह बनानी पड़ी। दिन का खेल खत्म होने के बाद नायर ने कहा, 'हां, रोहित बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आएंगे और पूरी संभावना है कि वह पारी की शुरुआत करेंगे। यही योजना थी। दुर्भाग्य से गिल को बाहर होना पड़ा जिस तरह से चीजें आगे बढ़ीं उन्हें बाहर होना पड़ा।'

मुंबई के पूर्व दिग्गज ने कहा, 'मुझे लगता है कि इस तरह की स्थिति में एक युवा खिलाड़ी बड़े दिन पर अपनी छाप छोड़ना चाहता है। वह समझता है कि यह टीम की जरूरत है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन मैं यह नहीं कहूंगा कि उसे टीम से बाहर कर दिया गया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वह इस मैच टीम में जगह नहीं बना सका।'

उन्होंने विस्तार से बताया कि गिल की तुलना में एमसीजी में वाशिंगटन को खिलाना क्यों उचित था। उन्होंने कहा, 'जब बहुत सारे फैसले लिए जाते हैं और उन्हें लेने की प्रक्रिया होती है तो हमेशा बातचीत और पारदर्शिता होती है। यह बहुत स्पष्ट है कि हमने पिच को देखते हुए महसूस किया कि गेंदबाजी आक्रमण में वाशी के होने से हमें विविधता मिलेगी, खासकर अंत में जब गेंद पुरानी हो जाती है।'

नायर ने कहा, '50 ओवर के बाद हमें लगा कि यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें हमें बेहतर होना चाहिए। हमें लगा कि वाशी हमें जड्डू (रविंद्र जडेजा) के साथ मजबूती प्रदान कर सकता है, विशेषकर जिस तरह से ट्रेविस हेड और एलेक्स कैरी निचले क्रम में रन बना रहे थे। इसलिए हमें लगा कि टीम में एक ऑफ स्पिनर होने से हमें इसमें मदद मिलेगी।'




## यशस्वी बनाएंगे कई रिकार्ड : मैक्सवेल

सिडनी । ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह अपने टेस्ट करियर में 40 से अधिक शतक लगाने के साथ ही कई रिकॉर्ड बनाएंगे। मैक्सवेल के अनुसार हालातों के अनसार ढलने और बल्लेबाजी में कोई कमी नहीं होने का लाभ यशस्वी को मिलेगा। यशस्वी ने इस साल के शुरूआत में इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके टीम में अपनी जगह पक्की की थी। मैक्सवेल ने कहा, ' जायसवाल एक ऐसा खिलाड़ी है जो संभवत- 40 से अधिक टेस्ट शतक लगाएगा और कुछ अलग रिकॉर्ड भी बनाएगा। उसके पास अलग-अलग हालातों से तालमेल बिठाने की जबरदस्त क्षमता है। इस युवा बल्लेबाज ने अभी तक 15 टेस्ट मैच में 58.07 की शानदार औसत से 1568 रन बनाए हैं जिसमें चार शतक शामिल हैं।

## एक नजर

### ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**बाराबंकी:** जिले के हैदरगढ़ नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित पेट्रोल पम्प से मोटरसाइकिल में पेट्रोल भरवाने के बाद वापस लौट रहे युवक को गुरुवार करीब 11 बजे ट्रक ने रौंद दिया। जिसके युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। जानकारी के अनुसार स्थानीय कोतवाली के रनापुर गांव निवासी अर्पित गौतम पुत्र बलराम गुरुवार की सुबह अपनी मोटरसाइकिल में पेट्रोल भरवाने आया था। पेट्रोल भरवाने के बाद जब वह अपने घर के लिए वापस लौट रहा था। तभी पेट्रोल पम्प के सामने भीड़भाड़ होने से असंतुलित होकर मोटरसाइकिल सहित रोड पर गिर पड़ा। तभी लखनऊ से सुल्तानपुर की ओर जा रहा ट्रक का पहिया सिर के एक हिस्से पर चढ़ गया। जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया। जहां युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण सीएचसी हैदरगढ़ पंहुचे। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली प्रभारी अजय त्रिपाठी ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

### संघ प्रमुख भागवत आज से छतीसगढ़ के पांच दिवसीय दौरे पर

**रायपुर:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 27 से 31 दिसंबर तक छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह रायपुर में कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ संगठन के दृढ़ीकरण पर कई बैठकें करेंगे। संघ के एक पदाधिकारी के मुताबिक डॉ. भागवत अपने प्रवास के दौरान विषय आधारित विभिन्न बैठकों में संगठनात्मक कार्यों की चर्चा करेंगे। डॉ. भागवत की इन बैठकों में कार्य विस्तार के साथ कार्यकर्ताओं व स्वयंसेवकों के गुणात्मक विकास पर विशेष रूप से चर्चा होगी। वह पंच परिवर्तन स्व का बोध, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण अनुकूल विकास और नागरिक कर्तव्य पर चर्चा करेंगे। संघ ने शताब्दी वर्ष में प्रत्येक गांव एवं शहरी क्षेत्रों तक शाखा के माध्यम से पहुंचने का लक्ष्य रखा है। सरसंघचालक का प्रवास छत्तीसगढ़ में संघ कार्य को सर्वव्यापी एवं सर्वस्पर्शी बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। उल्लेखनीय है कि संघ वर्ष 2025 में अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इसके निमित्त देश के अलग-अलग प्रांतों में डॉ. भागवत का दौरा हो रहा है।

### पाकिस्तान के कटास राज मंदिर में दर्शन-पूजन कर स्वदेश लौटे भारतीय तीर्थयात्री

**नई दिल्ली:** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में स्थित कटास राज मंदिर में पूजन-अर्चन करने के बाद 70 भारतीय हिंदू तीर्थयात्रियों का दल बुधवार को स्वदेश लौट आया है। वाघा सीमा पर पाकिस्तानी अधिकारियों ने विशेष उपहार और गुलदस्ते भेंट कर तीर्थ यात्रियों को विदा किया। पाकिस्तान में अपनी सात दिवसीय यात्रा के दौरान हिंदू तीर्थयात्रियों ने कटास राज मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान पूरा करने के साथ लाहौर में रावी रोड पर कृष्ण मंदिर और अनारकली में वाल्मीकि मंदिर के भी दर्शन किये। दर्शन पूजन के अलावा भारतीय नागरिकों ने लाहौर किले के साथ अनारकली बाजार का भी दौरा किया। दर्शन के पश्चात स्वदेश वापसी के वक्त इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड के अतिरिक्त सचिव सैफुल्लाह खोखर ने वाघा सीमा पर तीर्थयात्रियों को विदा करते हुए गुलदस्ते और उपहार भेंट किए। उन्होंने कहा कि आपके इस भ्रमण कार्यक्रम से दोनों देशों के बीच स्थिति बेहतर होगी।

# युवाओं के कारण विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की सफलता सुनिश्चित है : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय युवाओं के साहस और सामर्थ्य की सराहना करते हुए कहा कि आज के युवाओं के सामने विकसित भारत का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि युवाओं के कारण विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की सफलता सुनिश्चित है। प्रधानमंत्री गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने इस दौरान सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान का शुभारंभ भी किया। इसका उद्देश्य पोषण संबंधी सेवाओं के कार्यान्वयन को मजबूत करके और सक्रिय सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करके पोषण संबंधी परिणामों और कल्याण में सुधार करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम के दौरान ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के विजेता बच्चों से भी बातचीत की। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में युवाओं को भविष्योन्मुखी बनाने की जरूरत पर बल दिया और कहा कि युवा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहें। प्रधानमंत्री ने देश की आजादी के समय युवाओं की भूमिका से लेकर मौजूदा समय में विदेशी कंपनियों के शीर्ष पर भारतीयों के काबिज होने का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा, ह्आज के युवाओं के सामने विकसित भारत का लक्ष्य है। इस दशक में हमें अगले 25 वर्षों के तेज विकास की नींव रखनी है, इसलिए भारत के युवाओं को अधिक से अधिक इस समय का लाभ उठाना होगा। हर सेक्टर में स्वयं भी आगे बढ़ना है और देश को भी आगे बढ़ाना है। प्रधानमंत्री ने लाल किले से दिये अपने भाषण का जिक्र करते हुए देश में गैर-राजनीतिक पृष्ठभूमि के एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने अगले 25 सालों के लिए इस शुरूआत को बेहद महत्वपूर्ण करार दिया। उन्होंने युवाओं से इस अभियान का हिस्सा बनने की अपील करते हुए कहा कि देश की राजनीति में एक नवीन पीढ़ी के उदय के लिए यह आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का भी आयोजन होगा। देशभर के लाखों युवा इसका हिस्सा बनेंगे। इसमें विकसित भारत के विजन पर चर्चा होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि वीर बाल दिवस पर हम साहिबजादों की वीरता और बलिदान को याद करते हैं। हम माता गुजरी और श्री गुरु गोबिंद सिंह को भी श्रद्धांजलि देते हैं। उन्होंने कहा कि आज हम तीसरे 'वीर बाल दिवस' का हिस्सा बन रहे हैं। तीन साल पहले हमारी सरकार ने वीर साहिबजादों के बलिदान की अमर स्मृति में वीर बाल दिवस मानने शुरूआत की थी। अब ये दिन करोड़ों देशवासियों के लिए, पूरे देश के लिए राष्ट्रीय प्रेरणा का पर्व बना है। इस दिन ने भारत के कितने ही बच्चों और युवाओं को अदम्य साहस से भरने का काम किया है।

# हिंदू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति के लिए विहिप ने की देशव्यापी अभियान की घोषणा

एजेंसी




**नई दिल्ली :** हिन्दू मन्दिरों की सरकारी नियंत्रण से मुक्ति के लिए विश्व हिन्दू परिषद ने अगले महीने से देश व्यापी जन-जागरण अभियान शुरू करने की घोषणा की है। विहिप के संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने गुरुवार को यहां प्रेस वार्ता में यह घोषणा की। मिलिंद परांडे ने कहा कि अब सभी राज्य सरकारों को मंदिरों के नियंत्रण, प्रबंधन और दैनंदिनी कार्यों से स्वयं को अविलंब अलग कर लेना चाहिए, क्योंकि उनका यह कार्य हिंदू समाज के प्रति भेदभावपूर्ण है। संतों और हिंदू समाज के श्रेष्ठ लोगों की अगुवाई में आगामी 5 जनवरी से इस संबंध में हम एक देशव्यापी जन जागरण अभियान प्रारम्भ करेंगे। इस अखिल भारतीय अभियान का शंखनाद आन्ध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आयोजित हैंदव शंखारावम नामक लाखों लोगों के विशेष व विराट समागम में होगा। विहिप संगठन महामंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश की स्वाधीनता के उपरांत जिस हिन्दू-द्रोही काम पर विराम लग जाना चाहिए था, अर्थात मंदिरों को हिंदू समाज को सौंप देना चाहिए था, एक के बाद एक अनेक राज्य सरकारें संविधान के अनुच्छेद 12, 25 और 26 की अनदेखी करती रहीं। जब कोई मस्जिद या चर्च उनके नियंत्रण में नहीं तो भला हिंदुओं के साथ ही यह भेदभाव क्यों। अनेक उच्च न्यायालयों तथा सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट संकेतों के बावजूद सरकारें मंदिरों के प्रबंधन व सम्पत्तियों पर कब्जे जमा कर बैठी रहीं। उन्होंने आगे कहा कि मंदिरों के प्रबंधन और नियंत्रण का कार्य अब हिंदू समाज के निष्ठावान व दक्ष लोगों को सौंप देना चाहिए। इस बारे में हमने सर्वोच्च न्यायालय के वकीलों, उच्च न्यायालयों के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीशों, संतों तथा विहिप के कार्यकताओं को मिलाकर एक चिंतन टोली बनाई है, जिसने मंदिरों के प्रबंधन व उससे जुड़े किसी भी प्रकार के विवादों के निस्तारण हेतु अध्ययन कर एक प्रारूप तैयार किया है।

### कश्मीर में भीषण शीतलहर जारी

**श्रीनगर :** कश्मीर में भीषण शीतलहर की स्थिति बनी हुई है, क्योंकि न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से कई डिग्री नीचे चला गया है। शुक्रवार और शनिवार को ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी की संभावना है, क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ इस क्षेत्र को प्रभावित करने वाला है। कश्मीर में अधिकांश स्थानों पर रात के तापमान में गिरावट आई है। पारे में गिरावट के कारण पानी की आपूर्ति लाइनें जम गई हैं । डल झील सहित कई जल निकायों की सतह पर बर्फ की एक पतली परत जम गई है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि श्रीनगर में बुधवार रात को न्यूनतम तापमान शून्य से 7 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात के शून्य से 7.3 डिग्री सेल्सियस नीचे के तापमान से थोड़ा ऊपर है। उत्तरी कश्मीर में स्कीइंग गतिविधियों के लिए मशहूर पर्यटक रिसॉर्ट शहर गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान माइनस 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## बसपा ही एक ऐसी पार्टी जो गरीब कार्यकर्ताओं की कमाई पर निर्भर : मायावती




एजेंसी

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी ही एक ऐसी है जो आर्थिक मामले में गरीब कार्यकताओं के खून-पसीने की कमाई पर निर्भर है, जबकि अन्य दल बड़े पूंजीपतियों व धन्नासेठों के धनबल के सहारे राजनीतिक गतिविधियां चलाते हैं। यह वर्ष 2023-24 में विभिन्न दलों को मिले अकूत चंदे के आंकड़ों से भी साबित है। मायावती ने एक्स पोस्ट में कहा कि वर्ष 2023-24 में चंदा के मामले में भाजपा पहले, बीआरएस दूसरे और कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही। इन दलों को करोड़ों रुपयों का चंदा मिला, जबकि बसपा ही एक ऐसी पार्टी है जो अपने गरीब कार्यकताओं के खून-पसीने की कमाई पर निर्भर रहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के दोहरे चाल, चरित्र व चेहरे का भी पदार्फाश होता है कि वह पूंजीपतियों का विरोध करके संसद अवरोध करती है, किन्तु उन्हीं धन्नासेठों से धन लेकर पार्टी चलाती है और सरकार बनने पर उन्हें लाभ पहुंचाने का कार्य करती है। इसी प्रकार बाबा साहेब आंबेडकर के मामले में उनका एवं उनके अनुयाइयों की उपेक्षा व तिरस्कार करती है लेकिन उनके वोटकी खातिर किस्म-किस्म की छलावापूर्ण राजनीति भी करती है, जिससे लोगों को हमेशा ही सावधान रहने की जरूरत है।

# रिवर ऑफ लाइफ एजी चर्च ने मनायी क्रिसमस

एजेंसी



**सोदपुर :** रिवर ऑफ लाइफ एजी चर्च सोदपुर में इस साल की क्रिसमस सेवा बेहद उत्साह और भक्ति से भरी रही। गुरुवार की सुबह चर्च परिसर में सैकड़ों लोग एकत्र हुए, जहां विविध कार्यक्रमों ने इस पवित्र दिन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की शुरूआत मधुर आराधना गीतों से हुई, जिसमें चर्च के सदस्यों ने पूरे दिल से भाग लिया। इसके बाद, युवा समूह द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। चर्च के बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुति से क्रिसमस की कहानी को जीवंत कर दिया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जहां चर्च के पादरी ने समाज में शांति, प्रेम और सद्भावना के लिए प्रार्थना की। इसके बाद, एक प्रेरणादायक क्रिसमस संदेश दिया गया, जिसमें यीशु मसीह के बलिदान और उनके द्वारा सिखाए गए प्रेम और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम के अंत में, उपस्थित सभी लोगों के बीच क्रिसमस केक और कॉफी का वितरण किया गया, जिससे सभी में हर्षोल्लास का माहौल बन गया। चर्च केवल आध्यात्मिक सेवाओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि स्थानीय समुदायों में सामाजिक कार्यों के माध्यम से भी अपनी सेवा प्रदान कर रहा है। चर्च नियमित रूप से जरूरतमंदों को भोजन, वस्त्र और शिक्षा में मदद करता है। हर साल चर्च से ब्लड डोनेशन कैंप जो जूझ रही बच्चों के लिए खास आयोजित किया जाता है। इसके अलावा फ्री का अवसर भी स्थानीय लोगों को दिया जाता है। पादरी ने कहा, हमारा उद्देश्य न केवल ईश्वर की आराधना करना है, बल्कि उनके प्रेम को समाज के जरूरतमंद वर्गों तक पहुंचाना भी है। इस क्रिसमस पर, हम सभी को जरूरतमंदों की मदद करने का संकल्प लेना चाहिए। सोदपुर में रिवर ऑफ लाइफ एजी चर्च की यह क्रिसमस सेवा समाज में प्रेम, करुणा और भाईचारे का संदेश फैलाने में सफल रही।

# कैबिनेट ने पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी लिंक परियोजना की 16 परियोजनाओं को दी स्वीकृति


एजेंसी



भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी लिंक परियोजना के अंतर्गत प्रशासकीय स्वीकृति से शेष रही 16 परियोजनाओं के समूह को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। इनकी लागत 28 हजार 798 करोड़ और सैंच्य क्षेत्र 04 लाख 72 हजार 970 हेक्टेयर होगा। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि स्वीकृत परियोजना से मध्यप्रदेश में मालवा एवं चंबल क्षेत्र के 10 जिले गुना, शिवपुरी, मुरैना, उज्जैन, सीहोर, इंदौर, देवास आगर मालवा, शाजापुर एवं राजगढ़ के 1865 ग्रामों के 4 लाख 73 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में नवीन सिंचाई क्षमता निर्मित होगी। साथ ही चंबल दाईं मुख्य नहर प्रणाली के आधुनिकीकरण से भिंड, मुरैना एवं श्योपुर जिलों के 1205 ग्रामों में 3 लाख 62 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा सुनिश्चित होगी। मंत्री सिलावट ने बताया कि संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी लिंक परियोजना सह पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने के लिए सचिव भारत सरकार एवं दोनों राज्यों के अपर मुख्य सचिव के बीच मध्यप्रदेश और राजस्थान के मुख्यमंत्री की उपस्थिति में 28 जनवरी 2024 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह परियोजना केंद्र द्वारा वित्त पोषित है, जिसकी लागत का वहन 90% केंद्र और 10% राज्यों द्वारा किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने बताया कि प्रयोजन अंतर्गत मध्यप्रदेश की परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए कुल अनुमानित लागत 35 हजार करोड़ आकलित की गई है। परियोजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश में कुल 21 परियोजना प्रस्तावित थी, जिनमें से पाडोन-एक एवं पाडोन-दो सिंचाई परियोजना के कमांड क्षेत्र को इकजाई कर पाडोन वृहत सूक्ष्म सिंचाई परियोजना एवं पावा सिंचाई परियोजना तथा कटीला सिंचाई परियोजना के कमांड क्षेत्र को इकजाई कर कटीला पावा वृहत सूक्ष्म सिंचाई परियोजना, इस प्रकार 19 परियोजनाओं का कार्य सम्मिलित है। इनमें से 2 परियोजना उज्जैन जिले की चितावद वृहत सिंचाई परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति 2066.93 करोड़ रुपये 5 अक्टूबर 2023 को और सेवरखेड़ी, सिलारखेड़ी सिंचाई परियोजना के लिये 614.53 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी है। मंदसौर जिले की मल्हारगढ़ सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति प्रक्रियाधीन है। शेष 16 परियोजनाओं को मंत्रि-परिषद द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### बांग्लादेश सचिवालय की बिल्डिंग नंबर-7 में आग बुझाने के दौरान हादसा, कर्मचारी की मौत



**ढाका:** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आज तड़के बांग्लादेश सचिवालय की बिल्डिंग नंबर-7 में आग बुझाने के दौरान हुए हादसे में एक अग्निशमन कर्मचारी की जान चली गई है। इस बिल्डिंग में रात करीब 1:52 बजे आग लग गई थी। आग बुझाने में करीब लगभग छह घंटे का वक्त लगा। ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र ने अग्निशमन सेवा के अधिकारियों के हवाले से खबर दी कि अग्निशमन कर्मियों ने सुबह 8:05 बजे आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। सूचना मिलते ही अग्निशमन सेवा कर्मी दो मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों के अनुसार, जान गंवाने वाले अग्निशमन कर्मी का नाम मोहम्मद सोहनूर जमान नोयोन है। रंगपुर के मीठापुकुर उपजिला के रहने वाले नोयोन तेजगांव स्टेशन में पदस्थ थे। अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा महानिदेशक ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद जाहेद कमाल ने कहा कि मोहम्मद सोहनूर पानी के पंप की लाइनों को जोड़ने के लिए सड़क पार कर रहे थे। तभी उन्हें ट्रक ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल नोयोन को ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कमाल के अनुसार, बिल्डिंग की पांचवीं, छठी, सातवीं और आठवीं मंजिल को काफी नुकसान हुआ है। कर्मचारी अब हर कमरे में प्रवेश कर रहे हैं, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि आग के सभी अवशेष बुझ गए हैं। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### महाकुम्भ में पांच एकड़ में की जायेगी स्टेट पवेलियन की स्थापना

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा महाकुम्भ में लगभग 05 एकड़ में उत्तर प्रदेश स्टेट पवेलियन की स्थापना की जायेगी। पर्यटक यहां प्रदेश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों सहित अन्य आकर्षणों की झलक देख सकेंगे। हस्तशिल्प बाजार और सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित कई अन्य आयोजन भी होंगे। पवेलियन में लोकप्रिय एवं प्रसिद्ध हस्तशिल्प बाजार सजाई जायेगी। इसके अलावा धार्मिक स्थलों की झांकी भी प्रस्तुत की जायेगी। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रत्येक क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की अपनी विशिष्टता है। धार्मिक-आध्यात्मिक, प्राकृतिक पर्यटन स्थलों के साथ-साथ यहां के व्यंजन, हस्तशिल्प, गीत और नृत्य पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। महाकुम्भ में लगभग 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की सम्भावना है। इन्हें प्रदेश की प्रसिद्ध विरासत से परिचित कराने का प्रयास किया जा रहा है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि महाकुम्भ क्षेत्र सेक्टर 7 नागवासुकी मंदिर के समीप लगभग पांच एकड़ क्षेत्र में उत्तर प्रदेश स्टेट पवेलियन का निर्माण हो रहा है। उत्तर प्रदेश के 12 प्रमुख सर्किटों-रामायण सर्किट, कृष्ण ब्रज सर्किट, बुद्धिस्ट सर्किट, महाभारत सर्किट, शक्तिपीठ सर्किट, आध्यात्मिक सर्किट, सूफी-कबीर सर्किट, जैन सर्किट, बुंदेलखंड सर्किट, वाइल्ड लाइफ एवं ईको सर्किट, क्राफ्ट सर्किट, स्वतंत्रता संग्राम सर्किट के महत्वपूर्ण स्थलों को दशार्या जाएगा। साथ ही, 15,000 स्क्वायर फीट के वृहद मानचित्र पर थ्री-डी तकनीक के माध्यम से अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज, कुशीनगर, सारनाथ, नैमिषारण्य सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों को दशार्या जाएगा। इन स्थलों के महात्म्य के बारे में बताया जाएगा।

### मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कई प्रतिनिधिमंडलों से की मुलाकात

**श्रीनगर:** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कई प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की और समाज के विभिन्न क्षेत्रों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने यहां राबिता कार्यालय में अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान यह बात कही जहां कश्मीर के विभिन्न हिस्सों से कई प्रतिनिधिमंडलों और व्यक्तियों ने अपनी चिंताओं और मांगों को प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने शिक्षा, कारीगर, श्रम और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ बातचीत की जिन्होंने तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता वाले मुद्दों को सामने रखा। प्रतिनिधिमंडलों में से जम्मू और कश्मीर कॉलेज शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री से जम्मू और कश्मीर में कॉलेज शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने की मांग पर विचार करने का आग्रह किया। कश्मीरी शॉल निमार्ता कल्याण फाउंडेशन, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के कारीगर शामिल हैं ने पारंपरिक शॉल बनाने के व्यापार के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला और उनकी आजीविका की रक्षा में सरकार से समर्थन मांगा। इसी तरह हॉट मिक्स प्लांट मालिकों के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को अपने उद्योग के सामने आने वाली समस्याओं से अवगत कराया और समय पर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। जम्मू-कश्मीर कैजुअल लेबरर्स यूनाइटेड फ्रंट ने अपने प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में कैजुअल लेबर के कल्याण के बारे में चिंता जताई जबकि फिजियोथेरेपिस्टों के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम को क्षेत्र-विशिष्ट चुनौतियों के बारे में जानकारी दी जिनका समाधान करने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य कर्मचारी कल्याण संघ के प्रतिनिधियों ने अपने अध्यक्ष के नेतृत्व में स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को प्रस्तुत किया और कर्मचारी संयुक्त कार्रवाई समिति ने कर्मचारियों के कल्याण को व्यापक रूप से संबोधित करने की आवश्यकता पर बल दिया। गांदरबल और दक्षिण कश्मीर के सौभाग्य ठेकेदारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सौभाग्य योजना के तहत परियोजनाओं के निष्पादन में परिचालन बाधाओं को दूर करने के लिए सरकारी सहायता मांगी।

### हिमाचल में तीन गुणा बढ़ा दुग्ध उत्पादकों का मासिक भुगतान

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश में दूध की खरीद मूल्य में वृद्धि के साथ सरकार द्वारा दूध की खरीद में भी लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मिल्कफेड अब प्रतिदिन दो लाख लीटर दूध की खरीद कर रहा है और दूध उत्पादकों के मासिक भुगतान को 8.70 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 25.62 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जिससे दूध उत्पादकों को प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने दूध आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। प्रदेश सरकार गाय का दूध 45 रुपये प्रति लीटर और भैंस का दूध 55 रुपये प्रति लीटर खरीद रही है। हिमाचल की 90 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। प्रदेश सरकार गांवों के लोगों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पैसा सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाना सुनिश्चित कर रही है ताकि वह आर्थिक रूप से मजबूत हों। सरकार भविष्य में भी इस दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेती रहेगी। उन्होंने कहा कि दूध की खरीद में पारदर्शिता लाने की दृष्टि से मिल्कफेड के माध्यम से राज्य भर में 455 स्वचालित दूध संग्रहण केंद्र स्थापित किए गए हैं। मिल्कफेड ने राज्य के दुर्गम क्षेत्रों से किसानों के घर-द्वार से सीधे दूध एकत्रित कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। इसके अतिरिक्त मिल्कफेड किसानों को पांच लीटर क्षमता वाले डिब्बे भी उपलब्ध करवा रहा है।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के किसानों की आय में बढ़ोतरी करने के उद्देश्य से मिल्कफेड ने 11 जिलों में डेयरी विकास कार्यक्रम भी क्रियान्वित किए हैं, जिसके तहत 1148 ग्रामीण डेयरी सहकारी समितियां बनाई गई हैं तथा इसके अंतर्गत 47,905 सदस्यों को पंजीकृत किया गया है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9386895799, 9507466535, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902